भाद्रपद शुक्ल पक्ष त्रयोदशी 03:10 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2081
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
सोमवार, 16 सितंबर 2024
वर्ष 3, अंक 27, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



रोहिंग्याओं की घुसपैठ बड़ा खतराः मोदी 14
चोटिल बटलर की जगह ब्रूक बने इंग्लैंड के कप्तान 13

## सीबीआई तीन दिन करेगी घोष और मंडल से पूछताछ

- कोर्ट ने दोनों को सीबीआई की हिरासत में दिया
- महिला डॉक्टर से दुष्कर्म-हत्या का मामला

**कोलकाता, एजेंसी**

आरजी कर अस्पताल के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष और ताला थाना प्रभारी अभिजीत मंडल को कोलकाता की एक अदालत ने रविवार को 17 सितंबर तक सीबीआई की हिरासत में भेज दिया। दोनों को इस सरकारी अस्पताल में एक महिला चिकित्सक के साथ बलात्कार और हत्या के सिलसिले में केंद्रीय एजेंसी ने अदालत में पेश किया। सीबीआई को 17 सितंबर तक तीन दिन के लिए उनकी हिरासत मिली है। अब दोनों से एक साथ पूछताछ की जाएगी। दोनों ने आरजी कर मामले में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मामले की जांच कर रही सीबीआई ने शनिवार शाम मंडल को गिरफ्तार किया था और घोष के खिलाफ सबूतों से छेड़छाड़ का आरोप भी जोड़ा था। घोष फिलहाल आरजी कर अस्पताल से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में न्यायिक हिरासत में हैं।

अधिकारी के अनुसार, मंडल पर सबूतों से छेड़छाड़, प्राथमिकी दर्ज करने में देरी और अन्य संबंधित अपराध करने के भी आरोप हैं।

## कई जिले बाढ़ की चपेट में, राप्ती और सरयू नदियां उफान पर

### नेपाल के कुसुम बैराज से पानी छोड़ने से राप्ती का जलस्तर खतरे के निशान के पार

- बाराबंकी में सरयू का जलस्तर भी खतरे की ओर, यहां बांध में रिसाव की आशंका
- बहराइच, गोंडा, श्रावस्ती, बाराबंकी समेत 11 जिले बाढ़ से प्रभावित, 18 लोगों की मौत

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार** : प्रदेश के 11 जिले बाढ़ की चपेट में हैं। नेपाल की पहाड़ियों पर हुई मूसलाधार बरसात का प्रभाव बहराइच, गोंडा, श्रावस्ती, अयोध्या और बाराबंकी आदि जिलों पर पड़ रहा है। इस बारिश के कारण कुसुम बैराज से राप्ती नदी में पानी छोड़ा जा रहा है। इससे राप्ती का जलस्तर रविवार को खतरे का निशान पार कर गया। सरयू नदी का भी जलस्तर खतरे के निशान की ओर है। बहराइच जिले में बांध में रिसाव की आशंका के बाद सरकारी तंत्र सक्रिय हो गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाढ़ को लेकर रविवार को बहराइच में जनप्रतिनिधियों संग बैठक भी की। वहीं, अयोध्या के पूराबाजार में 15 तो रुदौली के 12 गांवों के परिवार बाढ़ की चपेट में आ गए। इसके बाद उन्हें पलायन करना पड़ रहा है।

नेपाल के बैराजों से लगभग आठ लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया है, इसके बाद बाराबंकी में सरयू नदी उफनाकर गांवों बर्बादी का कारण बन गई। केदारीपुर गांव नदी में बह गया है तो 78 गांव वाला बेलहरी गांव भी नदी में समा रहा है। बाढ़ प्रभावित गांवों के लोग सुरक्षित स्थान पर जा रहे हैं। बहराइच में महसी, नानपारा और मिहीपुरवा तहसील क्षेत्र के गांवों में पानी भरा हुआ है। सरयू की बाढ़ से लगभग 35 गांव पानी से घिरे हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार, तीन तहसीलों नानपारा, महसी और कैसरगंज की लगभग दो लाख आबादी बाढ़ के समय इसी तटबंध के समय सुकून की नींद सोती हैं। लेकिन रविवार की सुबह बांध से गुजर रहे ग्रामीणों ने महसी क्षेत्र में तटबंध पर बेहटा और बिसवा के पास हल्का रिसाव होता देखा। जिससे ग्रामीणों में दहशत फैल गई, तत्काल इसकी सूचना जिला प्रशासन और ड्रेनेज खंड को दी गई। जिस पर सरयू ड्रेनेज खंड के अभियंता मौके पर पहुंचे। रिसाव को मोरंग, गिट्टी, मसाला आदि से बंद करवा दिया गया है।

### मृतकों के परिजनों को दी सहायता राशि

बाढ़ प्रभावित 11 जिलों में अब तक 18 लोगों की मौत हो चुकी है। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से एक्स पर जारी पोस्ट के अनुसार, मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये राहत राशि प्रदान की गई है। अब तक 30 पशुओं की हानि को लेकर प्रभावित लोगों को राहत राशि प्रदान की गई है। 3,056 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। इस संबंध में राहत सहायता वितरित की गई है। मुख्यमंत्री ने बाढ़ क्षेत्रों में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पीएसी टीमें तैनात करने के निर्देश दिए हैं।

### पीलीभीत में सामान्य, लखीमपुर-शाहजहांपुर में अलर्ट

पीलीभीत में हालात सामान्य होते दिखे। पूरनपुर व कलीनगर तहसील में शारदा नदी किनारे बसे गांवों में जलभराव कुछ कम हुआ है। शहर समेत देवहा नदी के किनारे बसे गांवों में स्थिति सामान्य हो गई है। लखीमपुर खीरी में बनबसा बैराज से पानी छोड़े जाने से शारदा, मोहाना और सुहेली नदी उफान पर हैं। डेढ़ सौ से अधिक गांव बाढ़ की चपेट में हैं। भारत-नेपाल सीमा पर बह रही मोहाना नदी पर कोतवाली तिकुनियां क्षेत्र के गांव इंदरनगर के निकट बना तटबंध पानी के दबाव के चलते टूट गया है। भीरा से पहले साईं मंदिर के पास रेलवे पटरी पर खतरा मंडराने लगा है। शाहजहांपुर में अलर्ट जारी किया गया है। बदायूं में उसहैत क्षेत्र के नौ गांव और सहसवान के छह गांव टापू बन गए हैं। नरौरा से पानी छोड़े जाने से कछला में गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से 52 सेमी ऊपर पहुंच गया है।

## एक नजर

### चार घंटे तक इंडिगो के विमान में फंसे रहे यात्री

**मुंबई।** मुंबई से दोहा जाने वाली इंडिगो की एक उड़ान के यात्रियों को रविवार को विमान के अंदर चार घंटे से अधिक समय तक इंतजार करना पड़ा क्योंकि तकनीकी समस्या के कारण उड़ान में देरी हुई। कुछ यात्रियों ने सोशल मीडिया पर शिकायत की कि उन्हें उड़ान में देरी के कारण काफी देर तक विमान में ही इंतजार करना पड़ा।

### केरल में निपाह वायरस संक्रमण से एक की मौत

**मलप्पुरम।** केरल के मलप्पुरम जिले के एक निजी अस्पताल में हाल में 24 वर्षीय व्यक्ति की निपाह वायरस संक्रमण से मौत हो गई। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने रविवार को कहा कि क्षेत्रीय चिकित्सा अधिकारी द्वारा मौत के कारणों की जांच करने पर निपाह संक्रमण का संदेह हुआ।

### तीन वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी निलंबित

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश सरकार ने रविवार को अलग-अलग आदेश जारी कर तीन वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों को निलंबित कर दिया, जिनमें डीजी रैंक के भी एक अधिकारी शामिल हैं। इन अधिकारियों पर मुंबई की एक अभिनेत्री को उसके खिलाफ दर्ज मामले में उचित जांच के बिना गिरफ्तार करने और परेशान करने में संलिप्तता का आरोप है।

# केजरीवाल ने किया इस्तीफे का एलान, दो दिन बाद छोड़ेंगे पद

### जनता से ईमानदारी का प्रमाणपत्र मिलने तक मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कहा कि वह दो दिन बाद अपने पद से इस्तीफा दे देंगे और दिल्ली में समय पूर्व चुनाव कराने की मांग करेंगे। केजरीवाल ने कहा कि जब तक लोग उन्हें ईमानदारी का प्रमाणपत्र नहीं दे देते, तब तक वह मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठेंगे। भाजपा ने केजरीवाल पर पलटवार करते हुए उनके इस कदम को चर्चा में रहने का हथकंडा और नाटक करार दिया।

आबकारी नीति से जुड़े कथित भ्रष्टाचार मामले में शुक्रवार को तिहाड़ जेल से जमानत पर रिहा हुए केजरीवाल ने कहा कि अगले कुछ दिन में आम आदमी पार्टी (आप) के विधायकों की बैठक होगी और पार्टी के एक नेता को मुख्यमंत्री चुना जाएगा। कार्यकर्ताओं को संबोधित करने के लिए पत्नी सुनीता के साथ पार्टी मुख्यालय पहुंचे केजरीवाल ने कहा कि वह मुख्यमंत्री और मनीष सिसोदिया उपमुख्यमंत्री तभी बनेंगे जब लोग कहेंगे कि हम ईमानदार हैं। सिसोदिया को आबकारी नीति मामले में पिछले महीने जमानत मिली थी।



- कहा कि दिल्ली में फरवरी की जगह महाराष्ट्र के साथ नवंबर में कराया जाए चुनाव

केजरीवाल की अप्रत्याशित घोषणा के बाद, उनकी जगह लेने वाले संभावित व्यक्तियों में उनकी पत्नी सुनीता और दिल्ली के मंत्रियों आतिशी व गोपाल राय के नाम चर्चा में हैं। केजरीवाल ने कहा कि मैं दो दिन बाद इस्तीफा दे दूंगा और लोगों से पूछूंगा कि क्या मैं ईमानदार हूं? जब तक वे जवाब नहीं देते, मैं मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठूंगा।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में फरवरी में चुनाव होने हैं, लेकिन मेरी मांग है कि राष्ट्रीय राजधानी में चुनाव महाराष्ट्र के साथ नवंबर में कराए जाएं... मैं मुख्यमंत्री की कुर्सी पर तभी बैठूंगा, जब लोग मुझे ईमानदारी का प्रमाणपत्र देंगे। मैं जेल से बाहर आने के बाद अग्निपरीक्षा देना चाहता हूं। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि भाजपा ने उन्हें भ्रष्ट साबित करने की कोशिश की है। उन्होंने दावा किया कि भगवा पार्टी लोगों को अच्छे स्कूल और मुफ्त बिजली मुहैया नहीं करा सकी क्योंकि वे भ्रष्ट हैं। उन्होंने कहा कि हम ईमानदार हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि वे गैर-भाजपा मुख्यमंत्रियों के खिलाफ झूठे मामले दर्ज करते हैं।

### चर्चा में बने रहने का हथकंडा और नाटक : भाजपा

केजरीवाल के इस्तीफे की घोषणा को लेकर उनकी आलोचना करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि आप के राष्ट्रीय संयोजक की घोषणा उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल को मुख्यमंत्री बनाने की योजना का एक हिस्सा है... अरविंद केजरीवाल ने आपदा में अवसर तलाशने में पीएचडी की है। पूनावाला ने केजरीवाल के इस कदम को पीआर एक्सरसाइज (चर्चा में रहने का हथकंडा) और ड्रामा (नाटक) करार दिया। उन्होंने कहा कि वह इस्तीफे का नाटक इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि अदालत ने उन्हें (आबकारी नीति घोटाला) मामले में बरी नहीं किया, बल्कि उन्हें सशर्त जमानत दी है, जिससे वह मुख्यमंत्री से नाममात्र के मंत्री बन गए हैं।

## जल्द होगी जनगणना जाति जनगणना पर अभी फैसला नहीं

### सरकार ने शुरू की तैयारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने दशकीय जनगणना कराने की तैयारी शुरू कर दी है, लेकिन इस प्रक्रिया में जाति संबंधी 'कॉलम' शामिल करने पर अभी निर्णय नहीं लिया गया है। एक सूत्र ने नाम सार्वजनिक नहीं करने की शर्त पर बताया कि दशकीय जनगणना जल्द ही कराई जाएगी। भारत में 1881 से हर 10 वर्ष में जनगणना की जाती है। इस दशक की जनगणना का पहला चरण 1 अप्रैल, 2020 को शुरू होने की उम्मीद थी, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण इसे स्थगित करना पड़ा।

पिछले वर्ष संसद द्वारा पारित महिला आरक्षण अधिनियम का कार्यान्वयन भी दशकीय जनगणना से जुड़ा हुआ है। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटें आरक्षित करने संबंधी कानून इस अधिनियम के लागू होने के बाद होने वाली पहली जनगणना के प्रासंगिक आंकड़ों के आधार पर परिसीमन की प्रक्रिया शुरू होने के बाद लागू होगा।

## मौजूदा कार्यकाल में ही लागू होगा एक देश-एक चुनाव

- सभी दलों का समर्थन मिलने का मोदी सरकार को भरोसा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भाजपा के नेतृत्व वाली मौजूदा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार वर्तमान कार्यकाल में ही एक देश, एक चुनाव को लागू करेगी और उसे भरोसा है कि इस सुधार को सभी दलों का समर्थन मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली राजग सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने पर सूत्रों ने बताया कि सत्तारूढ़ गठबंधन के भीतर एकजुटता शेष कार्यकाल में भी बनी रहेगी। एक सूत्र ने बताया कि निश्चित रूप से, इसे इसी कार्यकाल में क्रियान्वित किया जाएगा। यह एक वास्तविकता होगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले महीने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से किए गए अपने संबोधन में एक देश, एक चुनाव की जोरदार वकालत की थी और कहा था कि बार-बार चुनाव होने से देश की प्रगति में बाधा उत्पन्न हो रही है। मोदी ने कहा था कि राष्ट्र को एक देश, एक चुनाव के लिए आगे आना होगा। प्रधानमंत्री ने राजनीतिक दलों से लाल किले से और राष्ट्रीय तिरंगे को साक्षी मानकर राष्ट्र की प्रगति सुनिश्चित करने का आग्रह किया था। हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा द्वारा जारी चुनाव घोषणापत्र में उसने एक देश, एक चुनाव को प्रमुख वादों के रूप में शामिल किया था।

### कोविंद समिति ने की है सिफारिश

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित एक उच्च स्तरीय समिति ने इस साल मार्च में पहले कदम के रूप में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने की सिफारिश की। समिति ने लोकसभा और विधानसभा चुनाव के 100 दिनों के भीतर स्थानीय निकाय चुनाव कराए जाने की भी सिफारिश की। कोविंद समिति ने एक साथ चुनाव कराने के लिए कोई समय सीमा तय नहीं की।

## भेड़िया हमला करे तो मार दो गोली

- मुख्यमंत्री ने बहराइच में प्रभावित परिवारों से की मुलाकात, घायलों का जाना हाल
- वन विभाग की 25 टीमें तैनात, 4 थर्मल ड्रोन से भी रखी जा रही भेड़िये पर नजर

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ/बहराइच**

**अमृत विचार** : रविवार को बहराइच दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां हवाई सर्वेक्षण किया। फिर भेड़ियों के हमले में मारे गए लोगों के परिवार से मुलाकात की, घायलों का हाल जाना। कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता भेड़िए को रेस्क्यू करने की है। यदि उसकी हिंसक गतिविधियां बढ़ीं या उसने जनहानि का प्रयास किया तो उसे शूट करने के भी आदेश दिए गए हैं। लेकिन यह अंतिम विकल्प होगा।



महसी तहसील में पीड़ित परिवार को राहत सामग्री देते योगी।

भेड़िये के हमले से पीड़ित परिवार से मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने सहायता राशि, घायलों को लगाए जाने वाले इंजेक्शन, पीड़ित परिवारों के स्वास्थ्य और बच्चों की पढ़ाई की भी जानकारी ली। बाद में स्थानीय मीडिया से कहा कि आमजन की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है, जब तक क्षेत्र खतरे से मुक्त नहीं हो जाता, आखिरी भेड़िया पकड़ा न जाए वन विभाग, प्रशासन-पुलिस की टीमें तैनात रहें। योगी के मुताबिक, सरकार ने मानव-वन्य जीव संघर्ष को आपदा की श्रेणी में रखा है। जनहानि पर पीड़ित परिवार को तत्काल पांच लाख रुपये की सहायता दी जाती है। कहा कि सुरक्षा के लिए यहां वन विभाग की 165 लोगों की 25 टीम तैनात है। 4 थर्मल ड्रोन लगाए गए हैं।

## पैर छूने से इनकार पर युवक को मारी गोली, हालत गंभीर

**रौसर कोठी (शाहजहांपुर), अमृत विचार :** पैर छूने से मना करने पर दबंगों ने युवक को तमंचे से गोली मारी दी। गंभीर रूप से घायल युवक को मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां से बरेली रेफर कर दिया गया। पुलिस ने उसकी बहन की तहरीर पर चार नामजद और चार अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। रामचंद्र मिशन क्षेत्र के गांव रौसर कोठी निवासी देव सक्सेना शनिवार रात करीब 10:30 बजे अपने साथी नकुल, सुमित,अभय, कुनाल के साथ ग्रीन सीटी निकट हरदोई बाईपास पर बातचीत कर रहे थे। उसी दौरान गांव का ही निशांत वर्मा अपने साथियों हिमांशु शर्मा, सौरभ कश्यप, दानियाल एवं चार अन्य युवकों के साथ आ गया। आरोप है कि निशांत ने देव से उसके पैर छूने को कहा किंतु देव ने मना कर दिया, जिससे गुस्साए निशांत ने देव को मारापीटा और तमंचे से गोली मार दी, जो देव के जांघ में लगी। साथियों ने देव के परिजनों को जानकारी दी और उसे लेकर थाना रामचंद्र मिशन पहुंचे। इसके बाद परिजन उसे लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बरेली रेफर कर दिया गया।

## प्रधानमंत्री ने छह नई वंदे भारत को दिखाई हरी झंडी

- बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी उद्घाटन पर रहे मौजूद

**पटना, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को झारखंड के रांची हवाईअड्डा से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से छह वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की शुरुआत की। इस दौरान बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी मौजूद हुए। प्रधानमंत्री मोदी ने नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इनमें भागलपुर-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस, गया-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस, टाटानगर-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस, देवघर-वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस, ब्रह्मपुर-टाटानगर वंदे भारत एक्सप्रेस एवं राउरकेला-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन शामिल हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम से जुड़े लोगों को संबोधित किया।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने 650 करोड़ रुपये से अधिक की रेल परियोजनाओं का शिलान्यास/राष्ट्र को समर्पित किया। इसके तहत मधुपुर बाइपास रेल लाइन, चार रेल अंडर ब्रिज, कुरकुरा-कानारोवां डबलिंग एवं हजारीबाग टाउन कोचिंग डिपो जैसी रेल परियोजनाएं शामिल हैं।

## मेरठ में मकान गिरने की घटना में 10 हुई मृतकों की संख्या

**मेरठ, एजेंसी।** मेरठ की जाकिर कॉलोनी में तीन मंजिला मकान गिरने की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है। मेरठ के जिलाधिकारी (डीएम) दीपक मीणा ने बताया कि शवों के पोस्टमार्टम की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि पीड़ित परिवार को प्रति मृतक चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता और मकान पूर्णतः क्षतिग्रस्त होने के कारण 1.20 लाख रुपये दिए जाने की कार्रवाई भी की जा रही है। सपा और कांग्रेस ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की है। मेरठ जिला प्रशासन ने बताया कि लोहिया नगर थाना क्षेत्र के जाकिर कॉलोनी में तीन मंजिला मकान गिरने से 10 लोगों की मौत हो गई और पांच घायल हुए हैं। प्रशासन ने मृतकों के नामों की एक नई सूची जारी करते हुए बताया कि घटना में मारे गए व्यक्तियों में नफो उर्फ नफीसा (65), पुत्र साजिद (40),साईमा (35), सानिया (15), शाकिब (12), फरहाना (27), अलीसा (25),रिया (10),हिमसा (छह माह) और सैफियान (सात) शामिल है।

## छत्तीसगढ़ में जादू-टोने के शक में पांच लोगों की हत्या

- पुलिस ने गांव के ही पांच लोगों को हिरासत में लिया

**सुकमा, एजेंसी**

छत्तीसगढ़ के आदिवासी बहुल सुकमा जिले के एक गांव में रविवार को जादू-टोना करने के संदेह में दो दंपतियों और एक महिला की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई।

पुलिस ने बताया कि हत्या के सिलसिले में एक ही गांव के पांच लोगों को हिरासत में लिया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। एक पुलिस अधिकारी ने यहां बताया कि यह घटना कोंटा थाना क्षेत्र के एकतल गांव में हुई और पीड़ितों की पहचान मौसम कन्ना (34), उसकी पत्नी मौसम बिरी, मौसम बुच्चा (34), उसकी पत्नी मौसम आरजू (32) और एक अन्य महिला करका लच्छी (43) के रूप में हुई है। मामले में सवलम राजेश (21), सवलम हिड़मा, करम सत्यम (35), कुंजम मुकेश (28) और पोडियाम एंका को हिरासत में लिया गया है। घटना की जांच की जा रही है। इसी तरह का एक मामला बलौदाबाजार-भाटपारा जिले में गुरुवार को सामने आया था जिसमें जादू-टोने के शक में 11 माह के शिशु समेत एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या कर दी गई थी।

## कठुआ में पुलिस दल पर फायरिंग, सुरक्षा बलों ने संभाला मोर्चा

**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के एक वन क्षेत्र में रविवार को आतंकवादियों और पुलिस के बीच ताजा मुठभेड़ शुरू हो गई, जबकि पुंछ जिले में गत रात से चल रही मुठभेड़ समाप्त हो गई, जिसमें एक आतंकवादी के घायल होने की आशंका है। रविवार दोपहर कठुआ जिले के बानी इलाके के नुकनाली नाला में पुलिस के तलाशी दल पर आतंकवादियों ने गोलीबारी की। पुलिस दल ने भी जवाबी गोलीबारी की, अभी मुठभेड़ जारी है। आतंकवादियों की घेराबंदी में मदद के लिए अतिरिक्त बल भेजा गया है।

## शताब्दी तक हर बस्ती में होगी संघ की एक शाखा : भागवत

### संघ प्रमुख ने स्वयंसेवकों से कहा हिंदू समाज को करें संगठित

**अलवर, एजेंसी**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सर संघचालक मोहन भागवत ने स्वयंसेवकों का आह्वान किया है कि हमें सम्पूर्ण हिंदू समाज को संगठित करना हैं। अपने पवित्र हिंदू धर्म, हिंदू संस्कृति और हिंदू समाज का संरक्षण, हिंदू राष्ट्र की सर्वांगीण उन्नति करनी है। शताब्दी तक हर बस्ती में एक शाखा लगे इसके लिए हम अपने कार्य का विस्तार करेंगे। भागवत ने रविवार को राजस्थान के अलवर के इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित एकत्रीकरण समारोह में स्वयंसेवकों को संबोधित कर रहे थे।



संघ प्रमुख भागवत ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के साथ पौधारोपण अभियान में भाग लिया।

संघ प्रमुख ने कहा कि हमारा धर्म जिसे हम हिंदू धर्म कहते हैं, वास्तव में मानव धर्म है, विश्व धर्म है। यह सबके कल्याण की कामना लेकर चलता है। हालांकि हमने विदेशी आक्रांताओं मुगल और अंग्रेजों के आक्रमणों का हर बार प्रतिकार किया है। इस राष्ट्र में कुछ गड़बड़ होता है तो हिंदू समाज पर आता है क्योंकि वही इस देश का कर्ताधर्ता पालनहार है। भागवत ने कहा कि हिंदू मतलब विश्व का सबसे उदारतम मानव,जो सब कुछ स्वीकार करता है, सबके प्रति सद्भावना रखता है। पराक्रमी पूर्वजों का वंशज है। जो विद्या का उपयोग विवाद पैदा करने के लिए नहीं, ज्ञान देने के लिए करता है। उन्होंने कहा कि हिंदू पूजा किसी की भी करते हों, भाषा कोई भी बोलते हों, किसी भी जात-पात में जन्म हों, किसी भी प्रांत के निवासी हों और कोई भी खानपान रीति रिवाज को मानते हों। ये मूल्य जिनके हैं, यह संस्कृति जिनकी है, वे सब हिंदू हैं।

### दूसरे को न दें दोष, अपनी कमियां दूर करें

भागवत ने कहा कि अपनी स्थिति के लिए दूसरे को दोष देने की अपेक्षा हमें अपनी कुछ कमियों को ठीक करना है। पहले संघ को कोई जानता नहीं था। अब अब सब जानते हैं। पहले कोई मानता नहीं था, संघ को अब सब लोग मानते हैं। जो हमारा विरोध करने वाले लोग हैं वे भी हमारा होठों से तो विरोध करते हैं, लेकिन मन से तो मानते ही हैं। इसलिए अब हम एक काम कर सकते हैं। अपने पवित्र हिंदू धर्म, हिंदू संस्कृति और हिंदू समाज का संरक्षण, हिंदू राष्ट्र की सर्वांगीण उन्नति हमको करनी है। शताब्दी तक हर बस्ती में एक शाखा लगे इसके लिए अपने कार्य का विस्तार करेंगे। उन्होंने पांच मुद्दों का जिक्र करते हुए कहा कि इन्हें समाज में लागू करना है तो पहले अपने जीवन में लागू करें।



पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर जगमगा रहा घंटाघर। अमृत विचार



रिजवी रोड पर भी शानदार सजावट की गई है। अमृत विचार

# जुलूस-ए-मोहम्मदी आज, सियासी नारों पर प्रतिबंध

○ पैगंबर मोहम्मद साहब के यौमे विलादत पर जगह-जगह जलसे और इबादत ○ जश्न में डूबा शहर, दरुद-ओ-सलाम की बारिश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर सोमवार को परेड ग्राउंड से जुलूस-ए-मोहम्मदी उठेगा। जमीअत उलमा की अगुवाई में निकलने वाले इस जुलूस को एशिया का सबसे बड़ा जुलूस माना जाता है। बाबूपुरवा, बेगमपुरवा, जाजमऊ, जूही लाल कालोनी, मछरिया, रोशन नगर समेत अन्य इलाकों में भी जुलूस निकलेंगे।

जुलूस-ए-मोहम्मदी की कयादत जमीअत उलमा के महामंत्री मौलाना अमीनुल हक अब्दुल्लाह कासमी, डॉ. मुबारक अली, डा. हलीमुल्लाह खां, मौलाना अनीसुर्रहमान कासमी, कारी अब्दुल मुईद चौधरी, मौलाना अनसार अहमद जामई, मुफ्ती इजहार मुकर्रम कासमी, मौलाना मुहम्मद तारिक कासमी करेंगे। मौलाना अमीनुल हक अब्दुल्लाह कासमी ने कहा है कि जुलूस में सियासी नारों और बैनर पर रोक है। ऐसा कोई नारा नहीं लगाएं जिससे किसी की भी भावनाएं आहत हों। इसी तरह शारदा नगर से उठने वाले जुलूस की अगुवाई शहरकाजी मौलाना मुश्ताक मुशाहिदी, हाजी मोहम्मद सलीस, डॉ. निसार अहमद सिद्दीकी करेंगे।

### इन हिदायत का पालन करें

○ जुलूस में सफेद कपड़े पहनकर आएं ○ दरुद-ओ-सलाम का नजराना पेश करें ○ सिर पर टोपी, कपड़ों में खुशबू लगाएं।○ लंगर फेंककर नहीं, लोगों के हाथ में दें।○ अंजुमन आगे निकलने की कोशिश न करें

### गरीबों और बेवाओं को सिलाई मशीन बांटी

○ रजबी रोड पर गरीबों और विधवाओं को रोजी-रोटी से जोड़ने के लिए सिलाई मशीन का वितरण मुख्य अतिथि एसीपी महेश कुमार ने किया। नूर आलम अज्जू पार्षद अब्दुल हनीफ (अफजल) फिरदौस अजहर (लालू) अंजुम जिया, चांद बाबा, निजाम कुरैशी मौजूद रहे।

### रूमी गेट और ख्वाब महल देखने उमड़ी भीड़

**कानपुर।** पैगंबर मोहम्मद साहब के यौमे विलादत (जन्मदिन) पर दुल्हन जैसा सजा शहर जश्न में डूब गया। हर तरफ बस यही आवाज गूंजती रही सरकार की आमद मरहबा। बाकरगंज मेनरोड पर रुमी गेट और हवामहल और वीर अब्दुल हमीद पार्क में ख्वाबों का महल बनाया गया। इजहारुल अंसारी पूर्व पार्षद, परवेज सिद्दीकी, ग्यास अंसारी, मो. अशफाक, ऐहतेशाम सिद्दीकी, जावेद अहमद, अनीस खान, खुर्शीद सिद्दीकी, हसीन मंसूरी, हाफिज शकील, मो. अलीम मौजूद रहे। जूही लाल कालोनी में राजस्थानी महल बनाने में इम्तियाज अहमद, जाकिर खान, नगगन,नासिर हुसैन, इरफान सन्नू, सोनू सिद्दीकी रहे। चमनगंज, हलीम कालेज चौराहा, मोहम्मद अली पार्क, सईदाबाद, हलीम प्राइमरी रोड, तलाक महल, बेकनगंज, रजबी रोड, दादा मियां चौराहा, रोशन नगर को रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया।



जुलूस के लिए झंडे बिके।



रोशन नगर में जलसे को खिताब करते मौलाना। अमृत विचार

## कयामत तक कोई नबी नहीं आएगा

**कानपुरः** पैगम्बर-ए-इस्लाम अल्लाह के आखिरी नबी और रसूल हैं आपकी विलादत के बाद अम्बिया अलैहिस्सलाम की आमद का सिलसिला खत्म हो गया। यह बात रविवार को बासमंडी चौराहे पर जलसे को खिताब करते हुए मौलाना अब्दुर्रहीम बहराइची ने कही। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अल्लाह ने अपने महबूब को इस दुनिया मे भेजकर ये ऐलान कर दिया कि कयामत तक किसी भी जमाने में अब कोई नबी नहीं आएगा।

वहीं दूसरी ओर तंजीम बरेलवी उलमा-ए-अहले सुन्नत के अध्यक्ष हाफिज मोहम्मद फैसल अजहरी ने कर्नलगंज में जलसे को खिताब किया।

मौलाना नियाज उल्लाह मिस्बाही, कारी शमशाद रजा ने कुरआन की तिलावत की। संचालन मौलाना दानिश रजा ने किया।

हाफिज़ आमिर अजहरी, हाफिज लारैब रजा ने नात पेश की। अंजुमन गुलशन-ए-बरकात युवा कमेटी ने सैय्यद नगर नूरी मस्जिद के पास ईद मीलादुन्नबी का आयोजन किया।

इस मौके पर हाफिज व कारी मोहम्मद शबनूर रजा कादरी, मौलाना सैय्यद जकरिया अशरफी, डॉ. निसार अहमद सिद्दीकी, हाफिज शहादत हुसैन बरकाती, शोएब रजा वारसी, शाहबान रजा वारसी, मौलाना मजहरुल इस्लाम, हाफिज फुरकान रज़ा, मोहम्मद आसिफ उर्फ सन्टू भाई मौजूद रहे।

## बारावफात को लेकर आज शहर में रहेगा डायवर्जन

कानपुर। बारावफात को लेकर यातायात पुलिस ने शहर में सोमवार को डायवर्जन लागू किया है। डायवर्जन दोपहर 12 बजे से जुलूस की समाप्ति पर जारी रहेगा। यातायात पुलिस ने शहरवासियों से अपील की है कि वह लोग बदले रूटों से निकलें ताकि जाम में फंसकर परेशानी का सामना न करना पड़े।

### इन रूटों पर जारी रहेगा डायवर्जन

○ घंटाघर चौराहा की ओर से कोई भी वाहन मूलगंज की तरफ नहीं जाएंगे। ऐसे वाहन कोपरगंज या एक्सप्रेस वे रोड होते हुए अपने गंतव्य तक पहुंचेंगे।

○ बड़ा चौराहा से कोई भी वाहन कोतवाली की तरफ नहीं जाएंगे। ऐसे वाहन उर्सला कट से यू-टर्न लेकर अपने गंतव्य को जा सकेंगे।

○ उर्सला कट से वाहन परेड की तरफ नहीं जो सकेंगे। वह वाहन यू-टर्न लेकर अपने गंतव्य को जा सकेंगे।

○ कोतवाली चौराहा से कोई भी वाहन परेड की तरफ नहीं जा पाएगा। ऐसे वाहन बड़ा चौराहा होते हुए अपने गंतव्य को जा सकेंगे।

○ परेड चौराहा से कोई भी वाहन सदभावना चौराहा की ओर नहीं जा सकेंगे।

○ एमजी कॉलेज की तरफ से आने वाले वाहन परेड चौराहे की तरफ नहीं जा सकेंगे। वाहन म्योरमिल तिराहे से बायें मुडकर बड़ा चौराहा होते हुए अपने गंतव्य की ओर जा सकेंगे।

○ फूलबाग की ओर से आने वाले वाहन संगम लाल तिराहे की ओर नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन बिरहाना रोड होकर जा सकेंगे।

○ पनचक्की चौराहे की ओर से आने वाले वाहन फूलबाग की तरफ नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन झाडीबाबा पड़ाव होते हुए अपने गंतव्य को जा सकेंगे।

○ कमला टावर की तरफ से कोई भी वाहन संगम लाल तिराहे की तरफ नहीं जा सकेगा। ऐसे वाहन संगम लाल तिराहे से बिरहाना रोड होते हुए अपने गंतव्य की ओर जा सकेंगे।

○ नयागंज चौकी की तरफ से बिरहाना रोड होकर फूलबाग की ओर से आने वाले वाहन नयागंज चौकी से आगे नहीं जा सकेंगे।

○ मूलगंज चौराहा से कोई वाहन नई सड़क से सद्भावना चौकी की तरफ नहीं जा सकेंगे।

○ जरीब चौकी से आने वाला यातायात भन्नानापुरवा से बायें अजमेरी चौराहा की ओर नहीं जा सकेगा। ऐसे यातायात भन्नानापुरवा से डिप्टी पडाव होकर अपने गंतव्य को जा सकेंगे।

○ जरीब चौकी की ओर से आने वाला यातायात चन्दिका देवी मंदिर से बायें मुड़कर हलीम कॉलेज चौराहा की तरफ नहीं जा सकेंगे।

### ड्रोन से निगरानी, जुलूस मार्ग पर खुफिया कैमरे

**कानपुर।** बारावफात पर जुलूस-ए-मोहम्मदी पुलिस के कड़े पहरे के बीच निकाला जाएगा। पूरे जुलूस मार्ग को खुफिया कैमरों से लैस करने के साथ ही पैरामिलेट्री, आरएएफ, पीएसी व पुलिस की चप्पे-चप्पे पर तैनाती की गई है। जूलूस की ड्रोन से कंट्रोल रूम में मानीटरिंग की जाती रहेगी। पुलिस ने गड़बड़ी फैलाने वालों पर सख्ती से निपटने की बात कही है। रविवार को दिनभर पुलिस की टीमें जुलूस रूट का निरीक्षण करती रहीं। सभी जोन के डीसीपी, एडीसीपी, एसीपी, थानेदारों को एडिशनल पुलिस कमिश्नर हरीश चंदर ने दिशा निर्देश दिए। पूरे रूट पर जगह-जगह भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बेरीकेडिंग लगाई गईं हैं। जुलूस के रूट पर आधा सैकड़ा से अधिक ड्रोन लगाए जाएंगे। इसके साथ ही पीटीजेड कैमरों व रूट पर सीसीटीवी को भी लगाया गया है।

## लग्जरी बसें भी बनेंगी रोडवेज बेड़े का हिस्सा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ने प्राइवेट लग्जरी स्लीपर, सीट वाली एसी, नान एसी बसों को रोडवेज बेड़े में शामिल करने का फैसला लिया है। बस स्वामी स्लीपर बसें, सीट वाली बसें लगा सकते हैं। इसमें बस स्वामी का चालक होगा जबकि रोडवेज अपना परिचालक लगायेगा।

कानपुर के क्षेत्रीय बस आपरेटर्स जनसेवक एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव पाठक, महामंत्री संजय वाजपेयी, उपाध्यक्ष अमितेश अंशवानी, मंत्री लकी अरोड़ा एवं कोषाध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने बीते दिनों ट्रांसपोर्ट कमिश्नर चंद्रभूषण सिंह से मुलाकात की। ट्रांसपोर्ट कमिश्नर ने बस आपरेटर्स को बताया कि बसों का जो स्पेशल परमिट 7 दिनों के लिए बनता था, उसकी वैधता 28 दिन की जाएगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इसी माह ये सुविधा चालू हो जायेगी।

ट्रांसपोर्ट कमिश्नर ने बताया कि यदि परमिट बन गया है और बस नहीं जाती है, या जल्दी आ जाती है तो ऑन लाइन ही परमिट कैंसिल करके आप दूसरा परमिट बनवा सकते हैं। ट्रांसपोर्ट कमिश्नर ने बस आपरेटर्स से कहा कि अब रोडवेज के बेड़े में प्राइवेट लग्जरी बसों को शामिल किया जाना है, ये बसें कोई भी रोडवेज में अनुबंधित करा सकता है।



- कानपुर के बस संचालक परिवहन आयुक्त से मिले
- परिवहन निगम में प्राइवेट बसें लगाने का आफर

रोडवेज के बेड़े में लग्जरी बसों को शामिल करके लंबी दूरी की यात्रा सुविधा दी जायेगी। लग्जरी, एसी, नान एसी, स्लीपर बसों का बेड़ा जल्द ही रोडवेज के बेड़े में शामिल होगा। कोशिशें चल रही हैं।

**अनिल कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक, उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (कानपुर परिक्षेत्र)**

## सिंधी छात्र-छात्राओं का सम्मान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सिंधी समाज के मेधावियों की प्रतिभा को निखारने के लिए छात्र-छात्राओं का सम्मान करते हुए संकल्प लिया गया कि गरीबी के कारण किसी भी मेधावी छात्र-छात्राओं की शिक्षा प्रभावित नहीं होने दी जाएगी। भाजपा सिंधी सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अंशवानी ने सिंधी समाज के लोगों को आह्वान किया कि वे मेधावी छात्र-छात्राओं के भविष्य को उज्जवल करने के लिए आगे आयें।

रविवार को भारतीय सिंधु सभा द्वारा सिंधी संघ धर्मशाला 11 ब्लॉक गोविंद नगर में सिंधी मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी सिंधी सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अंशवानी एवं राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष श्रीकांत भाटिया द्वारा 10वीं एवं 12 वीं कक्षा के लगभग 60 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। सांईं रमेश लाल ने सिंधी समाज के बच्चों को आह्वान किया कि आगे चलकर वह देश का नाम रोशन करें। भारतीय सिंधु सभा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश जोतवानी ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन दिलीप अंशवानी ने किया। समारोह में प्रमुख रूप से कमल असरानी, अतुल अंशवानी, श्यामलाल मूलचंदानी,विजय पुरुषवाणी, लक्ष्मण बाबानी, किशन मुलानी, डॉक्टर चंपा रामानी, देव तेजवानी, जगदीश केसवानी आदि मौजूद रहे।



सिंधी समाज की मेधावी छात्रा को सम्मानित करते सिंधी सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अंशवानी। अमृत विचार

## साइकिल सवार से मोबाइल लूट

**कानपुर।** बाइक सवार लुटेरों ने सनिगवां में साइकिल सवार युवक से मोबाइल लूटा और भाग निकले। पीड़ित ने चकेरी में थाने में मामला दर्ज कराया है। सावित्री नगर निवासी रफीक खान के अनुसार छह सितंबर की रात करीब साढ़े आठ बजे वह रामादेवी से अपने घर की तरफ जा रहे थे। तभी हाइवे पर सनिगवां जाने के मोड़ के पास पीछे से आए बाइक सवार तीन लुटेरों ने झपट्टा मारकर मोबाइल लूटा और भाग निकले। प्रभारी निरीक्षक अशोक दुबे ने बताया कि मामला दर्ज कर लुटेरों की तलाश की जा रही है।

## संतों का सम्मान करती है सपाः सेंगर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सीसामऊ उप चुनाव के संबंध में सपा की बैठक

**अमृत विचार।** देश में चार शंकराचार्य और महामंडलेश्वर हैं, लेकिन भाजपा ने अयोध्या मंदिर के उद्घाटन में सभी से राय नहीं ली। जबकि संन्यासी परंपरा में संतों का सम्मान प्रमुख है। सपा सभी संतों का सम्मान करती है। भाजपा उल्टा चोर कोतवाल को डांटे की कहावत चरितार्थ कर रही है, जबकि संतों का सम्मान करने से भाजपा में हिचकिचाहट रहती है। यह बात सपा के महानगर महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर ने बैठक में कही।

नवीन मार्केट स्थित सपा कार्यालय में रविवार को पदाधिकारियों की बैठक हुई, जिसमे सीसामऊ उप चुनाव के संबंध में रूपरेखा तैयार की गई। वहीं, मठाधीश व माफिया वाले बयान पर महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का बढ़ता जनाधार देखकर कुछ संगठन परेशान हैं। महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से ध्यान हटाने के लिए कुछ मठाधीश माफिया टिप्पणी का रोना रो रहे हैं। जबकि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का संस्कारित और सम्मानित बयानों को बौद्धिक धर्म के साथ जनमानस में सराहा जा रहा है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू ने कहा कि सपा सरकार के दौरान इलाहाबाद कुंभ की व्यापक व्यवस्था और सुविधाओं की शंकराचार्य व महामंडलेश्वर ने प्रशंसा की थी। प्रदेश सचिव केके शुक्ला नंदलाल जयसवाल, आंनद शुक्ला, परमवीर सिंह, महेंद्र सिंह, रजत मिश्रा, अर्पित त्रिवेदी, अरमान खान, , शादाब आलम, इशरत इराकी रहे।

## एसोचैम की दो दिवसीय कांफ्रेस आज से

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शाहजहां एयरपोर्ट इंटरनेशनल फ्री जोन यूएई से एक उच्चाधिकार प्राप्त प्रतिनिधिमंडल के साथ एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एसोचैम) एक कॉन्फ्रेंस कम सेशन का आयोजन कर रहा है। यह कार्यक्रम सोमवार से शुरू होगा। दो दिन तक चलने वाले इस आयोजन में बीटूबी के जरिए वहां की सुविधाएं और सहूलियतें बताई जाएंगी। लैंडमार्क होटल में होने वाले इस आयोजन के लिए शहर के औद्योगिक संगठनों से जुड़े सदस्यों को आमंत्रित किया गया है। यह जानकारी एसोचैम के डिप्टी डायरेक्टर इरफान आलम ने दी। उन्होंने बताया कि आयोजन में संयुक्त अरब अमीरात के माध्यम से वैश्विक व्यापार विस्तार थीम के तहत बीटूबी बैठकें होगी। आयोजन बीएनआई कानपुर, काउंसिल ऑफ लेदर एक्सपोर्टस, लघु उद्योग भारती, उत्तर प्रदेश मर्चेंटस चैंबर और टीआईई उत्तर प्रदेश के सहयोग से किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य कानपुर के प्रमुख क्षेत्रों जैसे लेदर, वस्त्र, रसायन, कृषि और खाद्या उत्पादों के निर्यात के अवसरों को वृद्ध करना है।

**गुहार** सांसद भोले से पनकी रोड पर वनवे खत्म करने की मांग की

## पनकी में वन-वे से दुकानें बंद करने की नौबत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पनकी के व्यापारियों ने एक बार फिर से पनकी रोड से वन-वे खत्म करने की मांग की है। रविवार को भारतीय उद्योग व्यापार मंडल कानपुर ग्रामीण इकाई के प्रतिनिधि मंडल ने सांसद देवेंद्र सिंह भोले को ज्ञापन देकर व्यापारियों के हित में पनकी रोड वनवे को समाप्त करने की बात कही। व्यापारियों ने सांसद से कहा कि पनकी रोड पर वनवे की वजह से व्यापार पूरी तरह चौपट हो गया है। दुकानदारों को अपना घर परिवार चलाना तो दूर, दुकान का किराया निकालना मुश्किल हो रहा है।

ग्रामीण इकाई के अध्यक्ष मुन्ना राय ने कहा कि जीटी रोड से वाहन न आ पाने की वजह से ग्राहक अन्य मार्केट चले जाते हैं। कल्याणपुर पनकी रोड पर मंधना, चौबेपुर, शिवराजपुर, यहां तक बिल्हौर तक के ग्राहक आते थे। अब वनवे होने के चलते ग्राहक अन्य जगहों पर जरूरत का सामान खरीदने को मजबूर हैं। व्यापारियों ने सांसद से कहा कि यदि वन-वे समाप्त नहीं हुआ तो व्यापार पूरी तरह चौपट हो जाएगा। दुकानदार दुकानें बंद करने को बाध्य होंगे।

अशोक सिंह दद्दा ने कहा कि अभी पनकी रोड के दुकानदार को यदि कल्याणपुर थाने से कोई कार्य है तो वह पहले गाड़ी लेकर बिठूर रोड तिराहे जाए वहां से कानपुर विश्वविद्यालय के कट से अंदर जाकर तब थाने जा सकता है। वन-वे की वजह से दो सौ मीटर की दूरी दो किलोमीटर में बदल गई है। सांसद ने ज्ञापन लेकर व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर अधिकारियों के साथ बैठकर स्थाई समाधान कराने की बात कही। इस दौरान व्यापारी अभिषेक अरोड़ा, सौरभ गुप्ता, धीरेंद्र कनौजिया, जनक सिंह, सुभाष सिंह, ईशू अवस्थी, आशीष कटियार, अजय यादव, विजय गुप्ता, गौरव मिश्रा, प्रांजुल मिश्रा, आदि मौजूद रहे।



सांसद देवेंद्र सिंह भोले को ज्ञापन देते व्यापारी। अमृत विचार

- भारतीय उद्योग व्यापार मंडल कानपुर ग्रामीण इकाई ने सांसद भोले को दिया ज्ञापन

## मना करने पर भी नहीं माना, हादसे में मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चकेरी थानाक्षेत्र में शनिवार शाम को हुआ सड़क हादसा
- मना करने पर भी रात में दोस्त की बाइक से गया था युवक

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र में दोस्त के मना करने के बावजूद उसकी बाइक लेकर निकले युवक को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दोस्त को इस बात का अफसोस है कि यदि वह उसकी बात मान जाता तो जिंदा होता।

हनुमंत विहार पुरानी बस्ती निवासी 34 वर्षीय सोनू शनिवार देर शाम वह अपने दोस्त छोटू निवासी काली मठिया के पास पहुंचा और उससे बाइक मांगी। दोस्त ने रात का हवाला देते हुए बाइक देने से मना किया। लेकिन वह जिद करके बाइक ले गया और कोयला नगर पुलिया के पास हादसे का शिकार हो गया। पुलिस ट्रक की तलाश के लिए आसपास के सीसी फुटेज देख रही है।

बिधनू थानाक्षेत्र के रमईपुर हनुमान मंदिर के पास तेज रफ्तार ऑटो की टक्कर से घायल हुए 24 वर्षीय मजदूर संजय कुमार की रविवार को मौत हो गई। सेन पश्चिम पारा के दीन दयालपुरम निवासी सुनील ने बताया कि छोटा भाई संजय 13 सितंबर को रमईपुर हनुमान मंदिर के पास फैक्ट्री का माल उतारने गया था। इस दौरान रोड पार करते वक्त ऑटो की टक्कर से वह घायल हो गया था।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **मंजू पत्नी स्व0 दीपक नारायण, निवासिनी-33ए, सी डी-ब्लाक, हरी नगर, दक्षिण पश्चिम दिल्ली-110064**, मेरे पुत्र तनमय (Tanmay) की जन्मतिथि 12-11-2009 है जो जन्म प्रमाण पत्र में अंकित है जिसकी पंजीकरण संख्या-B-2015 तथा पंजीकरण दिनांक 05-12-2009 है। उसके जन्म प्रमाण पत्र में पुत्र का नाम त्रुटिवश तनमय दर्ज हो गया है जबकि उसका सही नाम तेजस प्रताप नारायन (Tejas Pratap Narain) है जो पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज किया जाना न्यायहित में अतिआवश्यक है। तथा उसका सही नाम तेजस प्रताप नारायन (Tejas Pratap Narain) आधार कार्ड नं0-8181 6013 4082 में अंकित है जिसे संशोधित कर के द्वितीय जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जाय।

**NOTICE**

I Nikhil Kumar Baranwal, son of Krishna Kumar Baranwal, residing at House No. 163, Murari Das Ki Gali, Chowk, Sultanpur, hereby declare that my wife's correct name is Sujata Baranwal, and not Deepti Baranwal as previously known.

**सूचना**

सूचित हो कि मैं मै राम बहादुर पुत्र ईश्वर दीन, निवासी- ग्रा0 इबांहिमपुर मजरे मोहनगंज, जिला- बाराबंकी, मेरी भारतीय जीवन बीमा निगम की पालिसी नं0 214273226 में मेरा नाम लाल बहादुर अंकित है। जबकि मेरा सही नाम राम बहादुर है। तथा राम बहादुर एवं लाल बहादुर एक ही व्यक्ति के नाम है। मुझे इन दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता है। अतः उपरोक्त पालिसी में मेरा नाम राम बहादुर अंकित किया जायें।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पति स्वर्गीय राधेलाल की जीवन बीमा निगम पालिसी संख्या 214915307 में बतौर नामिनी मेरा नाम रामपति दर्ज है। जबकि मेरे आधार कार्ड सहित अन्य अभिलेखों में मेरा नाम देशवती लिखा है। रामपति और देशवती दोनों मेरे ही नाम हैं। मुझे उपरोक्त दोनों नामों से जाना व पहचाना जाए। **-देशवती पत्नी स्वर्गीय राधेलाल, निवासी ग्राम- परशुरामपुर पोस्ट - राजेपुर, जनपद - उन्नाव**

**आज का मौसम**

17 सितंबर तक गरज चमक के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं।

| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| 32.6° | 25.0° |
| सूर्योदय 05 : 55 | सूर्यास्त 06 :12 |

## एक नजर

### कल बंद रहेंगी मीट-मछली की दुकानें

**कानपुर।** जैन धर्म के मुख्य पर्व दसलक्षण के अंतिम दिन अनंत चतुर्दशी को शहर की सभी गोश्त एवं मांस-मछली की दुकानें बंद रहेंगी। मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी डॉ. आरके निरंजन ने यह आदेश जारी किया।

### 20 को मिला रोजगार

**कानपुर।** सरस्वती महिला महाविद्यालय विजय नगर में बैंक प्लस की ओर से रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में 20 छात्र-छात्राओं को विभिन्न बैंक एवं इंश्योरेन्स सेक्टर में चयनित किया गया। मेले की शुरुआत महाविद्यालय के प्रबन्ध श्याम निगम व बंदना निगम ने की।



लोडर का शीशा तोड़ा। अमृत विचार

# विसर्जन जुलूस में मारपीट और पथराव, 9 लोग घायल

## ❍ लाठी-डंडे और रॉड से किया हमला, कई वाहन भी तोड़े, नशे में धुत थे हमलावर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नवाबगंज थानाक्षेत्र में रविवार देर शाम गणेश प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान आंख में गुलाल पड़ने पर दो पक्षों में जमकर विवाद हो गया। एक पक्ष के युवकों ने जमकर मारपीट, तोड़फोड़, पथराव किया। जिसमें दूसरे पक्ष से नौ लोग घायल हो गए। बवाल की सूचना पर डीसीपी सेंट्रल दिनेश त्रिपाठी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को काबू किया। पुलिस ने एफआईआर दर्जकर तीन लोगों को हिरासत में लिया। घायलों का उपचार हैलट में चल रहा है।

काकादेव निवासी रोहन ने पुलिस को बताया कि रविवार देर शाम मोहल्ले के करीब तीन दर्जन लोगों के साथ वह गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए गंगा बैराज गए थे। जहां से लौटते वक्त रास्ते में पेट्रोल पंप के पास करीब 30-40 युवकों ने उनके लोडर के आगे गाड़ी लगाकर नशे में मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने पहले भी दो वाहन चालको के साथ मारपीट की और उनकी गाड़ी में तोड़फोड़ कर दी। लाठी-डंडे और रॉड से हमला कर पथराव कर दिया। मारपीट में उनके अलावा गौतम, शिवा, जतिन, श्रवण, बलजीत, कुनाल, साक्षी और वर्षा समेत अन्य लोग भी घायल हैं। आरोपियों ने वहां से निकलने वाले वाहन सवारों से मारपीट की और गाड़ियों में तोड़फोड़ की। वहीं दूसरे पक्ष के लोगों का कहना है आंख में गुलाल जाने के विरोध में मारपीट हुई है। इस संबध में डीसीपी सेंट्रल दिनेश त्रिपाठी ने बताया कि तीन आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। अन्य की तलाश जारी है।



गाड़ी के अंदर पड़े पत्थर। अमृत विचार



मारपीट और पथराव में घायल हुए युवक। इन्हें हैलट भेजा गया।

- नवाबगंज थानाक्षेत्र में हुई घटना, तीन आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में लिया

### अचानक थाने पहुंचे डीसीपी ने लगाई फटकार

हंगामा शांत होने के बाद रात करीब 10 बजे डीसीपी सेंट्रल दिनेश कुमार त्रिपाठी नवाबगंज थाने पहुंच गए। इंस्पेक्टर को पीआरओ रोहित शर्मा ने उनके पहुंचने की जानकारी दे दी। जिसके बाद डीसीपी ने बिना पूछे बताने पर फटकार लगाई।

### आरोपियों के हाथ में डंडे और रॉड थीं

घायलों ने बताया कि हमलावरों ने लोडर में बैठी महिलाओं पर भी फब्तियां कसीं और गाली गलौज की। उन लोगों ने इस बात का विरोध किया तो 50 से ज्यादा आरोपी और आ गए जो लोहे की रॉड और डंडे लिए थे।

# नगर निगम में भ्रष्टाचार में दबीं फाइलें इनमें 300 मृतकों के मामले भी

**अराजकता**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नगर निगम में सेवानिवृत्त एवं मृतक कर्मचारियों के लंबित सुनिश्चित करियर प्रोन्नति (एसीपी) के करीब 1500 मामलों का परीक्षण और निस्तारण 5 सदस्यीय कमेटी करेगी।
इस संबंध में आरोप है कि भ्रष्टाचार के कारण मामले लंबित हैं और संबंधित कर्मी या परिजन सालों से चक्कर काट रहे हैं। हाल में एसीपी निर्धारण में ही घूस लेते एक लिपिक को सतर्कता टीम ने रंगे हाथ घूस लेते कार्यालय से ही गिरफ्तार किया था।

नगर निगम में एसीपी का लाभ देने के लिए 30 से 50 हजार रुपये तक रिश्वत मांगे जाने की शिकायतें हैं। एसीपी की लंबित 1500 मामलों में 300 से ज्यादा ऐसे हैं, जिनमें कर्मी की मृत्यु हो चुकी है। परिजन लिपिकों के चक्कर काट रहे हैं। लेकिन लिपिक उनके मामलों का निस्तारण नहीं कर रहे हैं।पिछले साल शासन ने एसीपी के मामले निस्तारित करने के लिए 94 करोड़ रुपये दिए थे। बावजूद इसके फाइलें लंबित हैं।

- एसीपी निर्धारण के 1500 मामले लंबित, हाल में घूस लेते पकड़ा गया था लिपिक
- सेवानिवृत्त एवं मृतक कर्मियों के मामले निस्तारित करने के लिए गठित की गई कमेटी



### एसीपी एरियर के लाखों रुपये बकाया

- नगर निगम कर्मचारी संघ के महामंत्री रमाकांत मिश्रा ने बताया कि एसीपी का लाभ सेवाकाल में 3 बार 10, 16 और 26 साल पर देय है। इस समयावधि में प्रोन्नति नहीं मिलने पर एसीपी के जरिए प्रोन्नत वेतनमान दिया जाता है। अनेक कर्मियों का कई लाख रुपये एसीपी एरियर बकाया है।

### 5 सदस्यीय कमेटी 20 को देगी रिपोर्ट

- एसीपी प्रकरण निस्तारण कमेटी में अपर नगर आयुक्त अध्यक्ष, मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी, मुख्य नगर लेखा परीक्षक, संबंधित विभागाध्यक्ष को सदस्य तथा प्रभारी अधिकारी कार्मिक को सचिव नामित किया गया है। समिति 20 सितंबर को बैठक में सभी मामलों पर रिपोर्ट पेश करेगी।

# 200 से लेकर 15,000 रुपये तक की होगी टेस्ट मैच की टिकट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** 27 सितंबर से ग्रीनपार्क में होने वाले भारत-बांग्लादेश टेस्ट मैच की टिकट दो-तीन दिन में मिलना शुरू हो जाएंगी। वेन्यू डायरेक्टर डॉ. संजय कपूर ने बताया कि ऑनलाइन टिकट बुक माई शो से मिलेंगी, वहीं लोकल टिकट काउंटर बनाने पर भी विचार किया जा रहा है। इस बार प्रतिदिन के हिसाब से टिकट दी जाएगी। सबसे कम कीमत की टिकट का मूल्य 200 रुपये निर्धारित किया गया है। यह टिकट छात्रों के लिए होगा। यदि कोई पांचों दिन की टिकट एक साथ लेना चाहेगा तो उसे डिस्काउंट दिया जाएगा। सबसे महंगी टिकटों में स्टेडियम के बॉक्स होंगे, जिसकी कीमत 10 से 15 हजार तक होगी।

वेन्यू डायरेक्टर ने बताया कि स्कूली बच्चों को फ्री में मैच दिखाया जाएगा। इसके लिए स्कूलों को पहले से आवेदन करना होगा। प्रतिदिन अधिक से अधिक 300 बच्चों को फ्री में मैच दिखाया जाएगा। बच्चों के खाने-पीने की व्यवस्था भी यूपीसीए करेगा। उन्होंने बताया कि पहली बार मूक-बधिर बच्चों को भी फ्री में मैच दिखाया जाएगा।

- तीन दिन में टिकटों की बिक्री होगी चालू
- पांचों दिन का टिकट एक साथ लेने पर डिस्काउंट



### एक-दो दिन में तय होगी दर्शक क्षमता

ग्रीनपार्क में सभी टूटफूट का काम पूरा हो चुका है। यूपीसीए ने एचबीटीयू को लोड चेक करने का काम सौंपा था। जिसका काम भी शुक्रवार को पूरा हो गया। अब सोमवार या मंगलवार एचबीटीयू अपनी रिपोर्ट यूपीसीए को सौंपेगी। जिसके बाद ही ग्रीनपार्क की वास्तविक दर्शक क्षमता का पता चलेगा। इसी के बाद ही टिकट बिक्री का काम यूपीसीए शुरू करेगा।

# एटीएम कार्ड चुराकर दो लाख निकाल लिए

**कानपुर।** जाजमऊ में रहने वाली एक महिला ने अपने पति पर आरोप लगाया कि उनका एटीएम कार्ड चुराकर खाते से दो लाख रुपये निकाल लिए। पीड़िता ने जाजमऊ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

ओमपुरवा निवासी आफरीन खान ने पुलिस को बताया कि अप्रैल में एटीएम कार्ड भी जारी कराया। उनके पति चांद खान ने उनका एटीएम कार्ड चुरा लिया। फिर उसका पिन जेनरेट कर धीरे-धीरे करके खाते से रुपये निकालता रहा। कुछ दिन पहले जब उन्होंने खाते का बैलेंस चेक किया तो उसमें मात्र 448 रुपये ही बचे थे। इस बारे में जब उन्होंने पति से पूछा तो वह धमकाने लगा।

# केडीए में पुरानी स्कीम के मिले 1.20 अरब के प्लाट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर विकास प्राधिकरण शहर में लैंड ऑडिट करा रहा है। अब तक विभाग को फाइलों में गुम हुये आधा दर्जन से अधिक योजनाओं में आवासीय व व्यावसायिक प्लाट मिल चुके हैं। केडीए अधिकारियों के अनुसार इन प्लाटों की संख्या 150 के करीब है जिनका मूल्य 1.20 अरब आंका गया है। अभी केडीए ऑडिट लगातार कर रहा है ऐसे में उम्मीद है कि जल्द ही गुम हुये और प्लाट मिल सकते हैं। केडीए इन प्लाट्स को ई-ऑक्शन के जरिये बेचने की तैयारी कर रहा है।

कानपुर विकास प्राधिकरण काफी समय से शहरवासियों के लिये नई स्कीम नहीं ला पाया है। जो लोग अपनी छत बनाने का सपना देख रहे हैं उन्हें या तो बढ़े दाम चुकाने पड़ रहे हैं या फिर सोसायटी क्षेत्रों की ओर रुख करना पड़ रहा हे। केडीए पनकी और उसके आस-पास फ्लैट की योजनाओं को तो ला रहा है लेकिन उसे ग्राहक नहीं मिल पा रहे हैं। यही वजह है कि अलग-अलग एक दर्जन योजनाओं में 7 हजार के करीब फ्लैट खाली पड़े हैं। कल्याणपुर-सिंहपुर और मैनावती मार्ग पर प्रस्तावित न्यू कानपुर सिटी को विकसित करने की तैयारी है। शहर में आवासीय योजनाओं की समस्या को दूर कराने के लिये ही केडीए लैंड ऑडिट करा रहा है। इस ऑडिट में विभाग को पुरानी योजनाओं में डंप पड़े प्लाट मिले हैं। इनमें से कई प्लॉट 300 स्क्वॉयर मीटर से भी अधिक के हैं।

- व्यावसायिक भूखंड भी मिल रहे, अभी ऑडिट चल रहा है




### ई-ऑक्शन में लग रही 5 गुनी तक बोली

- केडीए ने पहले स्वर्ण जयंती विहार, कैंटिल कॉलोनी, किदवई नगर वाई-1, महावीर नगर विस्तार योजना, शताब्दी नगर योजना, मंदाकिनी इन्क्लेव, मन्दाकिनी इन्क्लेव, न्यू टीपी नगर, शताब्दी नगर, भागीरथी जाह्नवी, स्टेडियम में बनी दुकान, हाइवे सिटी विस्तार योजना में आवासीय व व्यावसायिक 590 भूखंड को ई-ऑक्शन से नीलाम किया है। जिसे हाथों-हाथ लिया गया था। बर्रा में तो हाईवे किनारे प्लाटों की 5 गुना तक बोली लगाकर लोगों ने खरीद लिया। इसीलिये आय बढ़ाने के लिये ऑडिट में मिल रहे भूखंडों को ई-ऑक्शन से बेचने की तैयारी कर रहा है।

### किदवई नगर, जूही और बर्रा में मिल रहे प्लॉट

- शासन के निर्देश पर केडीए अपनी आवासीय योजनाओं में लैंड ऑडिट करा रहा है। केडीए की टीम को किदवई नगर में ऑडिट के दौरान एक दर्जन से अधिक खाली प्लॉट मिले हैं। खास बात यह है कि इनमें से कई प्लॉट 300 से 500 स्क्वॉयर मीटर तक के एरिया के हैं। इसी तरह सुजातगंज, बर्रा, जूही डब्ल्यू-2, काकादेव समेत कई जगहों पर प्लॉट मिले हैं। केडीए इन प्लाट को ई-ऑक्शन के जरिये बेचने की तैयारी में है।

# भतीजे ने की छेड़छाड़ तो चाची ने दी जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र में भतीजे की छेड़छाड़ की शिकायत चाची ने अपने पति से कही। आरोप है कि पति ने नजरअंदाज कर दिया। इस पर दोनों में विवाद और कलह शुरू हो गई। मायके पक्ष का आरोप है कि इस बात से दुखी होकर महिला ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मामले की जांच की।

मूलरूप से चौबेपुर के एक गांव की रहने वाली 31 वर्षीय महिला की शादी 10 वर्ष पहले अहिरवां निवासी आर्डिनेंस फैक्ट्री कर्मी के साथ हुई थी। उनके एक 10 वर्षीय बेटा भी है। बताया कि करीब चार माह पूर्व दामाद के चाचा की मौत हो गई। जिसके बाद उनका बेटा दामाद के पास ही घर में रहने लगा। महिला की मां ने आरोप लगाया कि कुछ दिनों पूर्व भतीजे ने उनकी बेटी से छेड़छाड़ की। बेटी ने पति से बताया लेकिन पति ने नजरअंदाज कर दिया। मां का आरोप है कि इसको लेकर दोनों में विवाद हो गया। मां के अनुसार शुक्रवार को बेटी घर आई थी तो उसे काफी समझाया गया। इसके बाद घर जाकर महिला ने शनिवार को कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। इस संबंध में चकेरी प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

- अहिरवां की घटना, चाचा हिरासत में

# अब आईपीएल की तर्ज पर होगा केपीएल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन (केसीए) की 74वीं वार्षिक आमसभा रविवार को दादानगर स्थित को-ऑपरेटिव स्टेट में हुई। जिसमें दो वर्षों के लिए हुए चुनाव में सर्वसम्मति से डॉ. संजय कपूर को चेयरमैन, एसएन सिंह को अध्यक्ष और कौशल सिंह को फिर सचिव चुना गया। डॉ. संजय कपूर ने बताया कि अंकित, भवानी, अश्वनी कोहली, मनीष मेहरोत्रा ने मिलकर केपीएल का प्रारूप बनाया है। उन्हीं के माग्रदर्शन में भव्य टूर्नामेंट आयोजित किया जाएगा।

डॉ. संजय कपूर ने बताया कि नवंबर के पहले सप्ताह में कानपुर प्रीमियर लीग (केपीएल) का आयोजन होगा। इस टूर्नामेंट के लिए 1.25 करोड़ का बजट रखा गया है। यह प्रतियोगिता आईपीएल की तर्ज पर होगी, जिसमें शहर को विधानसभा वार आठ जोन में बांटकर टीमों की बोली लगेगी। टूर्नामेंट का आयोजन पालिका स्टेडियम में नए मैदान पर करने की उम्मीद है। अरविंद सिंह को उपाध्यक्ष द्वितीय, संजय तिवारी को उपाध्यक्ष प्रथम व तृतीय उपाध्यक्ष आशीष सचान नियुक्त हुए। पीएस नेगी संयुक्त सचिव प्रथम व सौरभ गुप्ता द्वितीय होंगे। कोषाध्यक्ष विनय आनंद ने एजीएम में वार्षिक लेखाजोखा प्रस्तुत किया। जिसमें अगले सत्र के लिए 2.3 करोड़ का बजट प्रस्तावित किया है। एजीएम में गाजीपुर क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव सिंह भी मौजूद रहे। केसीए का चुनाव हाईकोर्ट के अतिरिक्त मुख्य स्थायी अधिवक्ता संजय सिंह जाटव एवं जोगेंदर बहल की देखरेख में हुआ। कार्यकारणी सदस्यों में भानु प्रताप सिंह, अनूप जैन, एपी सिंह, विशाल खण्डेलवाल व आयुष अग्रवाल रहे। राष्ट्रीय क्रिकेटर अंकित राजपूत और भवानी सिंह रविवार आधिकारिक तौर पर केसीए में शामिल हुए।



केसीए के पदाधिकारी चुने गए। अमृत विचार

- केसीए की 74वीं वार्षिक आमसभा में सर्वसम्मति से डॉ. संजय कपूर बने चेयरमैन

### रणजी फार्मेट में केडीएमए लीग होगी

- केसीए चेयरमैन डॉ. संजय कपूर ने बताया कि केडीएमए लीग के फार्मेट में बदलाव किया गया है। डिवीजन प्रणाली को खत्म कर रणजी ट्राफी की तरह एलीट और प्लेट ग्रुप में टीमों को रखा जाएगा। एलीट ग्रुप में भी आठ सर्वश्रेष्ठ टीमों को एक ग्रुप में रखा जाएगा। वहीं नॉक आउट राउंड में प्लेट ग्रुप की शीर्ष टीमें भी शामिल की जाएंगी। इसके अलावा अंडर-12, 14 व 16 की प्रतियोगिताएं भी होंगी। इस बार से सभी लाइफ मेंबर्स के लिए पांच हजार रुपये की फीस निर्धारित की गई है।

# आईडीएच में 12 बेड का स्वाइन फ्लू वार्ड

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में स्वाइन फ्लू के मरीजों को जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के संक्रामक रोग अस्पताल में इलाज मिलेगा। यहां पर ऑक्सीजन से लेकर वेंटिलेटर तक की व्यवस्था की गई है। साथ ही 12 बेड का आइसोलेशन वार्ड भी तैयार हो गया है। उर्सला में भी वार्ड बनाया गया है।

शहर के एक निजी अस्पताल में गुरुवार को चार मरीजों में स्वाइन फ्लू की पुष्टि हुई थी, जिनको वहां से हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया था। इनमें से एक 80 वर्षीय बुजुर्ग की हैलट में मौत हो गई थी। सीएमओ डॉ.आलोक रंजन ने एक 50 वर्षीय महिला मरीज के सैंपल जांच के लिए लखनऊ केजीएमयू भेजे थे, जहां से रिपोर्ट निगेटिव आई है। मेडिकल कॉलेज प्राचार्य प्रो. संजय काला के निर्देश पर संक्रामक रोग अस्पताल में 12 बेड का स्वाइन फ्लू वार्ड बनाया गया है, जहां पर मरीजों को आईसोलेट किया जाएगा। अस्पताल के सीएमएस डॉ.आरएस सिंह ने बताया कि स्वाइन फ्लू के मरीजों के लिए दो वेंटिलेटर की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा सभी 12 बेड ऑक्सीजन पाइप से जुड़े हैं। दवा भी आ गई है। अभी तक अस्पताल में कोई मरीज अभी भर्ती नहीं हुआ है। उर्सला अस्पताल के सीएमएस डॉ.बीसी पाल ने बताया कि स्वाइन फ्लू को लेकर एक वार्ड तैयार किया गया है।

- स्वाइन फ्लू मरीजों का इलाज होगा संक्रामक रोग अस्पताल में

**व्यवस्था** सोमवार शाम 4 बजे से मंगलवार रात्रि 2 बजे तक रूट डायवर्जन

# बुढ़वा मंगल पर आज से बदला रहेगा यातायात

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पनकी हनुमान मंदिर में बुढ़वा मंगल पर उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के मद्देनजर यातायात पुलिस ने डायवर्जन लागू किया है। यह डायवर्जन सोमवार शाम 4 बजे से मंगलवार रात्रि 2 बजे तक लागू रहेगा।

❍ कल्याणपुर से आने वाले वाहन आवास विकास नहर पनकी से आगे शताब्दी द्वार पनकी मंदिर नहीं जा सकेंगे। वह आवास विकास नहर पनकी से अर्मापुर नहर तिराहा या एमआईजी तिराहा होकर जाएंगे।

❍ पनकी रोड चौकी से भारी व मध्यम वाहन पनकी नहर की ओर नहीं जाएंगे। ऐसे वाहन डबल पुलिया विजय नगर होते हुए जाएंगे।

❍ भाटिया तिराहा से भारी व मध्यम वाहन पनकी मंदिर नहीं जाकर अर्मापुर नहर होते जाएंगे।

❍ कालपी रोड से कोई भी भारी व मध्यम वाहन पनकी धाम स्टेशन होते मंदिर की ओर नहीं जाएगा।

❍ नारायणा कॉलेज चौराहे से कोई वाहन शताब्दी द्वार तिराहा की ओर नहीं जाएगा।

❍ पनकी पड़ाव गंगागंज क्रासिंग से भारी व मध्यम वाहन मंदिर की ओर नहीं जा सकेंगे।

❍ भौंती बाईपास चौराहे से विजय नगर तथा विजय नगर से भौंती बाईपास की ओर भारी वाहन नहीं जाएंगे। ये वाहन बाईपास से एलएमएल चौराहा होते दादा नगर, विजय नगर मार्ग का प्रयोग करेंगे।



पनकी मंदिर का निरीक्षण करते डीसीपी पश्चिम राजेश कुमार सिंह ।

### डीसीपी ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

- पुलिस उपायुक्त पश्चिम राजेश कुमार सिंह ने बुढ़वा मंगल को देखते हुए पनकी मंदिर के आसपास निरीक्षण किया। एडीसीपी विजयेंद्र और एसीपी के साथ सुरक्षा व्यवस्था परखी। यातायात प्रबंधन, पार्किंग, श्रद्धालुओं के आवागमन का मार्ग का जायजा लेकर दिशा-निर्देश दिए।

### यहां बनाए गए पार्किंग स्थल

- ❍ मंदिर का पश्चिम द्वार (वीवीआईपी व आवश्यक सेवा के लिए)
- ❍ कछुआ तालाब रोड (पुलिस व प्रशासन की पार्किंग)
- ❍ शताब्दी नगर रोड तिराहा से रतनपुर रोड पर सड़क के दोनों ओर
- ❍ सब्जी मंडी रोड पर, रामलीला मैदान, पनकी थाना मार्ग सड़क के दोनों ओर
- ❍ कमल मेमोरियल स्कूल गली, स्टेशन रोड तिराहा से गंगागंज क्रासिंग मार्ग
- ❍ गेट नंबर 4 के सामने तथा एटीएम चौराहा

# धार्मिक पोस्टर फाड़ने के आरोपी को भेजा जेल

**कल्याणपुर।** बुढ़वा मंगल के बधाई संदेश के पोस्टरों को फाड़ने के मामले में पुलिस ने आरोपी आजम खान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी ने शनिवार को अरमापुर बाउंड्री वॉल पर लगे पोस्टरों को फाड़ा था।

कल्याणपुर कला निवासी राहुल दीक्षित व उनके साथी उदयपुर निवासी हिमांशु मल्होत्रा ने पनकी कल्याणपुर रोड पर बुढ़वा मंगल के उपलक्ष्य में शुभकामना संदेश के पोस्टर लगवाए थे। शनिवार शाम पोस्टरों को फाड़ रहे आवास विकास तीन निवासी आजम खान को लोगों ने पकड़ कर मौके पर पहुंची पुलिस को सौंप दिया। इधर मामले की जानकारी पर पहुंचे विहिप, बजरंग दल व हिंदू वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने हंगामा काटना शुरु कर दिया। जिन्हें पुलिस ने उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया। आरोपी का लोगों से माफी मांगने का वीडियो सोशल मीडया पर वायरल हो गया।

# इलाहाबाद बैंक के पूर्व मैनेजर पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** महाराजपुर थानाक्षेत्र में फर्जीवाड़ा कर पीड़ित के स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति को खड़ा करके बैंक से लोन करा लिया गया। पीड़ित ने तत्कालीन बैंक मैनेजर समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

चमनगंज निवासी मो शरीफ ने दर्ज एफआईआर में बताया कि वर्ष 1968 में भवन को सौतेली मां नूर मोहम्मदी के पक्ष में रजिस्टर्ड कराया था। संपत्ति पर उसकी मां और पिता काबिज हो गए। न्यायालय के आदेश पर वर्ष 1990 में अलग हिस्सा बंटवारा कर नगर निगम से अपने हिस्से के भवन का नया मकान नंबर मिल गया। बताया कि पिता नूर मोहम्मद का 1993 में निधन हो गया। जिसके बाद नूर मोहम्मद के हिस्से संपत्ति पर मो शरीफ, अब्दुल रहीम, अब्दुल वहीद, तौहीद आलम, नूर आलम, नौशाद, नफीसा बानो, रईसा बानो, अनीसा बानो, कमर आलम, हसीना बानो, नूर मोहम्मदी का हिस्सा हो गया। सौतेले भाई मो तौहीद ने फर्म बनाकर इलाहाबाद बैंक एक्सीज यूनिवर्सिटी कैंपस हाथीपुर महाराजपुर के शाखा प्रबंधक के सहयोग से फर्जीवाड़ा कर पीड़ित के स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति को खड़ाकर उसकी फोटो लगाकर फर्जी तरीके से गारन्टर बनाकर भवन संपत्ति बन्धक बनाकर सीसी लिमिट लोन करा लिया। बैंक का कर्जा न चुका पाने पर बैंक से नोटिस आने पर फर्जीवाड़े का पता चल पाया। इस संबंध में महाराजपुर प्रभारी निरीक्षक संजय पांडेय ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मो. तौहीद, तत्कालीन बैंक मैनेजर इलाहाबाद, अज्ञात फर्जी गारंटर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

- महाराजपुर थानाक्षेत्र की घटना, फर्जीवाड़े का आरोप

# 5 वर्ष की बच्ची भी ले सकती कांग्रेस की सदस्यता

**कानपुर।** कांग्रेस ने 5 साल की बच्ची से लेकर किसी भी उम्र की महिला को अपना सदस्य बनाने का फैसला लिया है। कांग्रेस मुख्यालय तिलक हाल में इसकी शुरुआत की है। यह सदस्यता अभियान सम्पूर्ण भारत में शुरू किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को महिला कांग्रेस के बैनर तले एकजुट करना है।

रविवार को महिला कांग्रेस के 40वें स्थापना दिवस पर तिलक हाल में आयोजित पत्रकार वार्ता में ये जानकारी महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष करिश्मा ठाकुर ने दी। उन्होंने बताया कि इसके लिए सदस्यता शुल्क 100 रुपये निर्धारित है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत के बावजूद भाजपा सरकार ने महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण की मांग को पूरा करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए हैं। उन्होंने भाजपा सरकार में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध की अनदेखी का आरोप लगाकर सरकार की निंदा की।

# योगी सरकार में सुरक्षा की रोशनी में व्यापार

## उद्योग व्यापार मंडल के सम्मान समारोह में बोले जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, पदाधिकारियों का स्वागत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** योगी सरकार में व्यापार-कारोबार अंधेरे में नहीं, बल्कि सुरक्षा की रोशनी में होता है। माफिया मिट्टी में मिला दिए गए हैं और व्यापार की बाधाएं दूर की गई हैं। यह बात रविवार को कानपुर उद्योग व्यापार मंडल के सम्मान समारोह में प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कही।

निराला नगर स्थित एक होटल में हुए समारोह में जल शक्ति मंत्री ने कहा कि व्यापार मंडल व्यापारियों और सरकार के बीच पुल जैसा है। सरकार से मिलकर व्यापारियों की समस्याएं दूर कराता है। समारोह में उद्योग व्यापार मंडल के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष व नगर से मनोनीत पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा ने कहा कि योगी सरकार व्यापारियों के लिए काम कर रही है, पर अफसरशाही व लालफीताशाही ने अभी रवैया नहीं बदला है। इसके लिए व्यापार मंडल को अगर संघर्ष का रास्ता अपनाना पड़ा तो उसे भी चुना जाएगा। इस मौके पर महापौर प्रमिला पाण्डेय, विधायक महेश त्रिवेदी, नीलिमा कटियार, एमएलसी सलिल विश्नोई, विधायक सुरेंद्र मैथानी, सपा विधायक अमिताभ बाजपेई और मोहम्मद हसन रूमी ने भी विचार रखे।


मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और मुकुंद मिश्रा का सम्मान किया गया। अमृत विचार


वैश्य एकता परिषद की कार्ययोजना जारी की गई। अमृत विचार

### इनका हुआ सम्मान

समारोह में जलशक्ति मंत्री व प्रदेश अध्यक्ष ने 12 व्यापारियों को सम्मानित किया। इनमें कन्हैया लाल गुप्ता, बलदेव राज मल्होत्रा, जगदीश चंद्र, शिवकुमार गोयल प्रमुख रहे। अपने क्षेत्र में बेहतर काम के लिए डॉ अनुराग मल्होत्रा, हास्य कलाकार अन्नू अवस्थी, कवि हेमंत पांडे, इंडियन आइडल के वैभव गुप्ता, मोनिका वाजपेई को सम्मानित किया गया।

### यह व्यापारी रहे मौजूद

समारोह में सुनील बजाज, मणिकांत जैन, प्रदेश युवा महामंत्री संत मिश्र, कृपा शंकर त्रिवेदी, विजय पांडे, रामकिशोर मिश्रा, राकेश सिंह राजेंद्र शुक्ला, टीकम चंद सेठिया, प्रकाश वीर आर्य, आरती दीक्षित, महेंद्र गुप्ता, सुशील गुप्ता, राजेश गुप्ता, सरताज अहमद, विनय अरोड़ादीप अरोड़ा, योगेंद्र सिंह, गुलशन जायसवाल, सत्य प्रकाश, राहुल दीक्षित, रामजी शुक्ला, गीता गुप्ता विजय राज, सचिन शुक्ला, सुशील अवस्थी, सतीश गुप्ता, संजीव अग्रवाल, सरताज विनय अरोड़ा मौजूद रहे।

## व्यापारियों को पदों पर नामित करें

- अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद की बैठक

**कानपुर।** समाज सेवा में अग्रणी भूमिका निभाने एवं सरकार के खजाने में राजस्व देने वाले व्यापारी बंधुओं को सरकारी निगमों एवं महत्वपूर्ण सरकारी संस्थानों में मनोनीत किया जाए। ये मांग अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद की बैठक में की गई। रविवार को अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद की ज्ञान भारती एम एस इंटर कॉलेज बिरहाना रोड में डॉ.सुमंत गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक हुई जिसका संचालन श्री कृष्ण गुप्ता बब्बू जी ने किया। परिषद की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुमन गुप्ता ने कहा कि वैश्य समाज को वह सम्मान नहीं मिल पाता जिसका वह हकदार है। कार्यकारी अध्यक्ष नरेश माहेश्वरी ने कहा कि व्यापारी बंधुओ को सरकारी निगमों व अन्य महत्वपूर्ण सरकारी संस्थानों में मनोनीत किया जाए। बैठक में बताया गया कि 22 सितंबर को मंदाकिनी सभागार साकेत नगर में वैश्य व्यापारिक प्रतिनिधि सम्मेलन होगा। बैठक में पवन गुप्ता, विजय महेश्वरी, आर पोरवाल, रवि गुप्ता, अखिलेश गुप्ता, किशन केसवानी, अभिषेक गुप्ता, मोनू अमित गुप्ता, पवन गुप्ता, सभी पार्षद गुरु नारायण गुप्ता, रमेश गुप्ता, विवेक गुप्ता, सत्येंद्र माहेश्वरी, विष्णु राठौर, दिनेश गुप्ता, संजय शिवहरे ऋषि ओमर आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### डॉ. महक सिंह बने सदस्य



**कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के प्रोफेसर एवं वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ महक सिंह को राज्य कृषि सलाहकार समिति में बतौर सदस्य नामित किया गया है। यह जानकारी विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ खलील खान ने दी। उन्होंने बताया कि कृषि उत्पादन आयुक्त उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है। समिति का दायित्व प्रदेश में कृषि विभाग द्वारा प्रत्येक संचालित केंद्र व राज्य सहायतित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं उनका लाभ कृषकों तक पहुंचाने के लिए समीक्षा एवं प्राप्त सुझावों पर चर्चा के बाद अनुशंसा करना है।

### चोरी के 11 मोबाइल के साथ चोर गिरफ्तार

**कानपुर।** स्वरूप नगर पुलिस ने एक मोबाइल चोर को गिरफ्तार करके चोरी के 11 मोबाइल बरामद किए हैं। चोर ने तीन दिन पहले ही कार्डियोलॉजी के पास एक दंपति को निशाना बनाया था। स्वरूप नगर अतिरिक्त इंस्पेक्टर बृजभानु पांडेय ने बताया कि दो दिन पहले उन्नाव के माखी निवासी नीरज राठौर ने मोबाइल चोरी की एफआईआर दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। 50 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज चेक किए गए। फुटेज के आधार पर मोबाइल चोर को पकड़ा गया। उसने अपना नाम रोहित यादव निवासी ग्राम बनीपारा थाना रूरा बताया। आरोपी के पास से 1.5 लाख कीमत के 11 फोन बरामद किये गये। उसने बताया कि भीड़भाड़ वाले इलाकों में वारदात करता है। चोरी के मोबाइलों को औने पौने दामों में बेचकर अपने शौक पूरा करता था।

### घर से 9 लाख का माल ले गए

**कानपुर।** सेन पश्चिम पारा थानाक्षेत्र में रात में मकान में दाखिल हुए चोरों ने करीब 9 लाख का माल पार कर दिया। चोरी के वक्त परिवार घर पर ही सोया हुआ था। सुबह नींद खुलने पर सामान अस्त व्यस्त देख घटना की जानकारी हुई तो पुलिस को सूचना दी। स्वर्ण जयंती विहार निवासी पूजा शुक्ला ने बताया कि उनका दो तल का मकान है। 17 सितंबर की रात्रि वह पति सौरभ दो बेटियों व मां के साथ भूतल में बने हॉलनुमा कमरे में सो रही थीं। इसी दौरान मेन गेट की अंदर से बंद कुंडी खोलकर घुसे चोर मकान के ऊपरी तल पर पहुंचे और कमरे में रखी अलमारी से करीब 8 लाख के गहने और करीब 50 हजार की नगदी व अन्य सामान सहित 9 लाख का माल पार कर दिया। सुबह मौके पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी खंगाले तो देर रात एक व्यक्ति घर के पास घूमता नजर आया। सेन पश्चिम पारा थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जानकारी जुटाई जा रही है।


भैरव घाट पर स्वच्छता अभियान चलाती जमीअत उलमा की टीम। अमृत विचार

## भैरव घाट पर जमीअत का स्वच्छता अभियान

**कानपुर।** पैगंबर मोहम्मद साहब के यौमे विलादत (जन्मदिन) पर जमीअत उलमा की टीम ने मोहब्बत का पैगाम देने के लिए भैरव घाट पर परिवर्तन फोरम के सहयोग से स्वच्छता अभियान चलाया।

रविवार को सुबह साढ़े छह बजे जमीयत उलमा शहर कानपुर की टीम ने पैगाम-ए-मोहब्बत फोरम और कानपुर परिवर्तन फोरम के साथ भैरव घाट पहुंचकर सफाई अभियान में हिस्सा लिया। कानपुर जमीअत उलमा के महामंत्री मौलाना अमीनुल हक अब्दुल्लाह कासमी ने कहा कि आज एक-दूसरे के खिलाफ नफरत, बदगुमानी और दूरियां बहुत ज्यादा हो गई हैं। ऐसे में हमारी छोटी-छोटी कोशिशों से दूरियों को जितना कम किया जा सके वह बेहतर है। नफरतें व गलतफहमियां दूर करनी हैं। अभियान में मौलाना अनीसुर्रहमान कासमी, कारी अब्दुल मुईद चौधरी, मौलाना अनसार अहमद जामई, मुफ्ती इजहार मुकर्रम कासमी, मौलाना मुहम्मद तारिक कासमी, मौलाना इमामुद्दीन कासमी, मौलाना शोएब मोबीन मजाहिरी, कारी बदरुज्जमां कुरैशी और मौलाना सऊद जामई आदि शामिल रहे।

# उपचुनावों में ताकत दिखाएंगे व्यापारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- प्रतिनिधि व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश की ओर से हुआ व्यापारी महाकुंभ
- मर्चेंट चेंबर में व्यापारियों ने भरी हुंकार, राजनैतिक हिस्सेदारी मांगी

**अमृत विचार।** प्रतिनिधि व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश का रविवार को मर्चेंट चेंबर हॉल में व्यापारी महाकुंभ आयोजित हुआ। समारोह में व्यापार मंडल से जुड़े प्रदेशभर के व्यापारी शामिल हुए। इस दौरान व्यापारियों ने राजनैतिक हिस्सेदारी की हुंकार भरी। आह्वान किया गया कि प्रदेश में उपचुनावों में व्यापारी बढ़-चढ़ कर मतदान करेंगे। वोट के रूप में वे अपनी ताकत दिखाएंगे।

व्यापारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप शुक्ला का प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आगामी उपचुनावों में संगठन सभी विधान सभाओं में सम्मेलन कर व्यापारियों को अपनी ताकत दिखाकर अपना मत प्रतिशत बढ़ाएगा। जिससे व्यापारियों की राजनीतिक हिस्सेदारी सुनिश्चित हो। व्यापारी लगभग 30 फीसदी वोट और नोट राजस्व के रूप में देता है। इसके बाद भी राजनैतिक हिस्सेदारी न के बराबर है। अब यह चलने नहीं दिया जाएगा। व्यापारियों ने कहा कि ऑनलाइन व्यापार से प्रतिस्पर्धा के लिए सरकार को व्यापारियों को बूस्टर पैकेज देना चाहिए। व्यापारियों को सुरक्षा मुहैया करानी चाहिए। व्यापारियों को शस्त्र लाइसेंस भी दिए जाने की मांग की गई है। कार्यक्रम में डॉ सरद बाजपई, गौरी शंकर अग्रवाल, प्रीति रंजन मेकअप आर्टिस्ट, मनीषा जैन महिला उद्यमी वाराणसी, सतेंद्र बाजपई व डॉ आदर्श पांडे समाजसेवी उन्नाव को सम्मानित भी किया गया। बीजेंद्र गुप्ता, मनीषा जैन, डॉ अदिति सिंह, केके गुप्ता, अमरेन्द्र पांडे प्रदेश, राम कुमार गुप्ता, डॉ पीसी गुप्ता, शुशान्त पांडे, जेपी यादव, अतुल शर्मा, उदित गर्ग राम शंकर गुप्ता मौजूद रहे।


राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप शुक्ला का स्वागत किया गया। अमृत विचार

## खोई राजनीतिक विरासत पाने को एकजुट हों

**कानपुर।** कुर्मी स्वाभिमान महासंघ का सजातीय जनजागरण व सम्मान समारोह शिवकृपा गेस्ट हाउस में हुआ। महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एसपी वर्मा ने समाज को एकजुट होकर खोई राजनीतिक विरासत को पाने के लिए वोट का अधिकार पहचानने और संगठन के माध्यम अपनी लड़ाई लड़ने का आह्वान किया। टीएन सिंह ने कहा कि जो भी दल हमारे समाज का मुख्यमंत्री बनाना स्वीकार करेगा, समाज उसका साथ देगा। राष्ट्रीय संरक्षक सुशील कटियार ने कहा कि अपने हक व अधिकार की लड़ाई लड़े। राष्ट्रीय महासचिव अवधेश कुमार कटियार ने कहा कि समाज को एकजुट करने के लिए गांव-गांव जाकर समाज को बांधें। समाज के वोटर बटने न दें। सम्मेलन की अध्यक्षता कृष्ण नारायन कटियार ने की। इस मौके पर संगठन ने समाज के प्रबुद्धजनों को सम्मानित किया। इस मौके पर राजू कटियार, सुनील कटियार, शैलेन्द्र गंगवार, दिलीप कुमार कटियार, सुधीर गंगवार, रामेन्द्र कटियार, रामेन्द्र पटेल, विनोद वर्मा, धनंजय पटेल, अजय कटियार, नीरज सचान, मनोज सचान आदि रहे।

## मोदी के जन्मदिन पर स्वच्छता अभियान

**कानपुर।** पीएम नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के सभी जिलों में सेवा पखवाड़ा के माध्यम से कार्यक्रम आयोजित करेगी। क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने पदाधिकारियों के साथ बैठक की। तय किया गया कि सभी जिलों में स्वच्छता अभियान के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसमें सभी 17 जिलों में प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर अतिथि तय कर दिए गए हैं।

# फिल्म में सिखों की संस्कृति दिखाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल के जयकारों से गूंजा सिनेमा हाल

**अमृत विचार।** श्री गुरु रामदास जी के 450वें गुरता गद्दी दिवस को समर्पित विशेष आयोजन के रूप में पंजाबी फिल्म बिबी रजनी का प्रदर्शन गुरुदेव टॉकीज में किया गया। यह फिल्म सिखों की संस्कृति और विरासत को दर्शाती है। कार्यक्रम के दौरान पूरा सिनेमा हॉल 'जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल' के जयकारों से गूंज उठा।

रविवार को टॉकीज में ये फिल्म देखने के लिए गोविंद नगर, गुमटी नंबर पांच, लाजपत नगर समेत शहर के विभिन्न क्षेत्रों से सिख समाज के लोग पहुंचे जिससे सारी सीटें फुल हो गईं।

इस फिल्म दिखाने के कार्यक्रम की अध्यक्षता गुरुद्वारा बाबा नामदेव के प्रधान सरदार नीतू सिंह ने की। इस मौके पर सिमरनजीत सिंह ने कहा कि ये फिल्म सिखों की संस्कृति और विरासत को दर्शाती है।

कार्यक्रम संयोजक एवं गुरुद्वारा के प्रधान सरदार नीतू सिंह ने बताया कि श्री गुरु रामदास जी का प्रकाश उत्सव 13 अक्टूबर 2024 को गुरुद्वारा बाबा नामदेव जी, किदवई नगर, कानपुर में मनाया जाएगा। फिल्म प्रदर्शन के दौरान सिख पंजाबी वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष अमरजीत सिंह पम्मी गुरदेव सिंह सलूजा, पियूष सिंह एडवोकेट, मनप्रीत सिंह, अशोक अरोड़ा, जसबीर सिंह भाटिया आदि थे।

विदा | गणपति प्रतिमाओं का धूमधाम से विसर्जन, पंडालों में धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन हुए

# छलकीं आंखें, उड़ा गुलाल, जल्दी आना अगली बार


जुलूस के साथ रंग-गुलाल उड़ाते गणपति प्रतिमा को विसर्जन के लिए ले जाते भक्त। अमृत विचार


गणेश प्रतिमा को विसर्जित करते भक्त। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर के तमाम पंडालों से गणपति बप्पा प्रतिमाओं की विसर्जन यात्रा रविवार को गाजे-बाजे के साथ श्रद्धालुओं ने नाचते गाते और गुलाल उड़ाते निकाली। हवन-पूजन और आरती के दौरान बप्पा से अगले साल जल्दी आने की प्रार्थना भी की गई।

गणेश प्रतिमा विसर्जन यात्राओं के रास्ते में बप्पा के जयकारे वातावरण में गूंजते रहे। महिलाएं नाचते और भजन गाते चल रही थीं। बड़ी संख्या में घरों में स्थापित विघ्नहर्ता को भी लोगों ने विदाई दी। चकेरी, श्यामनगर, नौबस्ता, बर्रा, गोविंदनगर, ग्वालटोली, काकादेव, कल्याणपुर, नवाबगंज और खलासी लाइन में पूजा पंडालों से डीजे व बैंड बाजा की धुन पर यात्राएं निकलीं।

गंगा बैराज, भैरो घाट, ड्योढ़ी घाट समेत अन्य घाटों पर प्रतिमाओं को पूजन व आरती के बाद विदा किया गया। इस दौरान पुलिस ने घाटों पर सख्ती बरती। बाद में कन्या भोज व भंडारे का आयोजन हुआ। उधर, जिन पंडालों में अभी प्रतिमाएं विराजमान हैं, वहां शाम को धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। मनमोहक झांकियों, डांडिया रास, संगीतमय भजन-कीर्तन से गणपति आराधना हुई।

## दान के बगैर गृहस्थ आश्रम निष्फल

**कानपुर।** दस लक्षण धर्म पर्व का आठवां दिन उत्तम त्याग है। दान के बगैर गृहस्थ आश्रम निष्फल होता है। इसलिए प्राप्त धन का उपयोग धार्मिक व सामाजिक कार्यों में भी करना चाहिए। त्याग से शांति प्राप्त होती है और यह मनोवैज्ञानिक सम्मत सत्य है।
यह बातें उत्तम त्याग धर्म पर आचार्य ने कहीं। शाम को आरती व पूजा की थाली सजाओ प्रतियोगिता हुई।

आनंदपुरी स्थित दिगंबर जैन मंदिर में रविवार को पर्युषण पर्व का आठवां दिन उत्तम त्याग धर्म का रहा। मंदिर में भगवान आदिनाथ, शांतिनाथ और पार्श्वनाथ का अभिषेक और शांतिधारा हुई। इस मौके पर प्रथम शांति धारा का सौभाग्य प्रवीण, अंतिम, रजत, दूसरा शैलेश जैन और तीसरा विवेक व राज कुमार को मिला। इसके बाद टीकमगढ़ से पधारे पंडित बृजेश जैन शास्त्री ने जैन मुख्य ग्रंथ तत्वार्थसूत्र का वाचन किया फिर संगीतमय पूजन हुआ।

## सार-संक्षेप

### अंतरिक्ष व वंशिका ने जीता पदक



मेडल के साथ अंतरिक्ष व वंशिका।

**कानपुर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से वाराणसी में आयोजित जोनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में दिल्ली पब्लिक स्कूल बर्रा के छात्र अंतरिक्ष वर्मा ने स्वर्ण पदक व छात्रा वंशिका सिंह ने कांस्य पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया है। अंतरिक्ष ने बालक अंडर-17 में 59 किलो भारवर्ग में व वंशिका ने बालिका अंडर-14 में 38 किलो भारवर्ग में प्रतिद्वंद्वी प्रतिभागियों को पछाड़ा। विद्यालय संस्थापक आलोक मिश्रा, प्रधानाचार्या जयंती मित्रा ने छात्र-छात्राओं को बधाई दी है।

### तुलसी के पौधे बांटे


तुलसी के पौधे बांटते जगतवीर सिंह द्रोण।

**कानपुर।** दादानगर सेवाग्राम कच्ची बस्ती में रविवार को तुलसी पौधों का वितरण राजू मौर्या के नेतृत्व में किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व सासंद कैप्टन पं जगतवीर सिंह द्रोण व भाजपा जिलाध्यक्ष दीपू पांडेय रहे। कार्यक्रम में मंडल प्रभारी अभिनव दीक्षित, मंडल अध्यक्ष प्रशांत पाल, श्रीराम तिवारी, आलोक तिवारी, राजेश चौहान, आलोक कुमार मिश्र, रंजीत आदि रहे।

### असाध्य रोगों में भी कारगर होम्योपैथी


सम्मान प्राप्त करतीं डा. आरती मोहन।

**कानपुर।** स्वरूप नगर स्थित होटल रॉयल क्लिफ में रविवार शाम को होम्योपैथिक साइंटिफिक सेमिनार का आयोजन हुआ। एचएमएआई के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.वीसी आचार्या ने बताया कि होम्योपैथिक दवाएं असाध्य रोगों में भी चमत्कारिक परिणाम देती हैं। दिल्ली से आए डॉ. नीरज पाश्रिचा ने आर्ट ऑफ प्रेस्क्राइबिंग पर जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार वर्मा ने कहा कि सही समय पर मरीज की शारीरिक और मानसिक स्थिति को देखते हुए होम्योपैथी विधा से इलाज शुरू जाए तो वह ठीक हो सकते हैं। पं.जवाहर लाल नेहरू होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. राकेश कुमार वर्मा, डॉ. अशोक दीक्षित, एसबीएल कंपनी के जोनल मैनेजर राजेश कुमार श्रीवास्तव, डॉ. डीपी सिंह चौहान, डॉ. जीडी शुक्ला, डॉ.राधेश्याम श्रीवास्तव, डॉ. पंकज आचार्या, डॉ. वाईके गोस्वामी, डॉ.सुधाकर औदिच्य, डॉ.हेमंत मोहन, डॉ.आरती मोहन, डॉ.संजय मिश्रा, डॉ. एसएन मिश्रा, डॉ.एमपी गुप्ता, डॉ.मनीष जैन, डॉ. आरके अग्निहोत्री, डॉ. दिवाकर तिवारी, डॉ. आरके वशिष्ठ, डॉ.संतोष तिवारी, डॉ.आनंद त्रिवेदी, शशिकांत मिश्रा, हर्षित तिवारी समेत 250 से अधिक डॉक्टर रहे।

### अभियान चलाकर बना रहे भाजपा सदस्य, जीत का भरा दम


मनोज भदौरिया।

**कानपुर।** भाजपा का सदस्यता अभियान बूथ वार चल रहा है। श्री राम ग्रुप ऑफ एजुकेशन नंदना घाटमपुर के चेयरमैन और भाजपा क्षेत्रीय सहसंयोजक शिक्षण प्रकोष्ठ कानपुर बुंदेलखंड मनोज सिंह भदौरिया की ओर से लगातार सदस्यता अभियान चलाकर भाजपा सदस्य बनाए जा रहे हैं। मनोज सिंह भदौरिया ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो एक परिवार के रूप में जुड़ी है। पार्टी में जो भी सदस्य जुउता है वह परिवार भावना से ही कार्य करता है। इसी वजह से भाजपा हर प्रदेश में मजबूत हो रही है। लोकसभा चुनाव जीतकर केंद्र में हमने तीसरी बार सरकार बनाई है। इसी तरह प्रदेश में भी हम 2027 विधानसभा चुनाव जीतेंगे। उन्होंने कहा कि इससे पहले हम 10 विधानसभा चुनाव में होने वाले उपचुनाव को भी जीतने जा रहे हैं।


कैबिनेट मंत्री राकेश सचान के साथ निरीक्षण करते नगर आयुक्त सुधीर कुमार।

### किदवई नगर की सड़कों के भरें गड्ढे, सफाई कराएं

**कानपुर।** एमएसएमई खादी ग्रामोद्योग और हथकरघा विभाग के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान के साथ रविवार को नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने वार्ड 100 किदवई नगर का निरीक्षण किया। मंत्री ने वार्ड की कई समस्याओं से नगर आयुक्त को अवगत कराया। वार्ड के मुख्य व संपर्क मार्गों पर कई गड्ढे मिले जिसपर नगर आयुक्त ने जल्द पैचवर्क करने के निर्देश दिये। वार्ड में विशेष सफाई अभियान चलाने के भी निर्देश दिये गये। नगर निगम अधिकारियों के साथ पहुंचे नगर आयुक्त ने साईं धाम मंदिर के पास श्रद्धालुओं के लिये टिन शेड का निर्माण कराए जाने के निर्देश दिए।


बहराणा साहब की शोभायात्रा निकाली गई। अमृत विचार

### महोत्सव के अंतिम दिन निकाली बहराणा साहब की शोभायात्रा

**कानपुर।** सिंधी कालोनी स्थित गणेश महोत्सव में रविवार को अंतिम दिन बहराणा साहब की शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें श्रद्धालु भजनों पर झूम उठे। महिला-पुरुष श्रद्धालु एक ही रंग के परिधान में निकले। महोत्सव पंडाल में झूलेलाल ट्रस्ट रामबाग के सेवादारों ने आरती की। इस मौके पर घनश्याम छाबड़ा, रवि बदलानी, विजय खत्री, अरविंद यादव, अमित खत्री, विजय राजपाल, राकेश राजपाल अशोक वासवानी, राजेश आहूजा, चंद्र पाल खिलवानी, सुनील हरगुनानी, सोनू छाबड़ा, अशोक पमनानी, सुमित, प्रियम, लविश आदि उपस्थित रहे।


समाचार पत्र वितरक समाज ने गणेश उत्सव मनाया। अमृत विचार

### पत्र विक्रेताओं ने किया गणपति का विसर्जन

**कानपुर।** समाचार पत्र वितरक समाज से जुड़े राजकुमार पांडेय के निवास पर आयोजित गणेश महोत्सव में श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा पूजन किया और धूमधाम से प्रभु की प्रतिमा का विसर्जन मैस्कर घाट पर किया। इस अवसर पर समाचार पत्र वितरक रमाशंकर, दिनेश पाण्डेय, वीरेंद्र मिश्रा, अनिल तिवारी, अनूप मिश्रा, जीतू सिंह, अतुल मिश्रा, सुमित तिवारी, राजू (पार्षद), हरिओम, कृष्णा चौबे, अजय सिंह, बबलू पांडेय, छेदी लाल, विजय गुप्ता, अशोक तिवारी, लल्लन पंडित, राखी, टुकटुक, चिया आदि रहे।

# झोलाछाप के इंजेक्शन से बिगड़ी हालत फिर मौत

## बेटी की तहरीर पर पुलिस पहुंची हालिया घाट, शव कब्जे में लिया

संवाददाता, पतारा

● भरतपुर पियासी गांव की रहने वाली थी महिला, पुलिस जांच में जुटी

**अमृत विचार।** घाटमपुर तहसील क्षेत्र में इस समय झोलाछाप क्लीनिकों की भरमार है। रविवार को पतारा विकास खंड के महिपालपुर गांव में झोलाछाप के इलाज से एक महिला की मौत हो गई। महिला कानपुर देहात के भरतपुर पियासी गांव की रहने वाली थी। महिला की बेटी की तहरीर पर मूसानगर के हालिया घाट पर अंतिम संस्कार के दौरान पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

गजनेर थानाक्षेत्र के भरतपुर पियासी गांव निवासी बीना (42) पत्नी इंद्र सिंह परिहार उर्फ लालू काफी समय से बीमार चल रही थी। उनका इलाज घाटमपुर के पतारा विकासखंड के महिपालपुर गांव निवासी झोलाछाप विनोद नायक कर रहा था। झोलाछाप ने महिला को इंजेक्शन लगाया, जिससे उसकी उसकी हालत बिगड़ गई। इस पर परिजन उसे तत्काल सीएचसी गजनेर ले गए। जहां डॉक्टर ने चेकअप के बाद हालत गंभीर देख अकबरपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान बीना की मौत हो गई। महिला की मौत के बाद परिजन शव के अंतिम संस्कार के लिए मूसानगर के हलिया घाट गए। बतादें मृतका के दो पुत्रिया रक्षा, दीक्षा हैं। रक्षा ने झोलाछाप के इलाज से मां की मौत की तहरीर थाने में दी। परिजन जब बीना को अग्नि देने वाले थे, इसी बीच घाट पर पहुंची गजनेर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस मामले की जांच और कार्रवाई कर रही है।


क्लीनिक में मौजूदा झोलाछाप।

### बगैर डिग्री के कर रहे इलाज

■ पतारा विकासखंड के लोगों के अनुसार नंदना व गिरसी कस्बा में झोलाछाप जगह-जगह क्लीनिक चला रहे हैं। झोलाछाप इंजेक्शन लगाने से लेकर हर प्रकार का इलाज करते नजर आ जाएंगे। किसी के पास इलाज से संबंधित कोई डिग्री नहीं है, फिर भी खुलेआम लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। कोई डी तो कोई एम फार्मा किए है, मगर उसकी आड़ में सारे इलाज किए जा रहे हैं।

"नंदना व गिरसी कस्बा में झोलाछाप क्लीनिक होने की जानकारी मिली है। जल्द ही टीम भेजकर झोलाछापों पर कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र में कई दिन लगातार अभियान चलाया जाएगा।

-अभिषेक कटियार, चिकित्साधिकारी सीएचसी पतारा

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**बिल्हौर।** अरौल थानाक्षेत्र के देवकली गांव में रविवार भोर पहर शराब के लती युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। देवकली निवासी रामखिलावन का पुत्र विश्राम सिंह उर्फ बिलोरी (28) खेती करता था। सात वर्ष पूर्व उसकी शादी हुई थी। वह पत्नी और तीन बच्चों के साथ अलग रहता था। शनिवार रात परिजन गणेश महोत्सव में गए थे। इधर बिलोरी ने कमरे में फांसी लगा ली। जब पत्नी आई तो उसने शोर मचाया, इस पर परिजन पहुंचे और शव को नीचे उतारा। पुलिस ने खबर पाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजनों के अनुसार युवक शराब का लती था।

## महिला के बाले नोच कर भागा युवक

**बिल्हौर।** बलरामनगर निवासी नन्ही कटियार रविवार सुबह घर की सफाई कर रही थी, तभी पीछे से आए एक युवक ने महिला पर हमला बोल दिया और उसके कान से बाले नोच लिए। युवक मौके से फारर हो गया। घटना की सूचना से इलाके में हड़कंप मच गया। थाना प्रभारी अशोक कुमार ने बताया इस प्रकार की घटना की जानकारी नही है।


गणपति बप्पा का विसर्जन करते भक्त। अमृत विचार


शिव-पार्वती की झांकी।


राधा-कृष्ण की झांकी।

# गणपति विसर्जन में उड़ा रंग-गुलाल, झूमते निकले भक्त

संवाददाता, घाटमपुर

**विदा**

▸▸ विसर्जन यात्रा का जगह-जगह स्वागत, भक्तों ने प्रतिमा पूजन कर उतारी आरती

▸▸ भक्तों ने लगाए स्टॉल, देवी-देवताओं की झांकियों ने मोहा मन, गूंजे जयकारें

**अमृत विचार।** घाटमपुर क्षेत्र के पतारा कस्बे में रविवार को धूमधाम से गणेश प्रतिमा विसर्जन यात्रा निकाली गई। हवन-पूजन के बाद कस्बे में जब यात्रा निकली तो भक्तों ने जगह-जगह प्रतिमा पूजन कर आरती उतारी। यात्रा में शामिल भक्त नाचते-गाते नजर आए। यात्रा में शमिल झाकियां भी आकर्षण का केंद्र बनी रही। भक्तों के जयकारों से वातावरण गूंजता रहा।

पतारा कस्बा स्थित बाबा बैजनाथ धाम मंदिर में गणेश चतुर्थी के दिन विधि विधान से गणपति की मूर्ति स्थापित की गई थी। रविवार को आठवें दिन पतारा कस्बे में धूमधाम से गणेश की विसर्जन यात्रा निकाली गई। भक्तों ने पहले गणपति का पूजन किया और आरती उतारी। इसके बाद विसर्जन यात्रा कस्बे के विभिन्न मार्गों पर घूमी। विसर्जन यात्रा में शामिल युवाओं की टोली बैज बाजे पर नाचते चल रही थी। विभिन्न गलियों से होते हुए तिलसडा रोड पहुंची यात्रा का कई जगह स्वागत किया गया। इसके बाद यात्रा सदर बाजार रोड, पुलिस चौकी होते हुए कानपुर-सागर हाईवे से होते रायपुर रोड पहुंची। स्टेशन के पास हनुमान मंदिर में गणेश पूजन के बाद कृत्रिम तालाब में मूर्ति का विसर्जित किया गया। इस दौरान मौजूद भक्तों ने गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे लगाए तो वातावरण गूंज उठा। इसके बाद मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। सुरक्षा के मद्देनजर भारी पुलिस फोर्स मौजूद रहा। घाटमपुर एसीपी रंजीत कुमार सिंह ने बताया की शांतिपूर्ण तरीके से गणेश प्रतिमा का विर्सजन हुआ है।

### खीर व शरबत का प्रसाद ग्रहण किया

■ विसर्जन यात्रा के दौरान कस्बावासियों ने तिलसड़ा रोड, गलियों, कस्बा मार्ग पर अनेकों स्टाल लगाए थे। इन स्टालों पर शरबत, खीर, पानी का लगातार वितरण किया जाता रहा। जब यात्रा कानपुर-सागर हाईवे पर पहुंची तो स्टालों पर भक्तों के खीर का प्रसाद चखा। इसी तरह पतारा कस्बा स्थित मिश्रा मार्केट में व्यापारियों ने स्टाल लगाकर प्रसाद वितरण किया। स्टालों पर विभिन्न प्रकार के फल भी वितरित किए गए। इस मौके पर धर्मेंद्र मिश्रा, लक्ष्मण सिंह, अवध पाल सिंह परिहार, शैलेंद्र मिश्रा, सम्मी गुप्ता, राजवीर, छैया सिंह, दीपक समेत आदि रहे।

### झांकियां रहीं आकर्षण का केंद्र

■ विसर्जन यात्रा ने गणेश प्रतिमा के साथ राधा-कृष्ण, शंकर-पार्वती की मनमोहक झांकियां आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। कस्बे में भक्तों ने देव स्वरूपों की झांकियों का कई जगह पूजा कर आरती भी उतारी। देव स्वरूपों में बैठे बच्चों का आशीर्वाद भी लिया।

### सरसौल में भी हुई विदाई

■ **सरसौल।** श्री लोक पालेश्वर महादेव मंदिर में स्थापित गणेश प्रतिमा का रविवार को विसर्जन से रामपुर रोड कालीमाता मंदिर परिसर में कृत्रिम तालाब में किया गया। श्री गजानन कल्याण समिति के पदाधिकारियों के साथ भक्तों ने धूमधाम से बप्पा की विसर्जन यात्रा निकाली।

# लंपी स्किन डिजीज से पशु पालकों को किया जागरूक

संवाददाता, घाटमपुर

● पशु चिकित्सकों ने पशुओं को लगाए टीके, बचाव व लक्षण भी बताये

**अमृत विचार।** भीतरगांव में पशुओं को एलएसडी जैसी संक्रामक बीमारी लंपी स्किन डिजीज से बचाने के लिए पशु चिकित्सकों ने पशुपालकों को रविवार को जागरूक किया। बीमारी के लक्षण व बचाव की जानकारी दी। विभाग 35 दिवसीय अभियान चला रहा है, इसके तहत पशुओं को टीके भी लगाए गए। अभियान की शुरुआत विकासखंड के बरूई अकबरपुर गांव से हुई।

पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओम प्रकाश वर्मा ने बताया कि एलएसडी जिसे लंपी स्किन डिजीज भी कहते हैं। यह एक संक्रामक बीमारी है। जो गाय, भेंड, बकरी आदि पशुओं को प्रभावित करती है। बीमारी मुख्य रूप से कीड़ों के काटने, दूषित चारा व संक्रमित पानी से फैलती है। उन्होंने बताया कि यह बीमारी एक पशु से दूसरे को होती है। संक्रमित पशु के संपर्क में आने पर भी पशु बीमार हो सकता है। इसके प्रारंभिक लक्षण आंख और नाक से पानी आना, त्वचा में गांठें और दूध में कमी होना है। बुखार की शुरुआत संक्रमण के लगभग एक सप्ताह बाद होती है। पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि अभियान की शुरुआत की जा चुकी है।

# यमुना का जलस्तर खतरे के निशान के पार

संवाददाता, घाटमपुर

● नदी के किनारे गांवों में बाढ़ का पानी घुसा, किसानों की फसलें भी डूबीं

● एसडीएम और एसीपी ने किया मौके पर निरीक्षण, ग्रामीणों को किया अलर्ट

**अमृत विचार।** यमुना नदी का जलस्तर लगातार तीन दिनों से बढ़ रहा है। राजस्थान के कोटा बैराज से पानी छोड़े जाने से इस समय नदी उफान पर है। जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। लगातार जलस्तर बढ़ने से प्रशासन भी चौकन्ना हो गया है। रविवार को एसीपी रंजीत कुमार सिंह व एसडीएम यादुवेंद्र सिंह ने निरीक्षण किया और यमुना नदी के किनारे गांव के लोगों को सुरक्षित स्थान पर रहने को कहा है।

घाटमपुर क्षेत्र में यमुना का जलस्तर बढ़ता देख एसीपी व एसडीएम ने रविवार को यमुना नदी व उसके किनारे बसे गांवों का निरीक्षण किया। ग्रामीणों को यमुना नदी का जलस्तर खतरे के निशान के पार करने की जानकारी दी। अधिकारियों ने लोगों को यमुना नदी किनारे जाने से भी रोका है। अधिकारियों के अनुसार कोटा बांध से पानी छोड़े जाने के चलते बेतवा के साथ यमुना नदी का जलस्तर भी बढ़ रहा है। यमुना का जलस्तर बढ़ने से तटवर्ती गांवों में कटरी, काटर, गड़ाथा, अमिरतेपुर, कोटरा, मकरंदपुर, बीरबल का अकबरपुर, बीबीपुर, रामपुर, अस्वास मऊ, लोहरीमऊ, समुही, हरदौली सहित लगभग दो दर्जन गांवों के किसानों की सैकड़ों बीघा फसल जलमग्न हो गई है।

किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें हैं। किसानों को अब चिंता सता रही है कि जलस्तर बढ़ने से खेतों में बोई फसल बर्बाद हो जाएगी। बीते साल भी नदी का जलस्तर बढ़ने से दो दर्जन से अधिक गांव की सैकड़ों बीघा फसल बर्बाद हो गई थी। एसडीएम घाटमपुर यादुवेंद्र सिंह ने बताया कि यमुना का जलस्तर खतरे का निशान पार कर गया है। ग्रामीणों को आगाह किया गया है कि यमुना नदी के आसपास न जाएं। लेखपालों को मौके पर रहने के निर्देश दिए गए हैं।


यमुनापट्टी के गांव का निरीक्षण करते एसडीएम व एसीपी। अमृत विचार

# कटखने बंदरों का आंतक छह लोग हुए जख्मी

शिवराजपुर, संवाददाता

**अमृत विचार।** महिपालपुर गांव में इन दिनों कटखने बंदरों का आतंक है। बंदरों ने अब तक 6 लोगों को काटकर जख्मी किया है। जिससे ग्रामीणों में डर का माहौल है। लोग अकेले घर से बाहर नहीं निकल रहे हैं। बंदरों पर बाहर जाने की परिजनों ने पाबंदी लगा दी है। अगर कोई बाहर जाता है तो कोई न कोई साथ जरूर होता है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना ग्राम प्रधान के साथ वन विभाग को भी दी है।

महिपालपुर में 2 दिन पूर्व एक बंदर बाहर से आया है, जो लगातार गांव में आतंक फैलाए हैं। इस बंदर के कारण अन्य बंदर भी हमलावर हो गए हैं। बंदर लगातार किसी न किसी को निशाना बना रहे हैं। जिससे गांव में डर का माहौल है। ग्रामीण मनीष कश्यप, गुड्डू गौतम, अफसाना बेगम को बंदर ने काटकर जख्मी कर दिया है। इन सभी का इलाज चल रहा है। ग्राम प्रधान आशुतोष कटियार ने बताया बंदर के आतंक से ग्रामीण परेशान हैं। वन विभाग को सूचना दी गई है। बंदर ने कई लोगों को काटा है। वन विभाग की टीम आने पर उनका सहयोग किया जाएगा और बंदर को पकड़ेंगे।


जख्मी अफसाना

# लेखाधिकारी जारी करेंगे बीएनएसडी में शिक्षकों का वेतन

**कानपुर।** बीएनएसडी इंटर कॉलेज के शिक्षकों का वेतन अब लेखाधिकारी जारी करेंगे। स्कूल के एक शिक्षक की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए शिक्षा विभाग की ओर से यह निर्णय लिया गया है। इस निर्णय के बाद स्कूल में मौजूद लगभग 50 शिक्षक व कर्मचारियों के वेतन संबंधी सभी प्रक्रिया अब लेखाधिकारी की जिम्मेदारी बन गई है। पूरे मामले पर जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि पूर्व में स्कूल के एक शिक्षक की ओर से उनके वेतन संबंधी प्रक्रिया में खामी बताकर शिकायत की गई थी। उस शिकायत पर कार्रवाई करते हुए यह निर्णय लिया गया है।

# गैस एजेंसी में चोरी करने वाले तीन चोर दबोचे

संवाददाता, बिधनू

**अमृत विचार।** बिधनू थानाक्षेत्र के खेरसा गांव में जयसिंहपुर रोड स्थित गैस एजेंसी में बुधवार रात चोर पांच लाख का माल चोरी कर ले गए थे। पुलिस ने शनिवार को तीन चोरों को दबोच लिया और नकदी व मोबाइल बरामद किया है।

खेरसा गांव निवासी पूर्व प्रधान नरेंद्र कुशवाह की जयसिंहपुर रोड पर गैस एजेंसी है। चोरों ने बीते बुधवार की रात एजेंसी का ताला तोड़कर अलमारी में रखे तीन लाख रुपये व दो लाख के जेवर चोरी कर ले गए थे। सीसीटीवी फुटेज देखने पर तीन चोर घटना को अंजाम देते नजर आए थे। एजेंसी के बाद चोरों ने बगल में सूरज बली की आटाचक्की से भी पांच हजार रुपये ले गए थे। सीसीटीवी फुटेज की मदद से पुलिस को सूचना मिली कि उक्त चोर धरमपुर बंबा के पास हाईवे के किनारे एक खाली कोठरी में रहते हैं। इस पर शनिवार शाम पुलिस ने छापा मारकर सजेती के मेहरअलीपुर निवासी सुनील कुमार को दबोच लिया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने दो अन्य साथी जहानाबाद पपरेन्दा निवासी चंदन व पोजेपुर निवासी अतुल कुमार को उनके घर से गिरफ्तार किया। चोरों के पास एक मोबाइल व चोरी के 22, 500 रुपये बरामद हुए।

# मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** भिंडुरी गांव स्थित साईं कालेज ऑफ मेडिकल साइंस एंड टेक्नोलॉजी परिसर में रविवार को साईं हास्पिटल का शुभारंभ सांसद अशोक रावत व विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने किया। जनप्रतिनिधियों ने हास्पिटल को क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि बताई। निशुल्क चिकित्सा लाभ के लिए ग्रामीणों को हेल्थ कार्ड भी बांटे गए।

सांसद ने कहा कि स्वास्थ्य व शिक्षा दोनों ही मानव जीवन की जरूरत हैं। साईं संस्थान दोनों जरूरतों को पूरा कर मानव सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। अस्पताल में आयुष्मान और अन्य सरकारी चिकित्सा सुविधाएं भी दी जाएंगी। इस मौके पर बताया गया कि अस्पताल में 24 घंटे आईसीयू, एनआईसीयू, ऑपरेशन थिएटर, एचडीयू आदि चिकित्सा सुविधाएं हैं। संस्थान के निदेशक संजय माथुर अध्यक्ष मोनिशा माथुर डॉ. जीके तिवारी, अरविंद द्विवेदी, एपी सिंह, डॉ. शोएब, डॉ. नेहाल, प्रशांत जेमिनी, अन्नपूर्णा दास व मनोज सिंह आदि व क्षेत्रीय लोग रहे।


हॉस्पिटल का शुभारंभ करते क्षेत्रीय सांसद अशोक रावत व विधायक राहुल बच्चा।

● सांसद व विधायक ने अस्पताल की शुरुआत को क्षेत्र के लिए बताया बड़ी उपलब्धि

## सार-संक्षेप

### शादी का झांसा देकर युवती का शोषण, रिपोर्ट

**घाटमपुर।** कस्बा की एक युवती ने युवक पर शादी का झांसा देकर शोषण का आरोप लगाया है। युवती का आरोप है कि युवक ने बहलाकर बोलेरो में ले गया और दुष्कर्म किया। विरोध पर जान से मारने की धमकी दी। युवती की तहरीर पर घाटमपुर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है। युवती का आरोप है कि शादी की बात करने के लिए युवक ने अपने घर भी बुलाया था और शोषण किया। शिकायत पर परिवार को भी जान की धमकी दी।

### खरगपुर गांव से मवेशी चोरी

**चौबेपुर।** खरगपुर गांव में शनिवार रात चोरों ने दर्जनभर मवेशियों को खोल ले गए। पशुपालकों ने तहरीर दी है। खरगपुर निवासी पशुपालक वीरेंद्र सिंह ने पुलिस को बताया कि शनिवार रात चोर उनकी 10 बकरियां, 5 बकरे ले गए हैं। भोर पहर करीब पौने चार बजे बाड़े के पास एक कार लोगों ने खड़ी देखी थी। क्षेत्र में इसके पहले भी कार से बकरा-बकरी चोर ले गए हैं। प्रभारी निरीक्षक राजेंद्रकांत शुक्ला ने बताया कि मामले की जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

### मगरमच्छ को रस्सी से बांधकर पकड़ा

**बिठूर।** लगातार हो रही बारिश के कारण निचले स्थानों पर रहने वालों को बाढ़ के साथ अब मगरमच्छ का भी खतरा बढ़ गया है। रविवार को बिठूर थानाक्षेत्र के सम्भरपुर गांव में एक मगरमच्छ दिखाई दिया। जिससे लोग दहशत में हैं। कुछ ग्रामीणों ने हिम्मत जुटाकर मगरमच्छ को रस्सी से बांध दिया और पुलिस को सूचना दी। मामले की खबर पाकर पहुंची पुलिस ने वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी।

# अनुपम के भाई डब्बन का सामान कुर्क

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

● डकैती के मुकदमे में फरार चल रहा था, छिबरामऊ थाना पुलिस ने की कार्रवाई

● कमरे से निकले एयर कंडीशनर, फर्नीचर और इलेक्ट्रॉनिक सामान जब्त

**अमृत विचार।** मथुरा जेल में बंद माफिया अनुपम दुबे के भाई अनुराग दुबे उर्फ डब्बन के आवास पर रविवार को छिबरामऊ पुलिस ने कुर्की की कार्रवाई की। न्यायालय के आदेश पर कुर्की की कार्रवाई की गई। इस दौरान फतेहगढ़ कोतवाली सहित कई थानों का फोर्स मौजूद रहा।

जनपद कन्नौज के थाना छिबरामऊ क्षेत्र निवासी राजेश चौहान ने सन 2021 में अनुपम दुबे, उनके भाई अनुराग दुबे सहित कई लोगों पर डकैती सहित गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद से अनुराग दुबे उर्फ डब्बन लगातार फरार चल रहा है। इसके चलते 6 सितंबर को डकैती कोर्ट कन्नौज ने अनुराग दुबे उर्फ डब्बन के मकान की कुर्की के आदेश दिए। रविवार को छिबरामऊ थाने के क्राइम इंस्पेक्टर चंद्रप्रकाश तिवारी फर्रुखाबाद पहुंचे। कोतवाली फतेहगढ़ से फोर्स को लेकर छिबरामऊ पुलिस मोहल्ला कसरट्टा स्थित माफिया अनुपम दुबे के आवास पर पहुंची। आवास पर अनुराग दुबे के कमरे की कुर्की की कार्रवाई की गई। कमरे से निकले एसी फर्नीचर सोफा इलेक्ट्रॉनिक सामान को जब्त किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकार अमृतपुर रविंद्र नाथ राय, कोतवाल फतेहगढ़ अमोद कुमार सिंह, थानाध्यक्ष मऊ दरवाजा भोलेंद्र चतुर्वेदी सहित भारी पुलिस फोर्स मौजूद रहा। क्राइम इंस्पेक्टर चंद्र प्रकाश तिवारी ने बताया ने न्यायालय के आदेश पर आरोपित के विरुद्ध कुर्की की कार्रवाई की गई है।


बसपा नेता अनुपम दुबे के घर से उनके फरार भाई अनुराग दुबे उर्फ डब्बन के कमरे का सामान कुर्क करती पुलिस।

# लकड़बग्घों के झुंड ने 27 भेड़ों का किया शिकार

संवाददाता, बिवांर (हमीरपुर)

● लोगों में दहशत, 10 मेमने भी गायब

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के पाटनपुर गांव में शनिवार रात एक पशुपालक के बाड़े में लकड़बग्घों ने घुसकर भेंडों पर हमला कर दिया। इससे 27 भेंडों की मौत हो गई। जबकि 10 मेमने गायब हैं। पशुपालक ने जब सुबह देखा तो भेड़ों के क्षत-विक्षत शव मिले। सूचना पर मौके पर पहुंचे डीएफओ ने पशु बाड़े का निरीक्षण किया और पग चिह्नों के आधार पर लकड़बग्घों की पुष्टि की।

पाटनपुर गांव निवासी जयवीर व शिववीर पुत्र रामनारायण भेड़ पालन का कार्य कर अपना जीवन यापन करते हैं। शनिवार शाम पशुबाड़े में भेड़ों को बांधकर घर चले गए। खाना खाकर वापस छोटा भाई शिववीर आकर पशुबाड़े में रात करीब 10 बजे सो गया। बाड़े में करीब 3 बजे सुबह लकड़बग्घों के झुंड ने हमला बोल दिया है। पशु बाड़े में बंधी करीब 60 भेड़ों में से 25 भेड़ों को मार डाला है। चार बुरी तरह से घायल हो गई हैं। दहशत में बाड़े में बंधी भेड़ बाड़े से भाग गईं। सुबह ग्रामीणों के देखने पर भेड़ बाड़े से बाहर मिलीं। जिस पर शिववीर को जगाने पर बाड़े पर देखने पर क्षत-विक्षत भेड़ों के शव मिले। भेड़ों के एक दर्जन मेमने गायब थे। दो मेमनों के मौके पर शव मिले हैं। भेड़ों के शव पशुबाड़े से लेकर गांव के बाहर बंधी तक पाए गए। सूचना पर मौके पर वन विभाग की टीम पहुंची। जिन्होंने पगचिह्नों के निशान को देखकर लैब परीक्षण पर लकड़बग्घे होने की पुष्टि की है। डीएफओ अनिल कुमार श्रीवास्तव ने मौके पर पहुंचकर पशु बाड़े का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि लकड़बग्घों को पकड़ने के लिए वन रेंजर सुरेश कुमार त्रिपाठी की अगुवाई में पांच सदस्यीय टीम गठित की गई है।

# बहू की हत्याकर ससुर ने भी जान दी

कार्यालय संवाददाता महोबा

● शराब के नशे में हत्या के बाद ससुर ने फांसी लगाई

● महोबकंठ थाना क्षेत्र के ग्राम सौरा का मामला

**अमृत विचार।** बहू-ससुर के बीच हुए विवाद के चलते ससुर ने शराब पीकर बहू को कुल्हाड़ी से काट डाला। शराब का नशा उतारने पर घबराए ससुर ने यूपी से सटे मध्य प्रदेश के एक गांव में फांसी लगाकर जान दे दी। घटना महोबा जनपद के थाना महोबकंठ क्षेत्र के ग्राम सौरा की है। पुलिस ने बहू के शव का पंचनामा कर दिया जबकि ससुर का शव सीमा विवाद मेंखबर लिखे जाने तक नहीं उठाया गया था।


मायादेवी।

थाना महोबकंठ के ग्राम सौरा निवासी गोपाल कुशवाहा 55 का आए दिन बहू से विवाद होता रहता था। ससुर शराब पीने के बाद बहक जाता था और बहू से गाली-गलौज करता था, रविवार को शराब पीने के बाद ससुर ने बहू के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। बहू ने इसका विरोध किया तो विवाद बढ़ गया। विवाद बढ़ने पर ससुर ने कमरे में रखी कुल्हाड़ी से बहू माया देवी 32 पर कई वार कर दिए। इससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। बहू की मौत के बाद जब ससुर का नशा उतरा तो वह बुरी तरह घबरा गया और घर छोड़कर भाग गया। गांव से चंद कदम की दूरी पर मध्य प्रदेश की सरहद में एक पेड़ में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। लोग ने गोपाल कुशवाहा का शव लटका हुआ देखा तो मध्य प्रदेश पुलिस को सूचना दी। एमपी की पुलिस ने सीमा विवाद के चलते तहरीर नहीं ली, जिससे खबर लिखे जाने तक गोपाल के शव का पंचनामा नहीं हो पाया।


घटनास्थल पर मौजूद लोग। अमृत विचार



बाढ़ से घिरने पर नाव से आवागमन करते आढ़न पथार गांव के लोग। अमृत विचार



बाढ़ से जलमग्न पुलिया से निकलते ग्रामीण अमृत विचार

# यमुना की बाढ़ से 33 गांवों की फसलें बर्बाद

## ○ यमुना का जलस्तर 108.47 मीटर पर, घटने लगा पानी ○ स्वास्थ्य व पशु विभाग की टीमें भेजने की मांग

संवाददाता मूसानगर

**अमृत विचार।** यमुना में आई बाढ़ ने तटवर्ती गांवों में रहने वाले लोगों की मुसीबतें बढ़ा दी हैं। हालांकि देर रात तक पानी थमने से लोगों ने राहत की सांस ली, लेकिन जलस्तर अभी तक खतरे के निशान के ऊपर है। जिससे 33 गांवों की हजारों बीघा फसलें जलमग्न हैं और बर्बाद होने की कगार पर हैं।

भोगनीपुर तहसील क्षेत्र के आढ़न पथार, मुसरिया, क्योंटरा बांगर, नगीना बांगर, रिमाइन देवी, पड़ाव के मार्गों में बनी पुलिया बाढ़ से डूब गई है। जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी है। रिमाइन देवी मनकी पुल के पहले बनी पुलिया डूब जाने से हमीरपुर, जालौन, कानपुर देहात जिलों के दर्जनों गांवों के लोगों का संपर्क टूट गया है। वहीं क्योंटरा बांगर गांव यमुना और सेंगुर नदी के संगम तट पर बसा है। पुलिया डूब जाने से दोनों नदियों से पूरी तरह घिर गया है। लोग खतरे के बीच कमर तक पानी से होकर गुजर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि क्योंटरा बांगर गांव तहसील क्षेत्र में सबसे अधिक खतरे में आ जाता है। फिर भी प्रशासन के उच्चाधिकारी गांव न जाकर चपरघटा पुल से स्थिति का जायजा लेकर चले जाते हैं। बताया कि बाढ़ का पानी उतर जाने के बाद और भी मुसीबतें बढ़ेंगी। क्योंकि खरपतवार और नष्ट फसलों की सड़ांध से बदबू व रास्तों में कीचड़ आदि से संक्रमण फैलने का खतरा रहेगा। लोगों ने प्रशासन से मांग कि स्वास्थ्य व पशु चिकित्सीय टीमें गांव-गांव भेजी जाएं। वहीं बाढ़ से क्षेत्र के करीब 33 गांवां में किसानों की सैकड़ों एकड़ लहलहाती तिल, अरहर, ज्वार, बाजरा आदि की फसलें जलमग्न होकर बर्बादी की कगार पर हैं। साथ ही मवेशियों के लिए चारे का भीषण संकट हो गया है। तहसीलदार भोगनीपुर सुनील कुमार ने बताया कि तहसील क्षेत्र के 33 गांवों के किसानों की सैकड़ों बीघा फसलें जलमग्न हैं। वहीं केंद्रीय जल आयोग कालपी केंद्र के शिफ्ट प्रभारी रुपेश कुमार ने बताया कि रविवार शाम तीन बजे का यमुना का जलस्तर 108.47 मीटर पर है। फिलहाल 4 से 5 सेंटीमीटर प्रति घंटे के हिसाब से जलस्तर घटना शुरू हो गया है। पिछले चौबीस घंटों में 0.35 मीटर जलस्तर घटा है।

### बीमारी की आशंका पर बाढ़ग्रस्त गौहानी पहुंची स्वास्थ्य टीम

**राजपुर।** यमुना का जलस्तर बढ़ने से नदी की तलहटी में बसे गौहानी बांगर गांव के रास्ते बाढ़ से घिर गए हैं। ऐसे में संक्रामक बीमारी फैलने की आशंका है। डीएम ने निर्देश पर रविवार को पीएचसी से स्वास्थ्य टीम गांव पहुंची और शिविर लगाकर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा बांटी। राजपुर ब्लाक क्षेत्र में यमुना नदी किनारे बसे गांव बाढ़ के पानी से घिर गए हैं। ऐसे में संक्रामक रोगों के फैलने की आशंका है। प्रभावित क्षेत्रों में बाढ़ राहत च स्वास्थ्य चौकियां सहित गांव-गांव तक स्वास्थ्य टीमें सक्रिय की गई हैं। रविवार को राजपुर पीएचसी से स्वास्थ्य टीम गौहानी बांगर गांव पहुची और प्राइमरी स्कूल में शिविर लगाकर लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। गांव में एंटी लार्वा का छिड़काव कराया गया। साथ ही लोगों को निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। स्वास्थ्य टीम ने ग्रामीणों को बाढ़ के दूषित पानी से फैलने वाले संक्रामक रोगों के बचाव के लिए जागरूक किया। इस दौरान सीएचओ चेतन सिंह, एएनएम पूजा, आशा मालती मौजूद रही। राजपुर पीएचसी प्रभारी डॉ. अरुणेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सीएमओ डॉ. एके सिंह के निर्देश पर स्वास्थ्य शिविर लगाया गया है। गांवों में नजर रखी जा रही है।



बाढ़ प्रभावित गौहानी बांगर में दवा वितरित करती टीम।

# किसान परेशान, उप जिलाधिकारी ने नुकसान का सर्वे कराने की कही बात

संवाददाता राजपुर



खेत में भरा बाढ़ का पानी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** यमुना का जलस्तर बढ़ने से यमुना किनारे खेतों में बोई गई किसानों की सैकड़ों बीघा बाजरा और तिलहन की फसल जलमग्न हो गई हैं। ऐसे में किसान परेशान हैं और सिकंदरा तहसील प्रशासन से मुआवजे की गुहार लगाई है।

यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने से राजपुर ब्लॉक क्षेत्र के जैसलपुर महदेवा, गौरीरतन बांगर, बैजामऊ बांगर, भुपैय्यापुर, गौहानी बछाटी के ग्रामीणों की सैकड़ों बीघा बाजरा और तिलहन की फसल जलमग्न हो गई हैं। जिससे ग्रामीणों को काफी नुकसान हुआ है। महदेवा गांव के किसान लाखन सिंह, हाकिम सिंह, रामदेव सिंह, बलराम सिंह, राम नरेश सिंह, रामशरण आदि ने बताया कि सभी छह भाइयों की तेरह बीघा अरहर, बाजार, ज्वार की फसल यमुना के पानी में जलमग्न हैं। किसान प्रहलाद सिंह ने बताया कि तीन बीघा में खड़ी अरहर, बाजार, ज्वार के खेत पूरी तरह बाढ़ की चपेट में हैं। इसी गांव के शिवधार सिंह की चार बीघा अरहर, बाजार, ज्वार, सगे भाई करन सिंह व प्रताप सिंह की लगभग 14 बीघा अरहर, बाजार, ज्वार, इसी गांव के भाईयों रविंद्र सिंह, अरविंद सिंह, नरेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह की आठ बीघा अरहर, बाजार, ज्वार, जबकि पांच सगे भाई खिल्लन शर्मा, रामशंकर शर्मा, रामबाबू शर्मा, सीताराम, सरोज शर्मा की आठ बीघा अरहर, ज्वार की फसल बाढ़ के पानी से तबाह हो गई हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यमुना की बाढ़ का पानी गांव के खडंज़ों तक पहुंच चुका है। सिकंदरा एसडीएम एसएन शुक्ला ने बताया कि किसानों की फसलों के नुकसान का सर्वे कराया जा रहा है।



बाढ़ से जलमग्न फसल। अमृत विचार



घटना के बाद रोते परिजन। अमृत विचार



घटना की जानकारी लेती पुलिस। अमृत विचार

# पिकअप ने 4 को रौंदा, 1 की मौके पर मौत

संवाददाता शिवली

● मौके पर पिकअप छोड़कर चालक हुआ फरार

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के भाऊपुर गांव ने रविवार को एक तेज रफ्तार पिकअप ने चार लोगों को रौंद दिया, जिससे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिससे गुस्साए परिजनों ने सचेंडी मैथा मार्ग जाम कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जाम खुलवाने का प्रयास किया लेकिन मुआवजे की बात को लेकर परिजन अड़े रहे। तहसीलदार और कोतवाल ने परिजनों को समझा बुझाकर लोगों को शांत कराया और जाम खुलवाया।

शिवली कोतवाली क्षेत्र के पिटरापुर गांव के मजरा चैनपुरवा निवासी जयवीर यादव (40) दादानगर कानपुर में एक निजी कंपनी में मैनेजर के पद पर तैनात थे। वह रविवार की गांव आए थे। देर शाम को वह अपने भाई मुलायम के साथ भाऊपुर बाजार करने गए और वहां एक दुकान में खड़े हो गए तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने उन्हे और उनके भाई को रौंद दिया जिससे जयवीर की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद पिकअप भगाने लगी तभी सामने से आ रहे भाटुआमऊ गांव निवासी राघवेंद्र नाथ तिवारी व उनके पुत्र उत्कर्ष तिवारी को भी जबरदस्त टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए निजी अस्पताल भेजा। वहीं घटना से गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने सचेंडी मैथा मार्ग जाम कर हंगामा करते हुए प्रदर्शन किया। तहसीलदार प्रिया सिंह और कोतवाल कृष्णनंद राय ने दोषी के खिलाफ कठोर कार्रवाई और मुआवजे का आश्वासन देकर परिजनों को समझा बुझाकर जाम खुलवाया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। थाना प्रभारी ने बताया की जाम खुलवा दिया गया तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जायेगी। पिकअप चालक गाड़ी को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। पुलिस गाड़ी को थाने ले आई।

# वाहन की टक्कर से पैदल जा रहे बुजुर्ग की गई जान

संवाददाता शिवली

● शिवली क्षेत्र की रामगंगा नहर मार्ग पर हुआ हादसा

● आधार कार्ड व मोबाइल नंबर से हुई पहचान

**अमृत विचार।** भेवान से असालतगंज जाने वाले रामगंगा नहर मार्ग पर कुर्मी निवादा गांव के सामने पिकअप की टक्कर से पैदल जा रहा बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। एंबुलेंस से सीएचसी भेजा गया। जहां डॉक्टर ने बुजुर्ग को मृत घोषित कर दिया।

शिवली कोतवाली क्षेत्र के भेवान से असालतगंज जाने वाले रामगंगा नहर मार्ग पर शनिवार की रात ककवन थाना क्षेत्र के मैदों मौजमपुर गांव के मजरा बिलारीपुर गांव निवासी नन्हें लाल (70) पैदल जा रहे थे। तभी कुर्मी निवादा गांव के सामने तेज रफ्तार पिकअप ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह लहूलुहान होकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस उन्हें सीएचसी लेकर पहुंची। जहां डॉक्टर शनी यादव ने बुजुर्ग को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी धर्मेंद्र सिंह ने घटना की छानबीन की और मृतक की जेब से मिले आधार कार्ड व मोबाइल नंबर से परिजनों को जानकारी दी। घटना की जानकारी पर घर में कोहराम मच गया और मृतक की पत्नी रानी, पुत्री सुधा, पूनम आदि का रो-रो कर बुरा हाल था। कोतवाल कृष्णानंद राय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।



नन्हें लाल।

## सार-संक्षेप



अकबरपुर कोतवाल से कार्रवाई की मांग करते सपा पदाधिकारी। अमृत विचार

### सपा प्रमुख का पुतला फूंकने वालों पर दर्ज हो रिपोर्ट

**कानपुर देहात।** विवादित बयान को लेकर भाजयुमो कार्यकर्ताओं द्वारा अकबरपुर अंडरपास चौराहा पर सपा प्रमुख का पुतला फूंकने के बाद माहौल गरमा गया। सपा कार्यकर्ताओं ने विरोध जताकर पुतला फूंकने वालों के खिलाफ मुकदमा करने की मांग अकबरपुर कोतवाल से की। शनिवार को भाजयुमो ज़िलाध्यक्ष परवेश कटियार के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता अकबरपुर अंडरपास चौराहा पर जुटे थे। उन्होंने विवादित बयान देने पर पूर्व मुख्यमंत्री व सपा प्रमुख अखिलेश यादव की आलोचना करते हुए पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया था। जानकारी पर रविवार को सपा जिलाध्यक्ष बबल राजा की अगुवाई में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता अकबरपुर कोतवाली पहुंचे। उन्होंने सपा प्रमुख का पुतला दहन किए जाने पर गंभीर आपत्ति जताते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग उठाई। साथ ही इस बावत प्रार्थना पत्र भी दिया गया। अकबरपुर कोतवाल सतीश कुमार ने नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस मौके पर सपा लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष बीरू कुशवाहा, सपा नेता नीरज सिंह गौर, जिला महासचिव पवन कटियार, गोपाल गुप्ता समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



सदस्यता अभियान के दौरान मौजूद भाजपा पदाधिकारी। अमृत विचार

### भाजपाइयों ने चलाया सदस्यता अभियान

**कानपुर देहात।** डेरापुर तहसील अंतर्गत महुआ महोई गांव में भाजपा का सदस्यता अभियान चलाया गया। इस दौरान भाजपा की जन नीतियों समेत केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी गई। अभियान के दौरान समाजसेवी विकास सिंह गौर, दिग्विजय सिंह गौर, संतोष दोहरे, गौतम दोहरे, बालगोले सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।



मानशिला मंदिर में भक्तों ने जलाए दीपक। अमृत विचार

### गणेश विसर्जन कर दीपदान किया

**शिवली।** कस्बे के रामनगर मोहल्ले के मानशिला मंदिर में स्थापित गणेश प्रभु का पूजन-अर्चन के बाद रविवार को धूमधाम व गाजे-बाजे के साथ पांडव नदी में विसर्जन कर दिया गया। इस मौके पर प्रदीप तिवारी, बाबू सैनी, मनीष सैनी, हृदयेश सैनी, विमल सैनी, ललऊनू शर्मा, छोटू सैनी सहित बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे। मंदिर में दीपदान के मौके पर बड़ी संख्या में दीपक भक्तों ने जलाए। मैथा कस्बे के बाजार में स्थापित गणेश भगवान की प्रतिमा के समीप चल रही रामकथा का समापन हो गया। कथा व्यास प्रदीप मिश्रा ने आयोजकों को अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर आशुतोष द्विवेदी विजय गुप्ता, ब्रजेश द्विवेदी, नितिन, जीतू राठौर, शिवम वर्मा, रजत गुप्ता, शुभम, पवन, सुरेंद्र, बाबू, अनुराग आदि मौजूद रही।

# पीएचसी में गंदगी देख भड़के डिप्टी सीएमओ

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

● जिले की सभी सीएचसी पीएचसी में लगा मुख्यमंत्री आरोग्य मेला

**अमृत विचार।** जिले की सभी 11 सीएचसी व 28 पीएचसी में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमे पहुंचे मरीजों का परीक्षण कर दवा दी गई। निरीक्षण के दौरान डिप्टी सीएमओ को नोनारी पीएचसी में गंदगी मिली। जिसपर फटकार लगाई।

पिछले दिनों हुई जोरदार बारिश के बाद गांवों में संक्रामक बीमारियां पांव पसारने लगी हैं। जिससे मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। रविवार को स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित हुए आरोग्य मेले में वायरल, जुकाम, जकड़न, त्वचा आदि के मरीजों की भरमार रही। चिकित्सकों ने परीक्षण कर दवा बांटी। अकबरपुर सीएचसी में डॉ. शिवम तिवारी ने बताया कि बदलते मौसम में बैक्टीरिया सक्रिय हो जाते हैं। ऐसे में सावधानी बरतने की जरूरत होती है। साथ ही खानपान में भी विशेष सतर्कता बरतनी चाहिए। बाहर की खुली खाद्य सामग्री व तली-भुनी चीजों से परहेज करें। वहीं आरोग्य मेले का जायजा लेने के लिए डिप्टी सीएमओ डॉ. आदित्य सचान ने डेरापुर क्षेत्र की नोनारी पीएचसी का औचक निरीक्षण किया। परिसर में गंदगी मिलने पर कड़ी फटकार लगाई। निर्देश दिए कि अस्पताल में नियमित रूप से सफाई कराई जाए।



भिक्खी पीएचसी में आरोग्य मेले का निरीक्षण करते डिप्टी सीएमओ डॉ. आदित्य सचान।

### मरीजों का परीक्षण कर दी सावधानी बरतने की सलाह

**संदलपुर।** ब्लॉक क्षेत्र उरसान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर आयोजित आरोग्य मेले में मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर दवाओं का वितरण किया गया। चिकित्सा प्रभारी डॉ. अख्तर खान ने बताया कि मेले में बुखार, टीबी, मलेरिया समेत अन्य बीमारियों के 60 मरीज आए थे। इस मौके पर फार्मासिस्ट विनोद कटियार, एलटी अयान खान, वार्ड ब्वाय महेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# 1 दर्जन मुकदमों का वांछित गिरफ्तार

**राजपुर।** सट्टी थाना क्षेत्र के अफसरिया की मड़ैया निवासी विजय दोहरे उर्फ लल्ला के खिलाफ सट्टी थाने में 1 दर्जन मुकदमें दर्ज हैं। अभियुक्त जमानत पर चल रहा था, लेकिन तारीख पर न जाने पर न्यायालय एसीजीएम ने वारंट जारी किया था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी विजय दोहरे उर्फ लल्ला के घर में छापेमारी की और एसआई राजीव कुमार व कांस्टेबल अमित कसाना ने भागते समय दौड़ाकर पकड़ लिया।

**पीएमश्री योजना** 70 प्रतिशत से अधिक होनी चाहिए दिव्यांगता, मिलेगा एस्कार्ट एलाउंस

# दिव्यांग बच्चों को प्रतिवर्ष मिलेंगे 6 हजार

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए शासन ने बड़ी पहल शुरू की है। अब बच्चों की शारीरिक कमी उनकी शिक्षा की राह में बाधा नहीं बनेगी। बच्चों को स्कूल छोड़ने आने वाले अभिभावकों को 6000 रुपये प्रतिवर्ष भत्ता भी दिया जाएगा।

दिव्यांग बच्चों को शिक्षित करने के लिए शासन लगातार प्रयास कर रहा है। ऐसे बच्चों के लिए समेकित शिक्षा अभियान चलाया जा रहा है। इस योजना के तहत अभी तक बच्चों को ट्राई साइकिल या अन्य उपकरण उपलब्ध कराए जाते हैं। जिससे वे स्कूल आ जा सकें। वहीं जिले में ऐसे कई बच्चे हैं, जो स्वयं उपकरणों के सहारे स्कूल आ-जा नहीं सकते। उनको स्कूल आने जाने के लिए किसी न किसी सहारे की आवश्यकता पड़ती है। बच्चों को उनके अभिभावकों को विद्यालय छोड़ने जाना पड़ता है। ऐसे में गरीब परिवारों पर बच्चों को स्कूल पहुंचाने का अतिरिक्त भार आ जाता है। शासन ने दिव्यांग बच्चों का भार उठाने का निर्णय लिया है। अब सरकार की ओर से उनको प्रतिवर्ष भत्ता दिया जाएगा। एस्कार्ट योजना लागू की गई है। इस योजना के तहत अभिभावकों को साल में छह हजार रुपये भत्ते के रूप में मिलेंगे।

> दिव्यांग बच्चों को शिक्षित करने के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है। बच्चों को एस्कार्ट योजना से लाभांवित किया जाएगा। ताकि अभिभावक ऐसे बच्चों को स्कूल तक ला सकें। इसको लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है।
>
> -अजय कुमार मिश्रा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी

### दिव्यांग बच्चों को ऐसे मिलेगा भत्ता

एस्कार्ट योजना के तहत 600 रुपये प्रतिमाह के हिसाब से दस माह का भत्ता खाते में भेजा जाएगा। 70 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले बच्चे योजना के लिए पात्र माने जाएंगे। वहीं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाली बालिकाओं को 200 रुपये देने का प्रावधान है। नेत्रहीन, बौद्धिक दिव्यांग, सेरेब्रल पाल्सी एवं जापानी इंसेफलाइटिस से प्रभावित बच्चे खुद विद्यालय नहीं जा पाते हैं। साथ ही उन्हें किसी साधन की आवश्यकता होती है। साधन न होने की स्थिति में वह शिक्षा से दूर ही रहते हैं। उनका चयन किया जाएगा। ताकि वह योजना से लाभांवित हो सकें।

# प्रधान पर पत्रावली फेंक कर हाथापाई का आरोप

संवाददाता मंगलपुर

● सचिव ने थाने में दी तहरीर प्रधान बोले-आरोप निराधार

**अमृत विचार।** अंत्येष्टि स्थल का भुगतान करने से मना करने पर सचिव ने ग्राम प्रधान व उनके साथियों द्वारा कागजात फेंक कर हाथापाई करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है।

ग्राम पंचायत सचिव सूरज कुमार ने मंगलपुर थाना पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 13 सितंबर को वह डेरापुर तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत परौंख के सचिवालय भवन में बैठे थे। आरोप है कि तभी ग्राम प्रधान ने निर्माणाधीन अंत्येष्टि स्थल की पत्रावली भुगतान के लिए दी। जिसे देखने के बाद सचिव ने अपूर्ण होने की बात कहते हुए दो-तीन दिन में पत्रावली पूर्ण करने के बाद भुगतान करने की बात कही। सचिव का आरोप है कि तभी ग्राम प्रधान ने पत्रावली छीन कर फेंक दी और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए हाथापाई की। वहीं मामले में ग्राम प्रधान परौंख संग्राम सिंह ने बताया कि सभी आरोप गलत हैं। अंत्येष्टि स्थल के पेमेंट को लेकर लगातार सचिव द्वारा टहलाया जा रहा था। जिसको लेकर उन्होंने डीपीआरओ को अवगत कराया। जिससे सचिव नाराज हो गए।

# लोडर ने स्कूटी में मारी टक्कर, 1 की मौत, 2 गंभीर

## एक ही स्कूटी पर सवार थे तीनों लोग, ओवरटेक करते समय हुआ हादसा

संवाददाता गंजमुरादाबाद उन्नाव

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे की सर्विस लेन पर रविवार सुबह एक वाहन को ओवरटेक करते समय सामने से तेज गति से आ रहे लोडर ने स्कूटी में टक्कर मार दी। इसमें स्कूटी सवार तीन लोग गंभीर घायल हो गए। एंबुलेंस तीनों को बांगरमऊ सीएचसी लाई। जहां चिकित्सक ने एक को मृत घोषित कर दिया। जबकि दो को हायर सेंटर भेज दिया गया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई।



फरमान

कस्बा गंजमुरादाबाद के मोहल्ला अंसार मैदान निवासी फरमान (47) पुत्र हसन अहमद मोहल्ले के मोहसिन (35) पुत्र इकरार व इश्तियाक (45) पुत्र बदलू के साथ स्कूटी से रविवार सुबह मछलियां खरीदने जा रहे थे। तभी रास्ते में सुबह साढ़े 7 बजे कोतवाली बांगरमऊ क्षेत्र में एक्सप्रेस-वे की सर्विस लेन स्थित गांव सिरधरपुर के पास किसी वाहन को ओवरटेक करते समय सामने से आ रहे लोडर से उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। इसमें स्कूटी के परखच्चे उड़ गए और स्कूटी सवार तीनों युवक गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजन एंबुलेंस से तीनों को सीएचसी बांगरमऊ लाए। जहां चिकित्सक ने फरमान को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल मोहसिन व इश्तियाक की हालत नाजुक देख प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

सूचना मिलते ही परिजन आनन-फानन अस्पताल पहुंचे और शव देख चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। इादसे में दोना-पत्तल लदा लोडर भी अनियंत्रित होकर पलट गया। इसके बाद चालक लोडर छोड़कर भाग निकला। फरमान का शव देख मां आरफा व पिता हसन अहमद रो-रोकर बेहाल रहे।



अस्पताल में जांच पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

### रिश्तेदारी में जा रहा युवक वाहन की टक्कर से घायल

- **औरास।** लखनऊ के मोहल्ला राजाजी पुरम निवासी हर्षित पुत्र रामेश्वर अवस्थी अपने कन्नौज निवासी रिश्तेदार के यहां भोरपहर कुछ सामान देने बाइक से लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे से होकर जा रहा था। तभी औरास थानाक्षेत्र में कुछ सामान घर पर भूलने की याद आने पर वह यूटर्न लेकर लखनऊ जाने लगा। तभी पोल संख्या-271 के पास पीछे आ रहे ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। जिससे युवक घायल हो गया। जानकारी मिलने पर यूपीडा कर्मियों नें एंबुलेंस से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास पहुंचाया। जहां डाक्टर ने प्राथमिक इलाज के बाद उसे घर भेज दिया।

### भैंस के सामने आने से पलटा ई-रिक्शा, तीन घायल

**नवाबगंज उन्नाव।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र में भैंस को बचाने में एक आटो रिक्शा पलटने से चाचा-भतीजे समेत तीन लोग गंभीर घायल हो गये। एंबुलेंस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने उन्हें गंभीर देख चाचा-भतीजे को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बता दें कि अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव मकूर के मजरे मरोचा निवासी अमित पुत्र सनिक चंडीगढ़ में रहकर नौकरी करता है। वह इस समय गांव आया था। वह रविवार दोपहर अपने भतीजे प्रदुम्न पुत्र विनोद व उसके कुंजपुर गांव निवासी सुमित पुत्र सरवन के साथ मियागंज से चंडीगढ़ जाने वाली बस पकड़ने को एक आटो रिक्शा से चला था। रास्ते में धाराखेड़ा गांव के पास अचानक सड़क पर भैंस आने से ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे तीनो युवक गंभीर घायल हो गये। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने तीनों को नवाबगंज सीएचसी में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद अमित व प्रदुम्न को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजन घायलों को निजी अस्पताल लेकर चले गए।

# हादसे के बाद कार चालक और साथी हिरासत में

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- आरती के दौरान कार के रौंदने से युवक की हुई थी मौत




**अमृत विचार।** शुक्रवार रात भारत सरकार लिखी कार द्वारिका मोहिनी कम्पाउंड के पास हो रहे गणेश महोत्सव में अनियंत्रित होकर घुस गई थी। जिसमें पूर्व सभासद के बेटे की मौत हो गई थी, वहीं चार अन्य लोग घायल हो गये। पीएम के बाद शव घर लाया गया। जहां परिजनों में कोहराम मच गया। रविवार को मृतक का अंतिम संस्कार कराया गया। वहीं मृतक के बड़े भाई ने कार्यवाही की मांग की है।

मिश्रा कॉलोनी हरिहरपुर रोड निवासी पूर्व सभासद राधाकिशन गुप्ता के बेटे राजेश गुप्ता (35) अपनी पत्नी आंचल, चार साल के बेटे नैतिक और दो साल के बेटे कार्तिक के साथ शुक्रवार रात दुर्गा मंदिर में दर्शन करने के बाद द्वारिका मोहिनी के पास गणेश महोत्सव में आरती में शामिल हुये थे। इस दौरान भारत सरकार लिखी कार ने उन्हें रौंद दिया था। जिससे राजेश की मौत हो गई थी। वहीं अन्य चार लोग घायल हो गये थे। रविवार को मृतक का अंतिम संस्कार कराया गया। जहां विधायक पंकज गुप्ता समेत तमाम राजनैतिक लोग पहुंचे थे। विधायक और नायब तहसीलदार पूर्णिमा तिवारी ने कहा है कि परिजनों को किसान बीमा के तहत पांच लाख रुपये दिलवाया जायेगा। वहीं मृतक के बड़े भाई राजू गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि 2017 से द्वारिका मोहिनी गणेश महोत्सव के कार्यक्रम की अनुमति नहीं ली गई। सड़क के किनारे हो रहे कार्यक्रम में पुलिस की कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं थी, जिससे इतना बड़ा हादसा हो गया। इस बावत इंस्पेक्टर अनुराग सिंह ने बताया कि कार चालक और उसके साथी को हिरासत में रखा गया है। उनके खिलाफ कार्रवाई कर कोर्ट भेजा जायेगा।

# फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** बिहार थानाक्षेत्र के गौरा गांव में विवाहिता का शव फंदे से लटका देख परिजनों के होश उड़ गए। जानकारी पर पहुंचे पिता के लिए बेटी की हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई करने का आश्वासन देकर पुलिस ने आक्रोशित मायके वालों को शांत कराया।

बिहार थानाक्षेत्र के गौरा गांव निवासी दीपक कुशवाहा की 19 वर्षीय पत्नी सोनाली का शव रविवार सुबह उसके कमरे में रस्सी के फंदे से लटका देख ससुरालियों के होश उड़ गए। इसकी जानकारी मायके वालों को दी गई। रायबरेली जिला के थाना खीरो के दोकनहा गांव निवासी पिता दिनेश कुमार ने ससुरालियों पर बेटी की हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने जांच की और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कही है।

पिता ने बताया कि सोनाली का विवाह दिसंबर- 2023 में दीपक से किया था। आरोप लगाया कि शादी के बाद से ससुराल वाले कम दहेज लाने का ताना देकर बेटी से मारपीट व गालीगलौज करते थे। विवाहिता की मौत की जानकारी पर तहसीलदार अरसला नाज ने भी जांच की। उन्होंने परिजनों को जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया। एसओ सुरेश चंद्र मिश्र ने बताया कि मृतका के पिता ने तहरीर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**उन्नाव।** माखी थानांतर्गत झाऊखेड़ा गांव निवासी महिला का शव घर से 500 मीटर दूर एक पेड़ से लटका देख ग्रामीणों में सनसनी फैल गई। बता दें कि बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के गौरी गांव निवासी सावित्री (30) की शादी आठ वर्ष पूर्व माखी थानाक्षेत्र के झाऊखेड़ा गांव निवासी देवराज पुत्र राजाराम से हुई थी। रविवार सुबह 10 बजे सावित्री का शव घर से 500 मीटर दूर गांव निवासी शिवराम के खेत में लगे आम के पेड़ में दुपट्टे से लटका मिला। वहां से निकले ग्रामीणों ने शव देख परिजनों को जानकारी दी। मजदूरी करने गए पति ने लौटकर पुलिस को सूचना दी। शव फंदे से उतरवाकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। एसओ संदीप मिश्रा ने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# 48 घंटे बाद भी खाली हाथ है पुलिस

फालोअप

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

- दो दिन पूर्व बांगरमऊ क्षेत्र में हुई थी बंधक बनाकर लाखों रुपये की लूट

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के बिल्हौर मार्ग स्थित गांव पंचू पुरवा में बीती शुक्रवार देरशाम आधा दर्जन से अधिक बदमाशों ने एक घर में घुसकर बाहर बैठी गृहस्वामिनी, उसके बच्चों व पड़ोसी युवक को गन प्वाइंट पर लेकर घर में रखे दो लाख नगद व 20 लाख के सोने-चांदी के जेवर समेट कर भाग रहे थे। तभी ग्रामीणों ने दो बदमाशों को दबोच कर पुलिस के हवाले कर दिया था। पुलिस ने दोनों के पास से 15 हजार रुपये बरामद किये थे। किंतु करीब 48 घंटे बाद भी पुलिस अब तक न तो फरार बदमाशों को पकड़ सकी है और न ही माल बरामद हो सका है।

मदार नगर गांव के मजरा पंचू पुरवा निवासी पूनम गुप्ता के पति प्रियांशु गुप्ता राधाष्टमी पर दर्शन करने मथुरा गए थे। लाइट न आने से वह तीन बच्चों और पड़ोसी सूरज के साथ घर के बाहर बैठी थी। तभी रात करीब 8 बजे छह-सात नकाबपोश बदमाशों ने सूरज व गृहस्वामिनी को गन प्वाइंट पर लेकर घर में ले गए और घर से दो लाख नगद व करीब 20 लाख के सोने-चांदी के जेवर लेकर भाग निकले थे। इसके पूर्व बदमाशों ने महिला के बेटे का अपहरण करने का भी प्रयास किया था। ग्रामीणों ने पीछा कर दो बदमाशों को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया था। जबकि अन्य बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए थे। पुलिस ने बदमाशों के पास से गृहस्वामिनी का मोबाइल और 15 हजार रुपये बरामद किये थे। लेकिन, घटना के 48 घंटे बाद भी बाक़ी बदमाश पुलिस की पकड़ से दूर हैं। वहीं पुलिस लूटा गया बाकी पैसा और 20 लाख के जेवर बरामद नहीं कर सकी है। हालांकि पुलिस पकड़े गए दोनों बदमाशों की निशानदेही के आधार पर चिंहित बदमाशों के परिजनों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने में जुटी है।

### दो लाख नकद व 20 लाख के जेवर में मात्र 15 हजार बरामद

- **बांगरमऊ।** घटना के अगले दिन सुबह गृहस्वामी प्रियांशु गुप्ता मथुरा से लौटा और अलमारी खंगालने के बाद बताया कि पत्नी द्वारा तहरीर में दर्ज दो लाख नकद और करीब 20 लाख के सोने-चांदी के जेवर बदमाश ले गए हैं। जबकि अभी तक पुलिस मात्र 15 हजार रुपये ही बरामद कर सकी है।

### सुरक्षा के चलते पीड़ित के घर में फोर्स तैनात

- **बांगरमऊ।** प्रियांशु गुप्ता की मांग पर एसपी दीपक भूकर ने उसके घर पर तीन सशस्त्र पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। गृहस्वामी ने जिला प्रशासन से जान-माल की सुरक्षा हेतु असलहे के लाइसेंस की मांग की है।

# ऑक्सीजन मैन अवार्ड से सम्मानित होंगे दरोगा अनूप व शिक्षक प्रदीप

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव )

- पिछले 27 वर्षों से अनूप मिश्रा वृक्ष रक्षा पर कर रहे हैं कार्य

**अमृत विचार।** निरोजा ग्रीन इंडिया परिवार फाउंडेशन संस्था द्वारा 22 सितंबर को दिल्ली के रिवर साइड स्पोर्ट्स एंड रिक्रिएशन क्लब में उत्तर प्रदेश के पर्यावरण विद समाजसेवी व शिक्षा क्षेत्र में अग्रणी कार्य करने वाले जिले के दरोगा अनूप मिश्र व शिक्षक प्रदीप वर्मा को संस्था द्वारा ऑक्सीजन मैन ऑफ यूपी अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।

निरोजा ग्रीन इंडिया परिवार फाउंडेशन संस्था के फाउंडर और मुख्य निदेशक डॉ. नीरज गुप्ता ने बताया कि जिले के पुलिस कंट्रोल रूम में तैनात सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्र व परिषदीय विद्यालय के शिक्षक प्रदीप वर्मा को पर्यावरण संरक्षण में वृहद पौधरोपण के सफल प्रयास एवं दीर्घ समय से इस ओर किए जा रहे कार्यो के प्रयासों के लिये सम्मान के लिये चयनित किया गया है। जिसमें सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्र के चलाये जा रहे ग्रीन एंड क्लीन उन्नाव मुहिम में प्रदीप वर्मा संचालन में वृक्ष रक्षा जन सुरक्षा के लिए व्यापक कार्य कर रही है। अनूप मिश्र द्वारा गत 27 वर्षों से इस दिशा में कार्य कर रहे है। लाखों की संख्या में पौधे रोपित करने के कारण ही उन्हें ट्री मैन के नाम से पहचाना जाता है। दोनों के प्रयासों से पर्यावरण पर सकारात्मक असर पड़ा है।



दरोगा अनूप और शिक्षक प्रदीप वर्मा। अमृत विचार

# पार्कों में रहता है अन्ना मवेशियों का जमावड़ा, लोग परेशान

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** सेहत अच्छी बनी रहे और शरीर फिट रहे इसके लिए नियमित व्यायाम व पार्क में घूमने की सलाह दी जाती है। लेकिन, कुछ पार्कों को छोड़ दें तो शहर के अधिकतर पार्क बदहाल बने हैं।

नगर पालिका उन्नाव क्षेत्र के 32 वार्डों में करीब 30 से 35 पार्क बने हैं। इनमें से दर्जनों पार्क यूएसडीए ने बनाकर पालिका को हैंडओवर किए थे। दशकों पहले बनाए गए पार्क लंबे समय से पालिक की लापरवाही के चलते उपेक्षा का शिकार हैं। किसी पार्क के झूले टूटे हैं तो कहीं कब्जा हो गया है। सुंदरीकरण तो छोड़िए यहां की घास कटाई तक नहीं कराई जाती है। रंगरोगन के नाम पर भी सिर्फ़ खानापूरी हुई। वहीं महापुरुषों की प्रतिमाओं पर छतरी तक नहीं लगाई गई जिससे वे गंदी हो रही हैं। आवास विकास कालोनी में स्थित आधा दर्जन पार्क लापरवाही के चलते बदहाल हैं। इनमें से कुछ पार्कों को स्थानीय लोगों ने वाहनों का पार्किंग स्थल बना लिया है। लोगों के अवैध कब्जा करने से यहां लगे बच्चों खेलने के उपकरण शोपीस बन गए हैं। इन पार्कों की सफाई न होने से यहां कंटीली घास और झाड़ियां उगी हुई हैं। जिससे यहां आमजन की जगह आवारा मवेशी धमाचौकड़ी मचाते हैं।



आवास विकास के तिकोनिया पार्क में बैठे मवेशी। अमृत विचार

### बोले जिम्मेदार

- नगर पालिका ईओ संजय गौतम ने बताया कि समय-समय पर पार्कों की सफाई कराई जाती है। 17 सितंबर से स्वच्छता अभियान शुरू हो रहा है। जिसमें सभी पार्कों की अभियान चलाकर सफाई कराई जायेगी।

# नहर पुल के नीचे मिला वृद्ध का शव

संवाददाता पुरवा उन्नाव

- सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवा कर की जांच-पड़ताल

**अमृत विचार।** 70 वर्षीय वृद्ध का शव भदिहा पुल में नहर के पानी में फंसा देख ग्रामीणों ने इसकी सूचना बिहार थाना पुलिस को दी। पुलिस ने शव बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम को भेजा है।

13 सितंबर की सुबह कोतवाली क्षेत्र के बेवल निवासी 70 वर्षीय विजय शंकर शौच जाने की बात कह घर से निकले थे। काफी देर तक घर न आने पर खोजबीन की गई। गांव के बाहर से निकली शारदा नहर के पास उनकी चप्पल पड़ी देख आसपास मवेशी चरा रहे चरवाहों से जानकारी की गई तो कुछ लोगो ने थोड़ी देर पहले नहर के पास विजय शंकर को देखने की बात बताई। नहर में डूबने की आशंका पर गांव के कुछ लोगों ने पानी में कूदकर खोजबीन की। लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। 14 सितंबर को बेटी माया ने कोतवाली में नहर में डूबने की आशंका जताते हुए शिकायत दर्ज कराई थी। शनिवार शाम मवेशी चरा रहे लोगों ने भदिहा पुल में शव फंसा देख बिहार पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने शव निकलवाकर पोस्टमार्टम को भेजा।

# तालाब में उतराता मिला पांच दिन से लापता किशोर का शव

**बांगरमऊ उन्नाव।** गांव साईपुर सगौड़ा के मजरा हसनपुर सगौड़ा निवासी शिशुपाल का 12 वर्षीय बेटा बौरा बीते पांच दिन पूर्व अचानक घर से कहीं चला गया था। तब से परिजन रिश्तेदारों के यहां उसकी खोज कर रहे थे। किंतु उसका कोई पता नहीं चला था। रविवार सुबह उसका शव गांव के निकट स्थित एक तालाब में सिंघाड़े की बेल के बीच उतराता मिला। इसकी ख़बर फैलते ही परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंचे। दोपहर बाद परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दिए बिना ही किशोर के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। ग्रामीणों के अनुसार किशोर मंदबुद्धि था।

# फिर साथ रहने को राजी हुए 25 जोड़े

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** एसपी दीपक भूकर के निर्देश पर पुलिस लाइन व जिले के विभिन्न थाना-कोतवाली में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया। परिवार परामर्शदाताओं व महिला हेल्प डेस्क की टीम ने उनकी काउंसिलिंग कर उनके विवाद खत्म कराए ।

इसके बाद महिला थाना से 9, परिवार परामर्श केंद्र से 7, गंगाघाट, सोहरामऊ व अचलगंज से 2-2, बांगरमऊ, अजगैन व सफीपुर से 1-1 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। इस कार्य में डा. आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति व सलाहकारों में रामसनेही यादव, राजेन्द्र सिंह सेंगर, डा. शशि रंजना अग्निहोत्री, डा. मनीष सिंह सेंगर, डा. एसके पाण्डेय, संजय चौरसिया, अबसार अली, डा. सगीर अहमद व सहयोगी स्वास्तिक मिश्रा, शिवेन्द्र सिंह व पुलिस टीम से निरीक्षक संतोष कुमारी सिंह, महिला थानाध्यक्ष अर्चना, महिला दरोगा भागीरथी, मिथिलेश कुमारी, महिला सिपाही उपासना, पूजा शर्मा, लक्ष्मी सिंह, शकुंतला, सोनी मिश्रा, पूजा यादव, राधिका यादव, विमल, सेविका, साधना, अंजुला व प्रीती का विशेष योगदान रहा।



अलग-अलग रह रहे जोड़े की काउंसिलिंग करते परामर्शदाता।

## सार-संक्षेप

### चोरों ने पीएचसी व घर से नकदी और सामान किया पार

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव ।** पुलिस चौकी से कुछ दूर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को निशाना बनाते हुए चोरों ने वहां का ताला तोड़कर बैटरा व इन्वर्टर पार कर दिये। वहीं तकिया चौराहे पर एक मकान से दो मोबाइल व ट्राली बैग में रखे रुपये चुरा लिये। इस समय क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद हैं। जिससे आमजन में भय व्याप्त है। शनिवार रात चोरों ने पुलिस चौकी ऊगू के चंद कदम दूर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की लैब का ताला तोड़कर वहां से नया बैटरा और इन्वर्टर पार कर दिया। उस समय स्वीपर राम प्रसाद व चौकीदार अपने कमरे पर थे। फार्मासिस्ट गोकुल ने पुलिस को तहरीर दी है। वहीं दूसरी घटना में प्रदीप निवासी गांव चाचाई नीलकोठी थाना मेमारी जिला वर्दमान पश्चिम बंगाल ने बताया कि उसकी तकिया चौराहे पर मिठाई की दुकान है। वह पतौली मार्ग पर विपिन गुप्ता के मकान में किराए पर रहता है। शनिवार रात उसका व उसके भांजे का मोबाइल और सात माह से दुकान की बिक्री का रुपया जो ट्राली बैग में रखा था चोर चुरा ले गये। चोर घर के बगल वाले कमरे के दरवाजे से आए थे। पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर दी है। वहीं पुलिस का कहना है कि जांच पड़ताल के बाद पुलिस को सक्रिय कर दिया गया है। जल्द ही चोरों का पता लगा लिया जायेगा और कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

### युवक को जहरीले कीड़े ने काटा, रेफर

**बांगरमऊ।** कोतवाली क्षेत्र के गांव भिखारीपुर पतासिया निवासी विजय पुत्र लालता रविवार सुबह जानवरों को चारा लेने खेत गया था। तभी वहां घास में बैठे जहरीले कीड़े ने उसे काट लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। यह देख परिजन आनन-फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

गणेश महोत्सव

भक्तों ने विसर्जन यात्रा में जमकर उड़ाया अबीर-गुलाल, राह चलते लोगों को बांटा प्रसाद

# ढोल नगाड़ों की थाप पर थिरकते हुये गजानन को दी विदाई

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** नगर व ग्रामीण क्षेत्रों से रविवार को गजानन महाराज की प्रतिमाओं को विसर्जन करने के लिये गगनी खेड़ा, फत्ते खेड़ा झील पर धूम मची रही। जहां श्रद्धालुओं ने रविवार को 9वें दिन गजानन महाराज को नम आंखों से विदाई दी। इस दौरान युवक और युवतियां थिरकते हुये विसर्जन स्थल पहुंचे। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर झील पर पुलिस और गोतखोर तैनात रहे।

7 सितंबर से नगर में शुरू हुए गणेश महोत्सव की धूम लगातार बढ़ती जा रही है। रविवार को 9वें दिन नगर व ग्रामीण क्षेत्रों से गजानन महाराज को विदाई देने के लिये लिये लोग स्थापित गजानन की प्रतिमाएं लेकर विसर्जन स्थल पहुंचे। जिसमें महिलाएं, बच्चे और पुरूष गाजे-बाजे के बीच अबीर-गुलाल उड़ाते हुए निकले। वहीं युवक, युवतियां, बच्चे, महिला पुरुष थिरकते हुये गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे लगाते रहे। पोनी रोड के गणेश प्रतिमा का विसर्जन लोग ढोल-ताशे के बीच करते हुए निकले। बैराज मार्ग फत्ते खेड़ा झील के पास विसर्जन स्थल पर भारी पुलिस बल की तैनाती की गई। वहीं श्री सिद्धि विनायक गणपति मंडल साकेतपुरी में दसम् गंगाघाट के राजा श्री गणेश महोत्सव के दौरान कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। वहीं श्री गणेश नवयुवक सेवा समिति की ओर से गायत्री नगर में विराट 28वें श्री गणेश महोत्सव के दौरान विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।



विसर्जन के दौरान थिरकते भक्त। अमृत विचार

### विसर्जन स्थल की देखी हकीकत

- गगनी खेड़ा में गणपति विसर्जन को लेकर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप पांडे ने गगनी खेड़ा झील पहुंचे। उन्होंने झील पर सुरक्षा मानकों और प्रकाश व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। इस दौरान पांडे ने स्थानीय पालिका कर्मियों और गोताखोरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। संदीप पांडे ने बताया कि विसर्जन के समय सुरक्षा सबसे प्राथमिकता है, इसलिए झील के चारों ओर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी ताकि रात के समय कोई हादसा न हो।

- लोगों की सुरक्षा के लिये झील के पास तैनात रहे गोताखोर

# गणपति बप्पा मोरया, मंगल मूर्ति मोरया

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** गणेश महोत्सव के नौवें दिन रविवार को शहर व ग्रामीणों इलाकों में गणेश प्रतिमा विसर्जन यात्राएं गाजे बाजे और वाहनों में लाउडस्पीकर लगाकर धूमधाम से निकाली गई। नाचते गाते रंग अबीर गुलाल उड़ाते गणपति के भक्त दिखे।

औरास संवाददाता के अनुसार, कस्बे में स्थित जंगलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में गणेश चतुर्थी के दिन गणेश महोत्सव का आगाज हुआ था वही भजन संध्या के साथ विभिन्न कलाकारो ने झाकियों के माध्यम से आमजन का मन मोह लिया। वही शनिवार को बप्पा जी को भोग लगाने के बाद विदा कर दिया गया। वहीं उनकी विसर्जन यात्रा रविवार को दोपहर लगभग एक बजे जंगलेश्वर महादेव मंदिर से मय पुलिस प्रशाशन की मौजूदगी में निकली गई। वही विसर्जन यात्रा औरास से सदर बाजार, कटरा औरास, से होते हुए पुलिया से कबरोइ रोड से सई नदी में गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस मौके पर संजय, राकेश कुमार, अध्यक्ष नगर पंचायत औरास मोनू सभासद प्रियम गुप्ता, दीपक निगम, दिशांत गुप्ता, थाना प्रभारी औरास अश्वनी कुमार मिश्र, मधुर सिंह, मनोज तिवारी, पवन कुमार, अजय शर्मा, अमित सैनी, किशन कश्यप, लकी सिंह व आचार्य विशाल गुरुकुलम के अलावा अन्य भक्तगण मौजूद रहे।



औरास में गजानन की प्रतिमा को विसर्जित करने जाते श्रद्धालु। अमृत विचार

# गंगा चेतावनी बिंदु के पार, घरों में घुसा पानी

## बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासन ने लगवाईं 6 नावें

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव



जलस्तर बढ़ने से चंपापुरवा के निचले इलाकों में भरा बाढ़ का पानी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शुक्लागंज में गंगा नदी का जलस्तर चेतावनी बिंदु शनिवार शाम पार कर गया था, अब जलस्तर चेतावनी बिंदु के ऊपर बहने लगा है। जिससे तटवर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों की मुसीबत एक बार फिर बढ़ गई है। वहीं प्रशासन की ओर से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 6 नावें आवागमन के लिये लगाई गई हैं।

पहाड़ी और मैदानी क्षेत्रों में बारिश होने के कारण गंगा का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। शनिवार शाम सात बजे गंगा का जलस्तर चेतावनी बिंदु पार कर गया था। जिसके बाद रविवार को भी जलस्तर में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई और सात बजे 112.070 मीटर दर्ज किया गया। जो चेतावनी बिंदु से 7 सेंटीमीटर ऊपर बह रहा है। वहीं शुक्लागंज की ओर खतरे का निशान 113 मीटर है। जलस्तर बढ़ने के कारण गोताखोर, हुसैन नगर, सैय्यद कम्पाउंड, कर्बला, शाही नगर, तेजी पुरवा, गगनी खेड़ा आदि इलाकों में बने मकानों के आस पास बाढ़ का पानी भर गया।

जिससे वहां पर रहने वाले लोगों को आवागमन में खासी दिक्कत का सामना करना पड़ा। वहीं अब ग्रामीण क्षेत्रों की ओर बाढ़ का पानी रूख कर गया है। जिससे कटरी से लगे गांवों में भी गंगा का पानी भर गया। वहीं खेतों में पानी भरने के कारण सब्जी की फसलें बर्वाद होने का खतरा अब किसानों को सताने लगा है। लेखपाल अशोक सैनी ने बताया कि गंगा का जलस्तर चेतावनी बिंदु के ऊपर पहुंच गया है। जलस्तर पर बराबर नजर रखी जा रही है। वहीं चंपापुरवा, गोताखोर, कर्बला में आधा दर्जन नावें आवागमन के लिये लगवाई गई हैं।

# मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर सजे मुस्लिम इलाके

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)



शहर के तालिब सराय में सजाया गया गेट।



रोशनी के लिये पोनी रोड तिराहे पर बनाया गया आलीशान गेट। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर के साथ ही जिले के कई इलाकों में ईद मिलाद उन नबी पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का जन्मदिन आज सोमवार को मनाया जायेगा। यह पर्व जिले में धूमधाम से मनाया जायेगा। आपको बता दें कि यह पर्व पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जीवन और उनकी शिक्षाओं की भी याद दिलाता है। मौके पर शहर के मोहल्लों में मोहम्मदी जुलूस निकाला जायेगा। रविवार शाम से ही पर्व को ले शहर के प्रमुख मार्ग और मोहल्लों को रंग-बिरंगे झालरों से सजाया गया। त्योहार को लेकर मुस्लिम इलाकों में खासा उत्साह है। मुस्लिम समाज से जुड़े लोगों की माने तो पैगम्बर साहब इस्लाम धर्म हीं नहीं, बल्कि हर जाति, देश और दुनिया के पैगम्बर है। जिला प्रशासन ने पूरी की प्रशासनिक तैयारी ईद मिलाद उन नबी को ले जिला प्रशासन ने प्रशासनिक तैयारी पूरी कर ली है। जगह-जगह पुलिस अधिकारी व जवान तैनात किए गये हैं। हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण, यातायात व्यवस्था एवं भीड़ नियंत्रण लिए पुलिस प्रशासन किया गया है।

- जश्ने ईद मिलाद उन नबी पर्व को लेकर प्रशासन अलर्ट
- प्रशासन ने लोगों से सौहार्द बना कर रहने को कहा

बांगरमऊ संवाददाता के अनुसार, क्षेत्र में जश्ने ईद मिलादुन्नबी की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी है । पूर्व संध्या पर मस्जिद, दरगाहो, खानकाहो, घरों तथा गलियों को सजाया गया और रंग बिरंगी झालरों से रोशनी की गई। आज सोमवर को 12 रबीउल अव्वल के मौके पर ईद मीलादुन्नबी का जश्न मनाया जाएगा। जुलूस ए मोहम्मदी निकाले जाएंगे। जश्ने ईद मिलादुन्नबी की पूर्व संध्या पर प्रमुख रूप से नगर के मोहल्ला मुकरियाना, गुलाम मुस्तफा , दरगाह शरीफ, सैयद वाडा, नसीमगंज व सराय मैं सजावट की गई। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्र मे मस्जिदों, दरगाहों , खानकाहों , मकानों और गलियों को बेहद खूबसूरती से सजाया गया। रंग बिरंगी झालरों से रोशनी की गई। 12 रबीउलअव्वल के मौके पर बांगरमऊ व गंजमुरादाबाद सहित क्षेत्र के कई गांवों में जुलूसे मोहम्मदी निकाले जाएंगे। जूलूस में अलग-अलग स्कूलों, मदरसों के छात्र-छात्राओं के साथ काफी तादात में लोग शिरकत करेंगे। जुलूस ए मोहम्मदी की अगुवाई काजी शहर सैयद जियाउल आरिफ़ीन करेंगे।

### जश्न-ए-चरागां पर जगमगाई झालरों की रोशनी

**शुक्लागंज उन्नाव।** हुजूर मोहम्मद सल्लाहोसल्लम की विलादत (पैदाइश) पर मनाया जाने वाला पर्व जश्न-ए-चरागां नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में मनाया गया। जहां नगर व ग्रामीण क्षेत्र के मुस्लिम इलाके रंग बिरंगी झालरों से जगमगाते रहे। रात भर जगह-जगह रसूल की पैदाइश को लेकर गलियां और मोहल्ले जगमग रहे। वहीं आज नगर में जुलूस-ए-मोहम्मदी का जुलूस निकाला जायेगा। पैगम्बर मोहम्मद साहब के जन्म दिन के मौके पर रविवार को सुबह से ही गगांघाट क्षेत्रों के सभी मुस्लिम इलाकों को गुलजार करने के लिये लोग सजावट करते नजर आये। मुस्लिम इलाकों की गलियों को रंग बिरंगी झालरों से सजाया गया। शाम होते ही मुस्लिम इलाके रोशनी से नहाए नजर आए। इस दौरान करीब आधा दर्जन इलाकों में झलरों से रोशनी से सजाया गया मस्जिदों को भी झालरों से सजाया गया। जश्न-ए-चरागा पर शाम होते ही गंगाघाट क्षेत्र में राजधानी मार्ग मदनी नगर, पोनी रोड तिराहा, मनोहर नगर, मिश्रा कालोनी, चम्पापुरवा, अहमद नगर, गोताखोर आदि जगहों पर जोरदार प्रकाश की व्यवस्था की गई है। प्रत्येक सजावट से पहले मुख्य द्वारों का इन्तजाम किया गया है। मस्जिदों को गुब्बारों, झालरों, फूलों की लड़ियों आदि से सजाया गया है। रोशनी देखने के लिए देर रात तक सडकों पर लोगो की भीड़ देखने को मिली। मौलाना तहसीन रजा कादिरी ने बताया की जिस दिन मोहम्मद साहब का जन्म हुआ था उसी दिन उनका इंतकाल हो गया था। इसलिए जश्न-ए-चरागां के दूसरे दिन जुलूस निकाला जाता है।

# किशोरी के अपहरण मामले में 4 दबोचे गए

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** अचलगंज थानांतर्गत हड़हा गांव निवासी एक गैर समुदाय के युवक ने बीती 13 सितंबर अपने दर्जन भर साथियों के साथ एक हिंदू किशोरी को घर से अगवा कर लिया था। किशोरी की मां का आरोप था कि युवक ने उन लोगों से हाथापाई भी की थी।

पीड़ित मां के अनुसार घटना के बाद आरोपी युवक के साथ पुलिस भी उसके घर आई थी। उसने बेटी का आधार कार्ड देखा और उसमें बेटी को बालिग देख युवक के साथ जाने दे दिया। उन लोगों ने विरोध किया तो पुलिस कर्मियों ने उसे व उसके पति को थाने ले जाने की भी धमकी दी। मां का आरोप है कि बेटी के आधार कार्ड में हेराफेरी कर उसे नाबालिग से बालिग दिखा दिया गया है। इसके बाद जबरन उससे और उसके पति से कागज में हस्ताक्षर करवा लिया गया।

मामला एसपी तक पहुंचा तो उन्होंने सीओ व एसओ को कड़ी फटकार लगाई थी। इसके बाद बीते शनिवार किशोरी के भाई की तहरीर पर आरोपी समेत आठ पर रिपोर्ट दर्ज की गई। इसके बाद पुलिस की टीमें गठित कर चार को गिरफ्तार किया है।

# बैराज मार्ग व नवीन पुल पर लगा जाम

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव



बैराज मार्ग स्थित सरैयां क्रासिंग पर जाम में फंसे वाहन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गणेश प्रतिमा विसर्जन के चलते रविवार को शुक्लागंज और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भारी भीड़ और जाम की स्थिति बन गई। विसर्जन जुलूस के चलते बैराज मार्ग और नवीन पुल पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

रविवार दोपहर से ही शुक्लागंज के विभिन्न मोहल्लों व गांवों से विसर्जन जुलूस यात्राएं शुरू हो गई। महिला, पुरुष व बच्चों ने ढोल-ताशों की धुन पर वाहनों पर सवार होकर गगनीखेड़ा स्थित विसर्जन स्थल की ओर रुख किया। इस भीड़-भाड़ के कारण सरैयां क्रासिंग पर दोनों तरफ ट्रेनों की आवाजाही के दौरान गेट बंद रहने से वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। इससे मरहला चौराहा और बैराज मार्ग तक जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। शाम तक स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। विसर्जन जुलूस के कारण बार-बार जाम की समस्या बनी रही, जिससे राहगीरों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। इसी तरह, पोनी रोड से विसर्जन करने वाले लोग नवीन पुल से होकर गुजर रहे थे, जिससे वहां भी जाम की स्थिति बनी रही।

# शादी का झांसा दे किया शोषण

**फतेहपुर।** शादी का झांसा देकर किशोरी का एक युवक ने पिछले तीन सालों से शारीरिक शोषण किया और अब शादी करने से मना कर दिया। मामले की शिकायत पीड़िता की मां ने कोतवाली में की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने बताया कि उसकी नाबालिग बेटी को खजुहा चौराहे का रहने वाला एक युवक ने बरगला शादी का झांसा दिया और एक होटल ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद कई बार अलग अलग स्थानों पर बुलाकर किशोरी से दुष्कर्म करता रहा। बेटी के शादी करने को कहने पर युवक ने शादी से इंकार कर दिया।

# अंत्योदय कार्ड धारकों को नहीं मिल रहा राशन

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** शुक्लागंज के सरकारी राशन की दुकानों में राशन वितरण में समस्या आ रही है, जिससे अंत्योदय कार्ड धारकों को संकट का सामना करना पड़ रहा है। नगर में 1500 से अधिक अंत्योदय कार्ड धारकों को राशन नहीं मिल पा रहा है क्योंकि उनका राशन कार्ड अपडेट नहीं हुए हैं।

इस स्थिति से अन्य कार्ड धारकों को राशन मिल रहा है, लेकिन अंत्योदय कार्ड धारकों को इस माह राशन प्राप्त नहीं हो पा रहा है। नगर में कुल 32 सरकारी राशन की दुकानों में से 22 दुकानों में अंत्योदय कार्ड धारक पंजीकृत हैं। 7 से 25 सितंबर के बीच राशन वितरण चल रहा है।

हालांकि, जब लाल कार्ड धारक राशन लेने जाते हैं, तो उन्हें बताया जाता है कि उनका राशन मशीन में दर्ज नहीं किया गया है। कार्ड धारकों और कोटेदारों के बीच विवाद हो रहे हैं। जब इस मामले में जिलापूर्ति अधिकारी राजबहादुर सिंह से संपर्क किया गया, तो उन्होंने फोन काटते हुए कहा कि आवाज नहीं आ रही है। इससे यह स्पष्ट होता है कि प्रशासनिक स्तर पर भी इस समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है।

# तमंचा व कारतूस समेत गिरफ्तार

**शुक्लागंज।** रविवार को गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने एसपी के निर्देश पर चलाए गए विशेष अभियान के दौरान एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया। मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरओबी अंडर पास के नीचे खड़े चंपापुरवा निवासी सूरज निषाद को रोका।

कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मरहला चौकी इंचार्ज अंजनी कुमार सिंह और उनकी टीम चेकिंग कर रहे थे, तभी मुखबिर की सूचना पर सूरज निषाद की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान पुलिस को उसके पास से एक तमंचा 315 बोर और एक कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सूरज निषाद को गिरफ्तार कर लिया और उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। गिरफ्तारी के बाद सूरज निषाद को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया।




जानकारी देते ब्रह्मसभा के अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी। अमृत विचार

# ब्रह्मसभा मेधावियों को करेगी सम्मानित

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** ब्रह्मसभा शुक्लागंज के तत्वावधान में 29 सितंबर को मेधा सम्मान का आयोजन किया जायेगा। जिसके लिये तैयारियां की जा रही है। इस दौरान हाईस्कूल और इंटर में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले को सम्मानित किया जायेगा।


यह बात रविवार को राजधानी मार्ग स्थित डीएसएम पब्लिक स्कूल में प्रेस वार्ता के दौरान ब्रह्मसभा शुक्लागंज के अध्यक्ष अंजनीकांत मिश्रा ने कही। उन्होंने बताया कि 29 सितंबर को राजधानी मार्ग स्थित एक लॉन में मेधावियों को सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान हाईस्कूल व इंटर मीडिएट की परीक्षा में 85 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किये है। उन छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर आशुतोष शुक्लस, अवनीश शुक्ला, रवि शुक्ला, ओम प्रकाश मिश्रा, राजीव मिश्रा, रामशंकर शुक्ला मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर ने अधेड़ को रौंदा, मौत

**किशनपुर।** किशनपुर थाना क्षेत्र के रारी गांव निवासी देवव्रत यादव देर शाम गांव में ही एक निमंत्रण में शामिल होने गया था। वापस घर लौटते समय। जैसे ही वह गुलाब यादव के घर के पास पहुंचा था कि उसी दौरान सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने देवव्रत यादव को जोरदार टक्कर मार दी जिससे अधेड़ अचेत होकर जमीन में गिर गया जिसे इलाज के लिए ले जाया गया। जिसकी रविवार की भोर पहर इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक किसान के पिता भैरोदीन यादव उर्फ भोंदू यादव ने ट्रैक्टर चालक पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। आरोप है कि खखरेरू थाना क्षेत्र के भदौहा गांव निवासी अनिल कुमार अपने ट्रैक्टर में बोरिंग मशीन लेकर जा रहा था। जो लापरवाही तरीके से ट्रैक्टर चलाते हुए देवव्रत यादव को सामने से टक्कर मार दी जिसकी वजह से उसकी मौत हो गई।

# श्रीराम के धनुष तोड़ते ही गूंजा जय श्रीराम

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव



परशुराम लक्ष्मण संवाद करते कलाकार।



कल्याणी देवी मंदिर में सामूहिक रुद्राभिषेक के दौरान मौजूद भक्त। अमृत विचार

**अमृत विचार।** श्री गणेश नवयुवक सेवा समिति शुक्ला के तत्वावधान में आयोजि 28वें श्री गणेश महोत्सव के दौरान शनिवार रात धनुष भंग का आयोजन किया गया।

गणेश महोत्सव के दौरान शनिवार रात विशाल धनुष भंग हुआ। जिसमें राजीव शुक्ला राम, प्रदीप पांडे लक्ष्मण, आशुतोष त्रिपाठी परशुराम, अजय दीक्षित जनक, गोपाल बाजपेई रावण, अभिषेक त्रिपाठी वाणासुर, राघव मिश्रा विश्वामित्र, संदीप चौहान व्यास ने मंचन किया। जैसे ही शिवधनुष टूटते ही पूरा पंडाल जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। वहीं धनुष टूटने के साथ सीता स्वयंवर की खबर मिलने पर परशुराम जनकपुरी में स्वयंवर स्थान पर आ जाते है। हाथ में फरसा लिए क्रोधित हो धनुष तोड़ने वाले को सामने आने, सहस्त्रबाहु की तरह दडिंत होने और न आने पर वहां उपस्थित सभी राजाओं को मारे जाने की धमकी देते हैं। उनके क्रोध को शांत करने के लिए राम आगे बढ़कर कहते हैं कि धनुष-भंग करने का बड़ा काम उनका कोई दास ही कर सकता है।

इस मौके पर दिलीप शुक्ला उर्फ भोला, बसंत मिश्रा, प्रेम चंद्र कश्यप, पप्पू तिवारी, शिब्बू तिवारी, पूर्व सैनिक विजय तिवारी आदि मौजूद रहे।

### कल्याणी मंदिर में द्वादश ज्योतिर्लिंग का हुआ रुद्राभिषेक

उन्नाव। शहर के मां कल्याणी देवी मंदिर परिसर में स्थापित द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर में रविवार को भक्तों द्वारा सामूहिक रुद्राभिषेक संपन्न किया गया। हर प्रदोष को होने रुद्राभिषेक का भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष शुभ अवसर पर आचार्य जुगल किशोर तिवारी के आचार्यत्व में कृष्णा अविरल अवस्थी, श्रेष्ठा अवस्थी, ऊषा त्रिवेदी, पूनम अवस्थी, अनीता बहादुर सिंह, अनन्य सोनी अवस्थी आदि ने बाबा सोमनाथ, मल्लिकार्जुन, महाकाल, ओंकारेश्वर, वैधनाथ, विश्वनाथ, भीमाशंकर, रामेश्वर, नागेश्वर, त्रयंबकेश्वर, केदारनाथ, घृष्णेश्वर शिव लिंग का पूजन किया। इसमें पदमनाथ तिवारी, गोपाल व सर्वेंद्र सिंह चौहान खुन्नू का सहयोग रहा। कार्यवाहक अध्यक्ष पीके मिश्रा ने बताया कि अगला पूजन 30 सितंबर को दोपहर साढ़े 12 बजे होगा।

आरोग्य मेला | सर्दी, जुकाम, बुखार ,खांसी व त्वचा रोग के पहुंचे अत्यधिक मरीज

# स्वास्थ्य मेले में मरीजों की जांची सेहत

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव




स्वास्थ्य मेले में मरीज का परीक्षण करते डॉक्टर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रविवार को न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जहां नगर व आस पास रहने वाले मरीज पहुंचे। इस दौरान मेले में मौजूद डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया और उन्हें दवाइयां दी।

राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में एलोपैथिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया गया। मरीजों को दवा बांटी गई। इसके अलावा डॉ. शिप्रा झा, डॉ. रश्मि वर्मा, डॉ. अर्चना गुप्ता, विमल किशोर ने भी मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी। वहीं अन्य डॉक्टरों ने आये मरीजों का परीक्षण किया। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि पीएचसी में 52 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां बांटी गई। जिसमें चर्म रोग, लीवर पेट से संबंधित, सांस, मधुमेह, उच्च रक्त चाप, खून की कमी, गर्भवती महिला, सर्दी, जुकाम, बुखार के अलावा अन्य बीमारियों से ग्रसित मरीज पहुंचे। इस दौरान सिद्धार्थ बाजपेई, अमित कुशवाहा, अखिलेश समेत अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मी रहे।

### संगठन के चुनाव के चलते 3 शिक्षक रहे अनुपस्थित

**पुरवा उन्नाव।** आरोग्य स्वास्थ्य मेला रविवार को क्षेत्र की तीनों पीएचसी में आयोजित हुआ। जिसमें त्वचा व बुखार के 37 रोगियों को फार्मासिस्ट ने दवाएं दीं। तीन चिकित्सक संघ के चुनाव अधिवेशन के चलते मौजूद नहीं रहे।

क्षेत्र के गांव पासा खेड़ा में आए 18 मरीजों में त्वचा, बुखार, गैस, जुकाम के आए। जहां फार्मासिस्ट अनिल कुमार ने उन्हें देखकर दवाएं दीं। जबकि डा. अंजली सिंह संघ का चुनाव होने से छुट्टी पर रहीं। चमियानी पीएचसी में फार्मासिस्ट रुद्र प्रताप सिंह ने 8 मरीजों में बुखार, खासी व खुजली के देखे। बुखार से ग्रसित मरीजों में सौरभ, मनीष, आलोक दास को दवाएं दी गईं। गढ़ाकोला में फार्मासिस्ट अश्वनी वर्मा ने 11 मरीजों में बुखार, दस्त, त्वचा व पेट दर्द के रोगी आए। जिन्हें दवाएं दी गईं। चिकित्सकों ने बताया कि दवाएं पर्याप्त हैं।

# जच्चा-बच्चा की मौत के मामले में एएनएम पर रिपोर्ट

**फतेहपुर।** हुसेनगंज के भागूपुर मजरे समदासहोदपुर गांव निवासी कमलेश कुमार सिंह ने तहरीर में बताया कि वह वर्तमान समय पाल नगर नई तहसील में रहता है। उसने 22 जुलाई को पत्नी सोनी देवी को घर के पास स्थित श्रद्धा मेडिकल स्टोर में दिखाया था। संचालिका गीता उत्तम ने पत्नी को अपने नर्सिंग होम में भर्ती कर लिया था। 23 जुलाई को सुबह संचालिका ने पेट में बच्चा मरने की बात कहकर सफाई की। सफाई के बाद ब्लीडिंग बंद न होने पर पत्नी को कानपुर के लिए रेफर कर दिया। वह पत्नी को कानपुर लेकर गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत बताया। आरोप लगाया कि एएनएम ने पत्नी का गलत तरीके से इलाज किया जिससे पत्नी व बच्चे की मौत हो गई। कोतवाल ने बताया कि एएनएम गीता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है।



विसर्जन स्थल पर प्रसाद लेने के लिये लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

# हरिहर गौ व जन सेवा संस्थान ने बांटा प्रसाद

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- गणेश विसर्जन स्थल गगनी खेड़ा पर प्रसाद वितरण का किया गया आयोजन

**अमृत विचार।** रविवार को गगनी खेड़ा विसर्जन स्थल पर हरिहर गौ एवं जन सेवा संस्थान द्वारा प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी, जिन्होंने प्रसाद के रूप में हलुआ का आनंद लिया। कार्यक्रम का संचालन संस्थान के प्रमुख सदस्यों पंकज यादव, मनीष कश्यप, जयसिंह, विजय यादव, आनंद, नीरज, मिंटू निषाद, अशोक तिवारी, अमित आनंद और जितेन्द्र वर्मा ने किया। प्रसाद वितरण के साथ-साथ, संस्था ने गौ रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए गोवंशों के संरक्षण के लिए एक संकल्प लिया। कार्यक्रम में पहुंचे श्रद्धालुओं ने इस पहल की सराहना की और संस्था की ओर से किए गए इस सामाजिक कार्य को सराहा।



समीक्षा बैठक को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

# लव जिहाद, छेड़खानी व चेन स्नेचिंग की घटना को भी गंभीरता से लें: सीएम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● मुख्यमंत्री ने कहा, बीट सिपाही से लेकर डिप्टी एसपी तक की तय होगी जवाबदेही

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि माताओं, बहनों और बेटियों की सुरक्षा हमारी शीर्ष प्राथमिकता में एक है। लव जिहाद, चेन स्नेचिंग, छेड़खानी की छोटी से छोटी सूचना पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए। महिला पुलिस बीट अधिकारियों को सक्रिय रखें। पेट्रोलिंग जारी रखें। ऐसी घटनाओं पर बीट सिपाही से लेकर डिप्टी एसपी तक की जवाबदेही तय की जानी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने रविवार को अपने सरकारी आवास पर प्रदेश स्तरीय बैठक में विकास कार्यों, कानून व्यवस्था और पर्व-त्योहारों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में सभी मंडलायुक्त, जिलाधिकारी, अपर पुलिस महानिदेशक (ज़ोन), सभी पुलिस आयुक्त, पुलिस महानिरीक्षक (रेंज), पुलिस उप महानिरीक्षक (परिक्षेत्र), मंडलायुक्त, जिलाधिकारियों की सहभागिता रही। मुख्यमंत्री ने कहा, जिलों में प्रभारी मंत्रियों का दौरा प्रत्येक माह होगा। जिलावार एक कोर कमेटी भी गठित की गई है। प्रभारी मंत्रियों के दौरे के समय सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें। जिलों के लिए नोडल अधिकारियों की भी तैनाती शीघ्र कर दी जाएगी। वहीं, आईजीआरएस में मिलने वाले आवेदन हों या सीएम हेल्पलाइन अथवा थाना, तहसील, विकास खंड में पहुंचने वाले शिकायतकर्ता, सबकी सुनवाई की जाए। शिकायतकर्ता की संतुष्टि और उसका फीडबैक ही अधिकारियों के प्रदर्शन का मानक होगा।

योगी ने यह भी कहा कि 16 सितंबर को बरावफात के अतिरिक्त अनंत चतुर्दशी तक गणेश उत्सव मनाया जाएगा। इसके बाद, पितृ पक्ष प्रारंभ होगा और तीन अक्टूबर से शारदीय नवरात्र, विजयादशमी का उत्सव है। कानून-व्यवस्था के मद्देनजर यह समय संवेदनशील है। पुलिस प्रशासन को चौबीस घंटे सतर्क-सावधान रहना होगा। योगी ने कहा, शासन स्तर पर हर दिन हर घटना, हर अधिकारी की गतिविधि की मॉनीटरिंग हो रही है। ऐसा ही प्रयास ज़ोन और रेंज स्तर के अधिकारियों द्वारा अपने प्रभार के क्षेत्र में किया जाना चाहिए। पुलिस कमिश्नर हर दिन डीजीपी को अपने कमिश्नरेट की रिपोर्ट दें। उन्होंने कहा, सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव अपने विभागीय मंत्री के साथ भारत सरकार में संबंधित मंत्रालय में संवाद कर केंद्रीय योजनाओं में प्रदेश की सहभागिता बढाएं।

### रेल दुर्घटना की साजिश के संकेत

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में रेल पटरियों को क्षतिग्रस्त करने अथवा रेल दुर्घटना की साजिश के संकेत मिले हैं। कुछ लोग पकड़े भी गए हैं। यह अत्यंत गंभीर विषय है। ज़ोन और रेंज स्तर के पुलिस अधिकारी अपने क्षेत्र के जीआरपी और आरपीएफ बल के साथ लगातार संपर्क बनाए रखें। इंटेलिजेंस बढाएं और इस बड़ी साजिश में संलग्न हर अराजक तत्व के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए।

# एक सुपर कंप्यूटर की कीमत में विकसित कर दी पूरी टेक्नोलॉजी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय में आज होने वाले दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने आए वैज्ञानिक विजय पांडुरंग भटकर ने देश में सुपर कंप्यूटर लाने की महत्वपूर्ण बात बताई। रविवार को राजभवन में पत्रकारों से मुखातिब भटकर ने बताया कि ये उस समय की बात है जब सुपर कंप्यूटर सिर्फ अमेरिका के पास ही था। बिना सुपर कंप्यूटर के देश में बारिश का अनुमान लगाना मुश्किल हो रहा था। इससे किसानों की फसलों की पैदावार में दिक्कत होती थी। भटकर ने आगे कहा कि देश के तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने सुपर कंप्यूटर लेने के लिए वैज्ञानिकों के एक दल के साथ अमेरिका गए। जहां शीर्ष नेताओं, वैज्ञानिकों और सेना के अधिकारियों के साथ बैठक हुई। लेकिन, अमेरिका ने भारत को झटका देते हुए सुपर कंप्यूटर बेचने से इनकार कर दिया। इससे राजीव गांधी चिंतित हो गए। देश वापस आकर उन्होंने इसको लेकर वैज्ञानिकों के साथ मीटिंग बुलाई। इस मीटिंग में भारत में ही सुपर कंप्यूटर बनाने की बात पर चर्चा की गई। राजीव गांधी ने सुपर कंप्यूटर बनाने की जिम्मेदारी मुझे सौंपी। भटकर ने कहा कि उस वक्त एक सुपर कंप्यूटर की कीमत करीब 37 करोड़ रुपये बताई गई थी। वर्ष 1991 में इतनी ही कीमत में पूरी टेक्नोलॉजी के साथ देश में एक नया सेंटर स्थापित कर दिया।



विजय पांडुरंग भटकर।

### तीन साल की मेहनत के बाद हमने बनाया सुपर कंप्यूटर

विजय पांडुरंग भटकर ने बताया कि तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने बैठक में उनसे पूछा था कि क्या हम सुपर कंप्यूटर नहीं बना सकते। इस पर हमने जवाब दिया कि हमने सुपर कंप्यूटर का सिर्फ स्वरूप (चित्र) देखा है। ऐसे में इसे बनाना आसान न होगा। इस पर उन्होंने कहा जितना भी समय लगे बिना परवाह के कंप्यूटर बनाएं। भटकर ने बताया कि इसके निर्माण को तीन साल की समय सीमा तय की गई। करीब 100 वैज्ञानिकों की टीम ने कड़ी मेहनत के बाद निर्धारित समय सीमा के भीतर ही कंप्यूटर बनाकर तैयार कर दिया। आज सुपर कंप्यूटर का इस्तेमाल हर क्षेत्र में किया जा रहा है।

### सात फेरों के बाद साथ जिये और एक साथ ही छोड़ी दुनिया

**मसौधा :** साथ जियेंगे, साथ मरेंगे...यह गीत यहां साकार होता दिखा। आज से करीब 70 वर्ष पूर्व सात फेरे लिए, साथ जिए और वैवाहिक जीवन का आनंद लेते हुए गृहस्थ जीवन बिताने के दौरान बुढ़ापे की बेला में पति–पत्नी दोनों की शव यात्रा भी गांव से साथ ही निकली। बामुश्किल 10 से 15 मिनट के अंतराल में स्वर्ग लोक सिधारे पति–पत्नी की शव यात्रा में शामिल लोगों की जुबां पर सवाल तैर रहे थे कि इन दोनों बुजुर्गों का गजब का साथ रहा है। करीब 90 वर्ष की उम्र के पड़ाव पर दोनों एक ही दिन रविवार सुबह इस दुनिया से विदा ले लिए। ग्रामीण बताते हैं कि सदर तहसील के पूरा कलंदर थाना क्षेत्र के शिवदासपुर गांव में जन्मे झगरू 90 वर्ष का विवाह बाल्यावस्था में करीब 15 वर्ष की उम्र में कैलाशपती के साथ पौपूजी की रीति रिवाज के चलते हुआ था। प्रचलन के मुताबिक कन्या पक्ष के लोग दुल्हन को वर पक्ष के घर पर लाकर झगरू के साथ उनके पैतृक गांव शिवदासपुर में ही शादी किए थे। करीब 75 वर्ष की उम्र का पड़ाव पार करने के दौरान झगरू एक सड़क दुर्घटना में पैर से जख्मी हो गए थे, जबकि उनकी पत्नी कैलाशपती 80 वर्ष की उम्र में आंखों की बीमारी के चलते बेहद कमजोर हो चुकी थीं। करीब 12 वर्ष तक बीमारी को झेलते हुए झगरू वर्मा और कैलाशपति दोनों को एक साथ रविवार सुबह करीब 9 बजे मंडलीय अस्पताल दर्शन नगर पहुंचाया गया। झगरू ने अस्पताल की चौखट पर व उनकी पत्नी कैलाशपती अस्पताल परिसर में घुसने से पहले ही दम तोड़ चुकीं थीं।

# कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, इटावा

पत्रांक :– एस0एस0ए0/के0जी0बी0वी0 / स्टाफ चयन / 5259–54 / 2024–25 दिनांक :– 14–09–24

**विज्ञप्ति सूचना**

महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ के पत्रांक–के0जी0बी0वी0/3715/2022–23 दिनांक 25.08.2022 तथा पत्रांक–के0जी0बी0वी0/11308/2022–23 दिनांक–14.02.2023, शासनादेश संख्या– 2805/68–5–2023–5/2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग–5 दिनांक– 01.02.2023, शासनादेश संख्या – 68–5099/37/ 2023–5 बेसिक शिक्षा अनुभाग–5, लखनऊ दिनांक – 20.04.2023 तथा राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय, लखनऊ के पत्रांक– के0जी0बी0वी0 / 1121 / 2023–24 दिनांक – 25.04.2023 एवं शासनादेश संख्या – 1553 / 68–5–2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग–05 लखनऊ दिनांक–11.012.2020 के अनुक्रम में सक्षम अधिकारी के अनुमोदन दिनांक– 14.09. 2024 के अनुपालन में जनपद इटावा में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय नगर क्षेत्र एवं ताखा, इटावा में शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर कार्मिकों के रिक्त पदों पर सेवा अनुबन्ध के आधार पर निर्धारित मानदेय पर कार्य करने की इच्छुक अर्ह महिला अभ्यर्थियों से पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, माल गोदाम रोड, इटावा में निर्धारित प्रारूप पर दिनांक– 03.10.2024 सांय 05: 00 बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। पंजीकृत डाक के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेगें। **रिक्त पदों का विवरण निम्नवत् है–**

**जनपद इटावा के कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालयों में शैक्षिक तथा शिक्षणेत्तर कार्मिकों के रिक्त पदों का विवरण**

| क्र. सं. | पदनाम | विषय | शैक्षिक योग्यता | मानदेय | रिक्त पदों की संख्या | वर्गवार रिक्त पदों का विवरण | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | अनारक्षित | अनु0 जाति | अनु0 जनजाति | अन्य पिछड़ा वर्ग | |
| 1 | पूर्णकालिक शिक्षिका | हिन्दी, संस्कृत | भाषा (हिन्दी एवं संस्कृत से स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0 | 24,200/– | 01 | 01 | – | – | – | 01 |
| 2– | पूर्णकालिक शिक्षिका | गणित | (पी0सी0एम0 वर्ग से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0) | 24,200/– | 01 | 01 | – | – | – | 01 |
| 3 | पूर्णकालिक शिक्षिका | अंग्रेजी | अंग्रेजी (अंग्रेजी से स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0) | 24,200/– | 01 | – | – | – | 01 | 01 |
| 4 | अंशकालिक शिक्षिका | स्काउट गाइड एवं | शारीरिक शिक्षा– बी0पी0एड0, सी0पी0एड0 एवं डी0पी0एड0 आदि की उपाधि | 10780/– | 01 | – | – | – | 01 | 01 |
| 5 | चपरासी | कक्षा 8 उत्तीर्ण | | 6325/– | 01 | – | 01 | – | – | 01 |
| 6 | सहायक रसोईया | कक्षा 8 उत्तीर्ण | | 5693/– | 01 | – | 01 | – | – | 01 |

**अर्हता एवं शर्त :–** http://etawah.nic.in पर देखी जा सकती हैं।

1. पूर्णकालिक शिक्षिकाओं के पद के लिये निर्धारित योग्यता उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0 एवं प्रशिक्षण स्नातक होगी। प्रशिक्षण उपाधि के अन्तर्गत एन0सी0टी0ई0 से मान्य बी0 एड0 / समकक्ष एल0टी0 इत्यादि प्रशिक्षण को सम्मिलित किया जायेगा ।
2. कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों की ऐसी शिक्षिकाऐं जो वर्ष 2020–21 में नवीन संविदा से वंचित हो गये है, इस विज्ञप्ति के सापेक्ष आवेदन करने पर आयु सीमा में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में कार्यरत अवधि के समतुल्य छूट इस प्रतिबन्ध के साथ प्रदान की जायेगी कि आवेदनकर्ता की उम्र 60 वर्ष से अधिक न हो ऐसे कर्मियो को प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर की गयी सेवा अवधि के सम्पूर्ण शैक्षिक वर्ष के लिये 2 प्रतिशत अतिरिक्त भारांक प्रदान किया जायेगा जो अधिकतम 30 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा । संख्या / के0जी0बी0वी0/ 3–2 / 1916/2013–14 दिनांक – 29.07.2013 के पूर्व से कार्यरत होने की दशा में उक्त शैक्षिक कर्मियों के लिये टी0ई0टी की अर्हता अनिवार्य नहीं होगा ।
3. अभ्यर्थियों की न्यूनतम आयु 21 वर्ष तथा अधिकतम आयु 45 वर्ष होगी। आयु की गणना 01.07.2024 को आधार मानकर की जायेगी।
4. कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में पूर्णकालिक शिक्षिका, अंशकालिक शिक्षिका के पद पर चयन सीधे मेरिट के आधार पर किया जायेगा ।
5. सहायक रसोईया, चपरासी के पद पर चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जायेगा ।
6. किसी सेवा से बर्खास्त, नैतिक / चारित्रिक अक्षमता के अपराध के लिये दोष सिद्ध एवं दिवालिया व्यक्ति चयन के लिये अर्ह नहीं होगें। इस हेतु अन्तिम शैक्षिक संस्था/किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा। यदि चयनित अभ्यर्थी की सेवाएं अनुपयुक्त पायी जाती है तो उन्हें एक माह का नोटिस देकर सेवाओं को समाप्त कर दिया जायेगा। गम्भीर परिस्थितियों/वित्तीय अनियमिता/गंभीर अनुशासनहीनता की स्थिति उत्पन्न होती है तो जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रस्तुत अनुमोदनोपरान्त के आधार पर जिलाधिकारी के अनुमोदनोपरान्त संविदा समाप्त करते हुए सम्बन्धित के विरूद्ध प्राथमिक सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी जायेगी ।
7. चयन उपरान्त पूर्णकालिक शिक्षकाओं, चपरासी तथा सहायक रसोइयों को विद्यालय परिसर में ही निवास करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में उनका चयन समाप्त कर दिया जायेगा। पूर्णकालिक स्टाफ को अपने साथ परिवार के किसी भी सदस्य को विद्यालय परिसर में रखने की अनुमति नहीं है । समस्त स्टाफ के भोजन व्यवस्था उनकी स्वंय की होगी ।
8. समस्त पदों पर केवल महिला अभ्यर्थियों का ही चयन किया जायेगा ।
9. उपरोक्त रिक्तियों हेतु प्रकाशित विज्ञप्ति एवं आवेदन पत्र को जनपद इटावा के वेबसाइट https://etawah.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है।
10. लिफाफे के ऊपर मोटे अक्षरों में कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय में पद / विषय / जाति वर्ग के लिए आवेदन किया जा रहा है, स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए ।
11. इच्छुक पात्रताधारी अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र दिनांक– 03.10.2024 को सांय 05: 00 बजे तक कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, माल गोदाम रोड, इटावा पिन कोड – 206001 को केवल स्पीड पोस्ट / रजिस्टर्ड डाक से प्रेषित कर सकते हैं। इनके बाद प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।
12. आवेदन पत्र के साथ अपनी दो स्व–प्रमाणित फोटो, समस्त शैक्षिक अंकपत्र, प्रमाण पत्र, अनुभव (के0जी0बी0वी) प्रमाण–पत्र, सामान्य निवास प्रमाण–पत्र, जाति प्रमाण–पत्र, राजपत्रित अधिकारियों द्वारा निर्गत 02 चरित्र प्रमाण–पत्र, आधार कार्ड, टी0ई0टी. (उच्च प्राथमिक स्तर) एवं अन्य वांछित प्रमाण–पत्रों की स्व–प्रमाणित छायाप्रतियाँ तथा अपने पता लिखे हुए 02 लिफाफे स्पीड पोस्ट के निर्धारित शुल्क की डाक टिकट लगे हुए अवश्य संलग्न करें।
13. अपूर्ण, अस्पष्ट, बिना संलग्नकों वाले, बिना हस्ताक्षर, प्रारूप से भिन्न, अधूरे संलग्नकों वाले आवेदन पत्रों को निरस्त कर दिया जायेगा।
14. विज्ञप्ति को किसी भी समय बदलने / निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा ।

**(विकास सक्सेना)**
**जिला समन्वयक (बा0शि0)**
**समग्र शिक्षा, इटावा**

**(डा0 राजेश कुमार)**
**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी**
**इटावा**

**जनपद इटावा में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में चयन हेतु आवेदन पत्र**

(आवेदन पत्र अभ्यर्थी द्वारा स्वयं साफ–साफ भरा जाये। कटिंग एवं ओवर राइटिंग मान्य नहीं होगी। नाम एवं पिता का नाम तथा जन्मतिथि हाईस्कूल के प्रमाण–पत्र के अनुसार लिखी जाये अपूर्ण, त्रुटिपूर्ण एवं अस्पष्ट आवेदन पत्र निरस्त कर दिये जायेगें ।)

**आवेदन पत्र**

1. आवेदित पद का नाम–...........................................................
2. विषय...............................................................................
3. अभ्यर्थी / अभ्यर्थिनी का नाम हिन्दी में –.......................................

**(अंग्रेजी के कैपिटल अक्षर में)**

4. पिता/पति का नाम (हिन्दी में) –..................................................
5. जन्मतिथि (हाईस्कूल के प्रमाण–पत्र के आधार पर आयु ................दिन..........माह.............वर्ष..............

(शब्दो में )..................................................................

6. 01 जुलाई 2024 को हाईस्कूल के प्रमाण पत्र के आधार पर आयु............. दिन............ माह ........... वर्ष............

(अ) गृह जनपद का नाम व पता (थाना सहित)................................

(ब) पत्र व्यवहार का पता ..........................................................

7. ई–मेल आई0डी0..........................................................मो0......................................
8. जाति/वर्ग (सामान्य, अनुजाति, अन्य पिछडी जाति) .........................................................
9. अनुभव के0जी0बी0वी0 यदि हो..............................................................................
10. अभ्यर्थी की शैक्षिक/प्रशिक्षण योग्यता का विवरण. .........................................................

| परीक्षा | बोर्ड / विश्वविद्यालय | विषय | उत्तीर्ण वर्ष | अनुक्रमाक | पूर्णाक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कक्षा–8 (केवल सहायक रसोईया, चौकीदार एवं चपरासी पद हेतु) | | | | | | | |
| हाईस्कूल | | | | | | | |
| इण्टरमीडिएट | | | | | | | |
| स्नातक | | | | | | | |
| प्रशिक्षित स्नातक (बी0एड0) | | | | | | | |
| अध्यापक पात्रता परीक्षा / टी0ई0टी0 (कक्षा 06 से कक्षा 08 तक उच्च प्राथमिक स्तर | | | | | | | |

**1. कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में शिक्षण का अनुभव (प्रमाणित प्रमाण पत्र संलग्न करे)**

| क्र0स0 | के0जी0बी0वी0 | प्रथम संविदा तिथि | अंतिम संविदा तिथि | शिक्षण कार्य का अनुभव | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | दिन | माह | बर्ष |
| | | | | | | |

**2. संलग्नकों का विवरण**

1.....................................................6.....................................................
2.....................................................7.....................................................
3.....................................................8.....................................................
4.....................................................9.....................................................
5.....................................................10....................................................

**घोषणा**

मै शपथपूर्वक अभिकथन करती हूँ कि उपरोक्त विवरण सत्य है तथा आवेदन पत्र प्रेषित करने के पूर्व समस्त अंकित विवरण का मेरे द्वारा परीक्षण कर लिया गया हैं चयन के पूर्व अथवा बाद मे जांचोपरांत कोई भी विवरण असत्य अथवा गलत पाये जाने पर सम्बन्धित संस्थान / प्राधिकारी मेरा सेवा अनुबन्ध समाप्त करते हुए प्राथमिकी दर्ज करने व भुगतानित मानदेय की वसूली करने का अधिकारी होगा। आवेदन पत्र में अंकित सूचनाओं से सम्बन्धित मूल प्रमाण पत्र / अंक पत्र आवेदन करने की तिथि के पूर्व से मेरे पास उपलब्ध है ।

**अभ्यर्थी / अभ्यर्थिनी का पठनीय हस्ताक्षर**

**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,** इटावा

## एक नजर

### यौन शोषण में अस्पताल का सहायक प्रोफेसर निलंबित

**मुंबई।** मुंबई सेंट्रल स्थित सरकारी नायर अस्पताल के एक सहायक प्रोफेसर को एक छात्रा का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि शनिवार को आरोपी सहायक प्रोफेसर को निलंबित कर दिया गया और एक समिति इस घटना की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि इस जांच समिति के निष्कर्षों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

### फर्जी वीजा बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़, छह गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के तिलक नगर इलाके में फर्जी वीजा बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है और इसमें शामिल छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की एक टीम ने छह लोगों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 14 नेपाली और दो भारतीय पासपोर्ट और फर्जी शेंगेन वीजा बरामद किए हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से फर्जी शेंगेन वीजा लगे 14 नेपाली और दो भारतीय पासपोर्ट, फर्जी वीजा बनाने में इस्तेमाल होने वाले उपकरण, टिकट और वॉटरमार्क सामग्री जब्त की गई है।

### धुले में वैन और कार की टक्कर में पांच की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र के धुले जिले में रविवार को वैन और कार की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई जबकि चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह हादसा सुबह शिंदखेड़ा तालुका के दासवेल फाटा में हुआ। एक वैन के एक कार से टकरा जाने से तीन महिलाओं समेत पांच लोगों की मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि इस हादसे में चार लोग घायल हो गए जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार दुर्घटना के समय वैन का चालक नशे में था, उसे मामूली चोटें आईं हैं।

# आरक्षण संबंधी बयान पर उपराष्ट्रपति ने राहुल को घेरा

## बोले- संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति की ऐसी टिप्पणी संविधान विरोधी मानसिकता को दर्शाती है

- अमेरीका में राहुल गांधी के आरक्षण समाप्त संबंधित दिया था बयान

**मुंबई, एजेंसी**



मुंबई में संविधान मंदिर के उद्घाटन पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, उनकी पत्नी सुदेश, राज्यपाल सीपी राधाकृष्ण और केंद्रीय राज्य मंत्री रामदास अठावले।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरक्षण संबंधित बयान को लेकर उन पर परोक्ष रूप से निशाना साधा। रविवार को मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति की ऐसी टिप्पणी संविधान विरोधी मानसिकता को दर्शाती है। संविधान के प्रति जागरूकता की जरूरत है, क्योंकि कुछ लोग इसकी मूल भावना को भूल गए हैं।

उन्होंने कहा कि संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति का विदेशी धरती पर यह कहना कि आरक्षण समाप्त कर देना चाहिए, संविधान विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। यह वही पुरानी मानसिकता है, बस इसकी जिम्मेदारी किसी और ने ले ली है। आरक्षण योग्यता के खिलाफ नहीं है, बल्कि यह देश और संविधान की आत्मा है। यह सकारात्मक है, नकारात्मक नहीं। यह समाज को ताकत देने वाले स्तंभों को सहारा देता है। हाल ही में अमेरिका यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने कहा था कि कांग्रेस आरक्षण खत्म करने के बारे में तभी सोचेगी, जब देश में सभी को समान अवसर मिलने लगेंगे और फिलहाल ऐसी स्थिति नहीं है। हालांकि, बाद में गांधी ने कहा था कि उनके बयान को गलत तरीके से पेश किया गया ताकि यह दिखाया जा सके कि वह आरक्षण के खिलाफ हैं। गांधी ने स्पष्ट किया कि मैं बार-बार कहता रहा हूं कि हम आरक्षण को 50 प्रतिशत से आगे बढ़ाने जा रहे हैं।

धनखड़ ने कहा कि विदेश यात्रा का उद्देश्य भारत की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा करने तथा संविधान के प्रति सम्मान नहीं बल्कि अनादर व्यक्त करना था। संविधान को किताब की तरह नहीं दिखाया जाना चाहिए। इसका सम्मान होना चाहिए, इसे पढ़ा और समझा जाना चाहिए। कोई सज्जन, बुद्धिमान या संविधान का सम्मान करने वाला व्यक्ति कभी भी इस तरह के व्यवहार को स्वीकार नहीं करेगा। चुनाव प्रचार के दौरान गांधी संविधान के संक्षिप्त संस्करण की प्रति दिखाते थे, ताकि कांग्रेस नीत विपक्ष के इस आरोप को बल मिल सके कि भाजपा संविधान में बदलाव करना चाहती है और आरक्षण समाप्त करना चाहती है।

### कांग्रेस ने पूछा- क्या आप राहुल का समर्थन करते हैं

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से सवाल किया कि क्या वह एससी, एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण पर लागू 50 फीसदी की सीमा हटाने की राहुल गांधी की मांग का समर्थन करते हैं? आरक्षण पर राहुल पर निशाना साधने वाले धनखड़ पर पलटवार करते हुए कांग्रेस ने यह सवाल पूछा। कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने एक्स पर कहा कि राहुल गांधी ने एससी, एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण पर लागू 50 फीसदी की सीमा हटाने की मांग की है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ क्या आप कांग्रेस की इस मांग का समर्थन करते हैं?

# गोप्रतिष्ठा आंदोलन के खिलाफ बीफ फेस्टिवल का एलान

**शैलेश अवस्थी, शिलांग**



- शंकराचार्य ने की 2 अक्टूबर को शिलांग में आयोजन की घोषणा
- मेघालय में किया गया गोरक्षा रैली और गोध्वज का विरोध

**अमृत विचार :** ज्योतिपीठाधीश्वर शंकराचार्य अविन्मुक्तेश्वरानंद की 2 अक्टूबर को शिलांग में प्रस्तावित गोप्रतिष्ठा आंदोलन और रैली का मेघालय में विरोध शुरू हो गया है। यहां की हाइनीवट्रेप यूथ काउंसिल ने एलान किया है कि यदि इस आयोजन पर पाबंदी नहीं लगा तो यहां बड़े पैमाने पर उसी दिन बीफ (गोमांस) फेस्टिवल आयोजित करेंगे।

शंकराचार्य ने देशव्यापी गोप्रतिष्ठा आंदोलन की योजना बनाई है। यह 22 सितम्बर से 9 नवम्बर तक चलेगा। 9 नवम्बर को दिल्ली में महारैली होगी, जिसमें गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग होगी। पूर्वोत्तर राज्यों में इसकी तैयारी है। इस आयोजन से जुड़े मुकुंदानंद ब्रह्मचारी और विकास पाटनी शिलांग आए और प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता का आवेदन किया। हाइनीवट्रेप यूथ काउंसिल (एचवाईसी) को जानकारी मिली तो पदाधिकारी प्रेस क्लब के पास एकत्र हो गए और प्रदर्शन किया। पुलिस भी पहुंच गई, जिससे प्रेसवार्ता नहीं हो सकी। काउंसिल ने शासन और प्रशासन से मांग की कि गोप्रतिष्ठा आंदोलन, रैली और गोध्वज स्थापना की अनुमति नहीं दी जाए। काउंसिल का कहना है कौन क्या खाता है, क्या पहनता है, यह उसका अधिकार है।

गोमांश मेघालय के लोगों का आहार है, इस कारोबार से हजारों लोग जुड़े हैं। रोजगार का भी सवाल है। यहां मां का बड़ा स्थान है। उसकी तुलना गाय या अन्य पशु से नहीं हो सकती है। यदि गोरक्षा रैली या इससे जुड़ा कोई आयोजन हुआ तो जिस स्थान पर गोध्वज स्थापित होगा, वहीं बीफ फेस्टिवल मनाएंगे। काउंसिल की मांग है कि मेघालय में गोप्रतिष्ठा आंदोलन की अनुमति न दी जाए। इस विवाद के बाद गोरक्षा रैली का प्रचार थम गया है।

# पिछले 10 साल में लोकतांत्रिक ढांचे को नष्ट करने का संगठित प्रयास हुआ : खरगे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 2024 को भारत के लोकतंत्र के लिए एक महत्वपूर्ण वर्ष बताते हुए रविवार को कहा कि 140 करोड़ भारतीयों ने ऐसा जनादेश दिया जो राष्ट्र निर्माताओं की कड़ी मेहनत से निर्मित दीर्घकालिक संस्थाओं पर विश्वास कायम करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले 10 साल में लोकतांत्रिक ढांचे को नष्ट करने, संस्थाओं को ध्वस्त करने तथा हमारी प्रणालियों की अखंडता को नुकसान पहुंचाने का बड़ा प्रयास किया गया है। खरगे ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को उद्धृत करते हुए कहा कि लोकतंत्र सरकार का सर्वोत्तम स्वरूप है। यह लोगों को तय करने का अधिकार देता है कि उन पर किस प्रकार शासन किया जाए तथा वे अपने नेताओं को जवाबदेह ठहरा सकते हैं।

### महिला आरक्षण अधिनियम महिलाओं को समर्थन : राहुल

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि महिला आरक्षण अधिनियम कांग्रेस के लिए स्थापित एवं महत्वाकांक्षी महिला नेताओं को बढ़ावा देने और उनका समर्थन करने का अवसर है। गांधी ने अखिल भारतीय महिला कांग्रेस (एआईएमसी) की 40वीं वर्षगांठ पर अपने संदेश में कहा कि भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान उन्होंने पूरे भारत की ऐसी उल्लेखनीय महिलाओं से मुलाकात की जो बदलाव के लिए दृढ़ संकल्पित हैं।

# मस्जिद विवाद: हिंसक प्रदर्शन पर विहिप नेताओं समेत 50 लोगों पर मामला दर्ज

**शिमला, एजेंसी**

- संजौली में मस्जिद के अवैध हिस्से को लेकर किया गया विरोध प्रदर्शन

संजौली में मस्जिद के अवैध हिस्से को गिराने की मांग को लेकर पिछले सप्ताह विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान हिंसा के लिए विश्व हिंदू परिषद के नेताओं, पूर्व पार्षदों और पंचायत प्रमुख समेत 50 लोगों पर मामला दर्ज किया गया है।

शिमला एसपी संजीव गांधी ने बताया कि विरोध प्रदर्शन को भड़काने वाले लोगों के कॉल रिकॉर्ड एकत्र किए गए हैं और मामले दर्ज किए जाएंगे। सीसीटीवी फुटेज, वीडियो और फोटोग्राफ में लोगों के हाथ में पत्थर होने के सबूत हैं, जिन्हें ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों पर फेंका गया।

पुलिस ने अब तक जिन 50 लोगों की पहचान की है और आठ मामले दर्ज किए हैं उनमें विहिप के नेता, पंचायत प्रमुख और उनके प्रतिनिधि, पूर्व पार्षद तथा दुकानदारों के अलावा चौपाल एवं ठियोग के लोग शामिल हैं। एसपी ने कहा कि यह शांति भंग करने के लिए एक पूर्व नियोजित विरोध था।

# मालदा में कांग्रेस के स्थानीय नेता की हत्या

**मालदा।** बंगाल के मालदा जिले में रविवार सुबह कांग्रेस के स्थानीय नेता की हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया की हमलावरों ने उन पर गोलीबारी करने के साथ ही देसी बम फेंके थे।

मृतक की पहचान मानिकचक के गोपालपुर क्षेत्र के प्रभावशाली कांग्रेस नेता शेख सैफुद्दीन के रूप में हुई है। उनके परिवार ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस समर्थित गुंडों ने उनकी हत्या की। हालांकि राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी ने इस आरोप को खारिज कर दिया है। यह घटना सुबह करीब नौ बजे धरमपुर स्टैंड बाजार में हुई। सैफुद्दीन के परिवार ने दावा किया है कि नकाबपोश चार-पांच लोगों ने उन पर गोलियां चलाईं और दो देसी बम फेंके। उन्होंने बताया कि सैफुद्दीन की मौके पर ही मौत हो गई।

# छूट के लिए वकीलों के झूठे बयानों से नाखुश कोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- कहा- जब ऐसे मामले सामने आते हैं, तो हमारा विश्वास डगमगा जाता है

उच्चतम न्यायालय ने दोषियों की समय पूर्व रिहाई के लिए वकीलों द्वारा अदालत के समक्ष और याचिकाओं में भी झूठे बयान देने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा है कि जब इस तरह के मामले सामने आते हैं, तो हमारा विश्वास डगमगा जाता है।

न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने हालिया आदेश में पीड़ा बयां की है और कहा है कि पिछले तीन हफ्तों में उनके सामने ऐसे कई मामले आए हैं, जिनमें झूठी दलीलें दी गयी हैं। पीठ ने हाल ही में अपलोड किए गए 10 सितंबर के अपने आदेश में कहा कि इस अदालत में बड़ी संख्या में याचिकाएं दायर की जा रही हैं, जिनमें स्थायी छूट न दिए जाने की शिकायत की गई है। पिछले तीन हफ्तों के दौरान, यह छठा या सातवां मामला है, जिसमें याचिका में स्पष्ट रूप से झूठे बयान दिए गए हैं। पीठ ने कहा कि शीर्ष अदालत में सुनवाई के दिन प्रत्येक पीठ के समक्ष 60 से 80 मामले सूचीबद्ध होते हैं और न्यायाधीशों के लिए सूचीबद्ध प्रत्येक मामले के प्रत्येक पृष्ठ को पढ़ना संभव नहीं होता है, हालांकि मामले को बहुत सावधानीपूर्वक देखने का प्रयास किया जाता है। हमारी प्रणाली विश्वास पर काम करती है। जब हम सुनवाई करते हैं तो हम बार के सदस्यों पर भरोसा करते हैं, लेकिन जब का सामना करते हैं, तो हमारा विश्वास डगमगा जाता है।

# भाजपा सत्ता में लौटी तो मुख्यमंत्री पद के लिए करूंगा दावा : विज

- विज की टिप्पणी से पहले ही भाजपा कह चुकी है कि नायब सिंह सैनी ही रहेंगे मुख्यमंत्री

**अंबाला/चंडीगढ़।** भाजपा नेता और हरियाणा के पूर्व मंत्री अनिल विज ने रविवार को कहा कि राज्य में पांच अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के बाद अगर पार्टी सत्ता में लौटती है तो वह मुख्यमंत्री पद के लिए दावा पेश करेंगे। छह बार के विधायक विज की इस टिप्पणी से पहले ही भाजपा स्पष्ट कर चुकी है कि अगर वह सत्ता में लौटती है तो नायब सिंह सैनी ही मुख्यमंत्री रहेंगे। विज ने कहा कि मैंने आज तक पार्टी से कभी कुछ नहीं मांगा, हरियाणा के लोग मुझसे मिलने आ रहे हैं। यहां तक कि अंबाला में भी लोग कहते हैं कि मैं सबसे वरिष्ठ हूं, लेकिन मैं मुख्यमंत्री नहीं बना। इस पर मैं मुख्यमंत्री बनने का दावा पेश करूंगा।

# हिन्दी की गूंज संस्कारों को पुष्पित कर रही : सत्यराज

**नई दिल्ली, अमृत विचार**

- हिन्दी दिवस पर सरस काव्य संध्या का आयोजन

देश की अग्रणी साहित्यिक संस्था हिंदी की गूंज ने हिंदी दिवस पर हिंदी गूंजेगी दूर-सुदूर दिशाओं में कार्यक्रम का आयोजन आभासी पटल के माध्यम से आयोजित किया। इसमें राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर के साहित्यकारों, लेखकों, संपादकों, हिन्दी संसाधकों आदि ने भाग लिया। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान की प्रधान सम्पादक डॉ.अमिता दुबे रहीं। अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार सत्यराज सिंह ने और संचालन संस्था की मीडिया प्रभारी डॉ.ममता श्रीवास्तवा सरुनाथ ने किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां हिंदी के वंदना गीत से हुआ। उसके बाद संस्था के वरिष्ठ संरक्षक गिरीश चंद्र जोशी ने हिंदी की संस्था के बढ़ते कदम पर प्रकाश डालते हुए आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी व भविष्य की योजनाओं से अवगत कराया। श्याम सुंदर श्रीवास्तव कोमल, चेन्नई से जुड़ी रोचिका अरुण शर्मा, डॉ वर्षा सिंह, हाथरस से जुड़ी स्वर कोकिला मंजू शर्मा माधुरी ने अपनी रचनाएं प्रस्तुति कीं। शिक्षाविद् डॉ विनोद चौहान, दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी की सूचना अधिकारी उर्मिला रौतेला, नीदरलैंड से जुड़ी डॉ ऋतु शर्मा ननन पांडे, दिल्ली की तरुणा पुंडीर तरुनिल, डॉ अमिता दुबे, संस्था के संयोजक नरेंद्र सिंह नीहार ने हिन्दी संस्था के उज्जवल कामना की। इस मौके पर सत्यराज सिंह ने कहा कि संस्था हिंदी के लिए समर्पित है, युवाओं में हिंदी को पुष्पित और पल्लवित करने का प्रयास कर रही है। श्रोताओं में निर्मला जोशी, विमला रस्तोगी,कामता प्रसाद, कमलेन्द्र कुमार, राम कुमार पाण्डेय, अमृतलाल, डॉ . सुनीत कुमार, रामकेश मीणा आदि शामिल रहे।

## कारोबार/कृषि

## एक नजर

### अदाणी ने 6,600 मेगावाट बिजली आपूर्ति की बोली जीती

**नई दिल्ली।** अदाणी समूह ने महाराष्ट्र को दीर्घावधि के लिए 6,600 मेगावाट की नवीकरणीय ऊर्जा और ताप बिजली की आपूर्ति की बोली जीत ली है। कंपनी ने इसके लिए 4 .08 रुपये प्रति यूनिट की बोली लगाई और जेएसडब्ल्यू एनर्जी और टॉरेंट पावर को पीछे छोड़ दिया। जानकारी रखने वाले दो सूत्रों ने बताया कि 25 साल के लिए नवीकरणीय और ताप बिजली दोनों की आपूर्ति के लिए अदाणी समूह की बोली महाराष्ट्र द्वारा फिलहाल खरीदी जा रही बिजली की दर से एक रुपये यूनिट कम है। इससे राज्य को भविष्य की बिजली जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी।

### कारोबारी संदेश से तेज हो रही वृद्धि : मेटा इंडिया

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया क्षेत्र की दिग्गज कंपनी मेटा के लिए भारत वैश्विक स्तर पर उसके प्रमुख प्राथमिकता वाले बाजारों में है। मेटा इंडिया की उपाध्यक्ष संध्या देवनाथन ने यह बात कही है। उन्होंने कहा कि रील्स से लेकर कारोबारी संदेश तक कंपनी की पेशकश की बढ़ती लोकप्रियता और एआई टूल्स से वृद्धि को गति मिल रही है। देवनाथन ने बताया कि इंस्टाग्राम पर छोटी अवधि की वीडियो रील्स को देखने में भारत अग्रणी बाजार है।

### नायरा की घरेलू ईंधन बिक्री 14% बढ़ी, निर्यात घटा

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी निजी क्षेत्र की ईंधन खुदरा कंपनी नायरा एनर्जी की ईंधन बिक्री 2024 के कैलेंडर साल की दूसरी तिमाही में 14 .3 प्रतिशत बढ़ी है। हालांकि, इस दौरान कंपनी का निर्यात घटा है। नायरा ने कहा कि अप्रैल-जून तिमाही में उसने गुजरात में अपनी वाडिनार तेल रिफाइनरी में उत्पादित समस्त डीजल का 75 प्रतिशत स्थानीय बाजार में बेचा। वहीं 60 प्रतिशत पेट्रोल की बिक्री भारतीय बाजार में हुई। पिछले कुछ वर्षों में नायरा एनर्जी ने अपने ईंधन खुदरा नेटवर्क को रणनीतिक रूप से कम पहुंच वाले बाजारों तक विस्तारित करते हुए अपने घरेलू कारोबार को तेजी से आगे बढ़ाया है।

# माल ढुलाई की लागत, कंटेनर की कमी से निर्यात प्रभावित

## कंटेनर उत्पादन और कंपनियों की मजबूती पर काम कर रहा भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- जीटीआरआई ने कहा- कंपनियों के उपयोगिता से आपूर्ति शृंखला के जोखिम को कर सकते हैं कम

बढ़ती माल ढुलाई लागत, कंटेनर की कमी और प्रमुख निर्यात और विदेशी वाहक पर निर्भरता देश के निर्यात के लिए गंभीर चुनौतियां पेश कर रही हैं। शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने रविवार को कहा कि भारत घरेलू कंटेनर उत्पादन को बढ़ावा देने, स्थानीय निर्यात कंपनियों की भूमिका बढ़ाने, घरेलू कंटेनर के उपयोग को बढ़ावा देने और स्थानीय निर्यात कंपनियों को मजबूत करने के लिए कई रणनीतियों को लागू कर रहा है।

जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि भारत घरेलू कंटेनर उत्पादन को बढ़ावा देकर, स्थानीय स्तर पर निर्मित कंटेनर के उपयोग को प्रोत्साहित करके और माल परिवहन के लिए भारतीय निर्यात कंपनियों के उपयोग को बढ़ाकर वैश्विक आपूर्ति शृंखला व्यवधान के अपने जोखिम को कम कर सकता है। साल 2022 और 2024 के बीच, 40-फुट कंटेनर के लिए निर्यात दरों में काफी उतार-चढ़ाव आया है।

जीटीआरआई ने कहा कि 2022 में, कोविड महामारी के प्रभाव के कारण औसत लागत 4,942 डॉलर थी, जबकि 2024 तक दर 4,775 डॉलर के आसपास स्थिर हो गई थी। इसने कहा कि ये दरें अब भी महामारी-पूर्व के स्तर से काफी अधिक हैं। 2019 में यह लागत 1,420 डॉलर थी।

श्रीवास्तव ने कहा कि उच्च माल ढुलाई दरें आपूर्ति शृंखला की लगातार चुनौतियों को दर्शाती हैं, जो वैश्विक व्यापार पर बोझ बनी हुई हैं। चीन द्वारा अमेरिका और यूरोप को अपने निर्यात को अधिकतम करने के लिए कंटेनर की जमाखोरी करने की अपुष्ट खबरें मिली हैं।

# प्रमोटर प्लेज : एक निवेशक की दृष्टि से देखें...

प्रमोटर प्लेज वह प्रक्रिया है, जिसमें कंपनी के प्रमोटर अपनी कंपनी के शेयरों को ऋण के गारंटी के रूप में रखते हैं। यह वित्तीय दबाव या अतिरिक्त पूंजी की जरूरत का संकेत हो सकता है। शेयर बाजार में उच्च प्रमोटर प्लेज निवेशकों के लिए जोखिम पैदा कर सकता है, क्योंकि यह कंपनी की वित्तीय स्थिति और शेयरों के मूल्य पर प्रभाव डालता है। नए निवेशकों को प्रमोटर प्लेज की जानकारी कंपनी की वित्तीय रिपोर्टों और स्टॉक एक्सचेंज की साइटों से प्राप्त करनी चाहिए, ताकि वे समझ सकें कि यह उनके निवेश पर किस प्रकार का असर डाल सकता है।

**शेयर बाजार से संबंध**

**कंपनी की वित्तीय स्थिति :** प्रमोटर प्लेज आमतौर पर एक संकेत हो सकता है कि कंपनी को अपने ऑपरेशन्स के लिए अतिरिक्त धन की आवश्यकता है। उच्च प्रमोटर प्लेज की स्थिति निवेशकों को यह बताती है कि कंपनी की वित्तीय स्थिति तनावपूर्ण हो सकती है।

**शेयर की मूल्य पर प्रभाव :** जब प्रमोटर अपने शेयरों को गारंटी के रूप में जमा करते हैं, तो यह शेयरों के मूल्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है, विशेषकर अगर प्रमोटर का प्लेज स्तर उच्च हो और यदि कंपनी की स्थिति में गिरावट आए।

**अनुपात :** प्रमोटर प्लेज का अनुपात कंपनी की कुल शेयरधारिता के प्रतिशत में दिखाया जाता है। उदाहरण के लिए, एक प्रमोटर ने 40% शेयरों को प्लेज किया है, तो इसका मतलब है, 40% शेयर ऋण की गारंटी में जमा हैं।

**कॉर्पोरेट डिस्क्लोजर :** ये जानकारी कंपनी की वित्तीय रिपोर्टों या स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइटों पर होती है।



**शेयर का मूल्य :** यदि प्रमोटर द्वारा प्लेज किए गए शेयरों की मात्रा बहुत अधिक है और कंपनी की वित्तीय स्थिति में सुधार नहीं होता, तो यह शेयरों के मूल्य में गिरावट का कारण बन सकता है।

**शेयर की बिक्री :** प्रमोटर को ऋण चुकाने में कठिनाई होती है, तो गारंटी के तौर पर रखे शेयर बेचे जा सकते हैं, जिससे बाजार में शेयरों की अधिकता हो सकती है और मूल्य में गिरावट आ सकती है।

निवेशक कंपनियों की वेबसाइटों या स्टॉक एक्सचेंज की साइट से प्रमोटर प्लेज के स्तर की जांच कर सकते हैं।

**रेगुलेटरी फाइलिंग्स :** भारत में, कंपनियों को सेबी के नियमों के तहत प्रमोटर प्लेज की जानकारी को सार्वजनिक करना होता है। निवेशक इन फाइलिंग्स को देख सकते हैं।

**निवेश के दौरान जोखिम**

**वित्तीय दबाव :** उच्च प्रमोटर प्लेज निवेशकों के लिए एक संकेत हो सकता है कि कंपनी के प्रमोटर पर वित्तीय दबाव है, जो निवेशकों के लिए जोखिम उत्पन्न कर सकता है।

# प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए ग्राहकों की जरूरतों के अनुरूप ढालें बैंक : सीईए

**चेन्नई, एजेंसी**



- नागेश्वरन ने देश की आर्थिक वृद्धि को आगे बढ़ाने में कृषि की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला

मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने कहा है कि बैंकों को प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए ग्राहकों की बदलती जरूरतों और बाजार में आ रहे बदलावों के अनुरूप खुद को ढालना चाहिए। उन्होंने शनिवार को इंडियन बैंक के कार्यक्रम में आर्थिक वृद्धि को आगे बढ़ाने में कृषि की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

भारतीय अर्थव्यवस्था और बैंकिंग : वृद्धि और रुझान' विषय पर नागेश्वरन ने उद्योग में वृद्धि और नवोन्मेषण को बढ़ावा देने के लिए प्रौद्योगिकी में हुई प्रगति के महत्व को रेखांकित किया। बैंक के अनुसार, सीईए ने प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए बैंकों को बदलती ग्राहक प्राथमिकताओं और बाजार की गतिशीलता के अनुरूप खुद को ढालने का आह्वान किया। उउन्होंने उद्यमियों को प्रशिक्षित करने के बैंक के एमएसएमई प्रेरणा कार्यक्रम को भी सराहा। इंडियन बैंक के सीईओ एसएल जैन ने कहा कि डॉ. नागेश्वरन द्वारा भारतीय अर्थव्यवस्था और बैंकिंग क्षेत्र पर इसके प्रभाव को लेकर अपने जो विचार साझा किए गए हैं, उसका निश्चित रूप से सभी भागीदारों को लाभ होगा।

# स्वास्थ्य, जीवन बीमा पर कर की समीक्षा को मंत्री समूह का गठन

**नई दिल्ली।** जीएसटी परिषद ने रविवार को विभिन्न स्वास्थ्य और जीवन बीमा उत्पादों के प्रीमियम पर जीएसटी दर का सुझाव देने और 30 अक्टूबर तक रिपोर्ट देने के लिए 13 सदस्यीय मंत्रि समूह (जीओएम) का गठन किया। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी मंत्री समूह के संयोजक हैं।

इसमें उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, केरल, आंध्र प्रदेश, गोवा, गुजरात, मेघालय, पंजाब, तमिलनाडु और तेलंगाना के सदस्य हैं। नौ सितंबर को हुई जीएसटी परिषद की 54वीं बैठक में जीवन और चिकित्सा बीमा पर जीएसटी के मौजूदा कर ढांचे की जांच और समीक्षा के लिए मंत्री समूह गठित करने का फैसला हुआ था। बीमा प्रीमियम पर कराधान के बारे में परिषद द्वारा अंतिम फैसला नवंबर में होने वाली बैठक में मंत्री समूह की रिपोर्ट पर लेने की संभावना है। वर्तमान में बीमा प्रीमियम पर 18% जीएसटी लगाया जाता है।

# शीर्ष नौ कंपनियों की पूंजी दो लाख करोड़ बढ़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- सबसे अधिक लाभ में भारती एयरटेल रही

सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह 2,01,552.69 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में भारती एयरटेल रही।

भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 54,282.62 करोड़ बढ़कर 9,30,490.20 करोड़, आईसीआईसीआई बैंक 29,662.44 करोड़ बढ़कर 8,80,867.09 करोड़, टीसीएस 23,427.12 करोड़ बढ़कर 16,36,189.63 करोड़, हिंदुस्तान यूनिलीवर 22,438.6 करोड़ बढ़कर 6,89,358.33 करोड़, एचडीएफसी बैंक 22,093.99 करोड़ बढ़कर 12,70,035.77 करोड़, इन्फोसिस 17,480.49 करोड़ बढ़कर 8,07,299.55 करोड़, और आईटीसी 15,194.17 करोड़ बढ़कर 6,42,531.82 करोड़, रिलायंस इंडस्ट्रीज 9,878.19 करोड़ बढ़कर 19,92,160.61 करोड़, एसबीआई 7,095.07 करोड़ बढ़कर 7,05,535.20 करोड़ रहा। वहीं एलआईसी 3,004.38 करोड़ घटकर 6,54,004.76 करोड़ रह गई।

### एफपीआई ने निवेश किए 27,856 करोड़

**नई दिल्ली।** भारतीय बाजार की मजबूती तथा अमेरिका में ब्याज दर में कटौती की उम्मीद बढ़ने के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने सितंबर में स्थानीय शेयर बाजारों में शुद्ध रूप से 27,856 करोड़ का निवेश किया है। एफपीआई जून से भारतीय बाजार में लिवाल रहे हैं। इससे पहले अप्रैल-मई में उन्होंने शेयरों से 34,252 करोड़ निकाले थे। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक-प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि अब सभी का ध्यान अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की बैठक पर है।

## खेल डायरी

### मेस्सी के दो गोल से इंटर मियामी ने जीत दर्ज की



**फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका)।** लंबे समय बाद वापसी कर रहे स्टार खिलाड़ी लियोनल मेस्सी के दो गोल की मदद से इंटर मियामी ने मेजर लीग सॉकर में शनिवार को यहां फिलाडेल्फिया यूनियन को 3-1 से हराया। अर्जेन्टीना के स्टार खिलाड़ी मेस्सी राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं और 14 जुलाई को कोपा अमेरिका फाइनल में कोलंबिया के खिलाफ 1-0 की जीत के दौरान दाएं टखने में लगी चोट के कारण एक जून के बाद पहली बार इंटर मियामी की ओर से खेल रहे थे। मेस्सी ने 26वें और 30वें मिनट में गोल दागे और दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में लुई सुआरेज (90 प्लस आठ मिनट) के गोल में मदद भी की। फिलाडेल्फिया यूनियन की ओर से एकमात्र गोल मिखाइल उहरे ने दूसरे मिनट में किया।

### इंग्लैंड-ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टी20 मैच वर्षा से बाधित

**मैनचेस्टर।** इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा और अंतिम टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच रविवार को यहां बारिश के कारण रद्द कर दिया गया। इस तरह से तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर रही। ऑस्ट्रेलिया ने साउथम्पटन में खेला गया पहला मैच 28 रन से जीता था। इंग्लैंड ने कार्डिफ ने खेले गए दूसरे मैच में तीन विकेट से जीत दर्ज करके श्रृंखला बराबर की थी। अब इन दोनों टीम के बीच पांच मैच की वनडे श्रृंखला खेली जाएगी जिसका पहला मैच गुरुवार को ट्रेंट ब्रिज में होगा।


### लाहिड़ी चैंपियनशिप में संयुक्त 12वें स्थान पर खिसके

**शिकागो।** भारत के अनिर्बान लाहिड़ी शनिवार को यहां दूसरे दौर में एक ओवर 71 के स्कोर से 2024 लिव गोल्फ चैंपियनशिप में संयुक्त रूप से 12वें स्थान पर खिसक गए। लाहिड़ी ने दूसरे दिन दो बर्डी की लेकिन वह तीन बोगी भी कर गए। दो दिन के बाद उनका कुल स्कोर दो अंडर 36 है। लाहिड़ी ने पहले दौर में तीन अंडर 67 के स्कोर से टूर्नामेंट की शानदार शुरुआत की थी। जॉन राहम बोगी रहित छह अंडर 64 के स्कोर से कुल सात अंडर के स्कोर के साथ शीर्ष पर चल रहे हैं। सर्जियो गार्सिया उनसे एक शॉट पीछे छह अंडर के कुल स्कोर से दूसरे स्थान पर हैं।

### खेल पत्रकारिता में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की अपील

**काठमांडू।** एआईपीएस (खेल पत्रकारों का अंतर्राष्ट्रीय संघ) एशिया महिला मंच के यहां आयोजित विशेष सम्मेलन में खेल पत्रकारिता में महिला प्रतिनिधित्व बढ़ाने की आवश्यकता मुख्य मुद्दा रहा। यह विशेष कार्यक्रम एआईपीएस एशिया की 25वीं कांग्रेस के दौरान आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में इस विषय पर चर्चा की गई की क्या खेल पत्रकारिता में महिलाओं के अधिक भागीदारी की जरूरत है।

### एमबाप्पे और विनिसियस के गोल से मैड्रिड जीता



**बार्सीलोना।** काइलियान एमबाप्पे और विनिसियस जूनियर ने पेनल्टी को गोल में बदला जिससे रीयाल मैड्रिड ने ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में रीयाल सोसीदाद को 2-0 से हराया। सर्जियो गोमेज के हैंडबॉल करने के बाद मैड्रिड को पेनल्टी मिली जिसे विनिसियस ने 58वें मिनट में गोल में बदलकर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। मैड्रिड को सोसीदाद के डिफेंडर जॉन अरामबुरु के फाउल पर 75वें मिनट में एक और पेनल्टी मिली जिसे एमबाप्पे ने गोल में बदलकर टीम की 2-0 से जीत सुनिश्चित की। दिन के अन्य मुकाबालों में सेविला ने गेटाफे को 1-0 से हराया जबकि इस्पानयोल ने अलावेस को 3-2 से शिकस्त दी। विलारीयाल ने मालोर्का को 2-1 से हराया।

# भारत सेमीफाइनल में प्रबल दावेदार

## एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी: टूर्नामेंट में भारतीय टीम ने जीते हैं पांचों लीग मुकाबले

हुलुनबुइर (चीन), एजेंसी



शानदार फॉर्म में चल रही पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम सोमवार को यहां होने वाले एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) हॉकी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में कोरिया के खिलाफ प्रबल दावेदार होगी। भारतीय टीम ने अभी तक टूर्नामेंट में एक भी मैच नहीं गंवाया है, उसने पांचों लीग मैच जीते हैं।

हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम ने अपने अभियान की शुरुआत मेजबान चीन पर 3-0 की जीत के साथ की। इसके बाद उसने जापान को 5-1 और मलेशिया को 8-1 से मात दी। भारतीय टीम ने कोरिया को 3-1 से हराने के बाद चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर 2-1 से जीत हासिल की। भारतीय टीम का प्रदर्शन शानदार रहा है। खिलाड़ियों ने प्रत्येक विभाग में बेहतर खेल दिखाया है, फिर चाहे अग्रिम पंक्ति हो या मिडफील्ड हो या फिर रक्षण। लीग चरण में भारत के लिए स्ट्राइकरों का प्रदर्शन अद्भुत रहा है। पेरिस ओलंपिक में मैदानी गोल करना भारत के लिए चिंता का विषय बना हुआ था लेकिन यहां सुखजीत सिंह, अभिषेक, उत्तम सिंह, गुरजोत सिंह, अरिजीत सिंह हुंडाल और अन्य की युवा स्ट्राइकरों ने उम्मीदों से बेहतर प्रदर्शन किया है। युवा मिडफील्डर राज कुमार पाल ने भी कुछ अच्छे मैदानी गोल दागे। इसके अलावा अनुभवी मनप्रीत सिंह, उप कप्तान विवेक सागर प्रसाद और नीलकांत शर्मा ने मिडफील्ड में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। भारतीय डिफेंस भी दमदार रहा है जिसने केवल चार गोल गंवाये हैं। वहीं गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक और सूरज करकेरा ने टीम को करिश्माई पीआर श्रीजेश के संन्यास से पैदा हुए खालीपन को महसूस नहीं होने दिया। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ड्रैगफ्लिकर में से एक हरमनप्रीत ने पेरिस की अपनी अच्छी फॉर्म जारी रखते हुए पांच पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील किया। हरमनप्रीत को युवा जुगराज सिंह से अच्छा सहयोग मिल रहा है जो इस समय दुनिया के सबसे तेज ड्रैगफ्लिकर हैं। लेकिन नॉकआउट मुकाबला किसी भी टीम के लिए नयी शुरूआत होता है तो भारतीय टीम कोरिया को हल्के में लेने की गलती नहीं कर सकती क्योंकि प्रतिद्वंद्वी टीम का दिन अच्छा रहे तो वह हैरान कर सकती है। कोरिया ने मलेशिया के खिलाफ अंतिम समय में गोल कर वापसी की और 3-3 से ड्रॉ खेलकर अपनी सेमीफाइनल की उम्मीदों को जीवंत रखा। भारतीय डिफेंस को भी बहुत अधिक पेनल्टी कॉर्नर नहीं गंवाने के बारे में सतर्क रहना होगा क्योंकि सात गोल कर चुके टूर्नामेंट के शीर्ष स्कोरर जिहुन यांग के रूप में कोरिया के पास एक मजबूत ड्रैगफ्लिकर है। दिन के दूसरे सेमीफाइनल में पाकिस्तान का सामना मेजबान चीन से होगा। फाइनल मंगलवार को होना है। हरमनप्रीत ने अपनी टीम के साथी खिलाड़ियों को चेताया भी कि वे कोरिया को हल्के में नहीं लें, भले ही उनकी टीम ने इस टूर्नामेंट में अब तक शानदार प्रदर्शन किया हो।

## सलीमा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट अंपायर नामित होने वाली पहली पाकिस्तानी महिला बनीं

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने रविवार को बताया कि सलीमा इम्तियाज अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के डेवलपमेंट अंपायरों के अंतर्राष्ट्रीय पैनल में नामित होने वाली पहली पाकिस्तानी महिला बन गई हैं। पैनल में सलीमा के नामांकन का मतलब है कि अब वह महिलाओं के द्विपक्षीय अंतर्राष्ट्रीय मैचों और आईसीसी की महिला प्रतियोगिताओं में अंपायरिंग करने की पात्र हैं। सलीमा ने एक बयान में कहा, यह सिर्फ मेरी जीत नहीं है, यह पाकिस्तान की हर महत्वाकांक्षी महिला क्रिकेटर और अंपायर की जीत है। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि मेरी सफलता उन अनगिनत महिलाओं को प्रेरित करेगी जो खेल में अपनी पहचान बनाने का सपना देखती हैं। यह क्षण क्रिकेट में महिलाओं के बढ़ते प्रभाव और उस विकास को बढ़ावा देने के लिए पीसीबी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सलीमा की बेटी कैनात ने पाकिस्तान के लिए 40 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले जिसमें 19 एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय और 21 टी20 शामिल हैं।



## चोटिल बटलर की जगह ब्रूक बने इंग्लैंड के कप्तान

लंदन, एजेंसी

- 2018 में अंडर-19 विश्व कप में भी इंग्लैंड के कप्तान थे ब्रूक



ऑस्ट्रेलिया के साथ होने वाली पांच मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला से चोटिल जॉस बटलर बाहर हो गये है और उनकी जगह हैरी ब्रूक को इंग्लैंड टीम का कप्तान बनाया गया है। ब्रूक ने इससे पहले भी कई बार कप्तानी की भूमिका निभाई है। वह 2018 में अंडर-19 विश्व कप में भी इंग्लैंड के कप्तान थे। वह 2022 में टी20 ब्लास्ट में यॉर्कशर के लिए चार मैचों में कप्तान बनाये गये थे और इस वर्ष द हंड्रेड में नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स की कप्तानी की। उनकी कप्तानी में टीम ने छह में से पांच मैच जीते लेकिन नॉकआउट स्टेज से मामूली अंतर से चूक गई।

श्रीलंका पर 2-1 से मिली टेस्ट श्रृंखला जीत में भी वह टीम के उपकप्तान थे, टीम प्रबंधन उनको लंबे समय कप्तान के विकल्प के तौर पर देख रहा है। फिल सॉल्ट मौजूदा टी-20 श्रृंखला में कप्तानी संभाल रहे हैं। बटलर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रही टी-20 सीरीज में इंग्लैंड टीम के साथ हैं और उनके नवंबर में कैरेबियाई दौरे पर वापसी करने की उम्मीद है। पहले दो टी-20 में लिविंगस्टन के प्रदर्शन को देखते हुए उनकी एकदिवसीय टीम में वापसी हुई है। इंग्लैंड ने यह भी पुष्टि की कि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जॉश हल चोट के कारण एकदिवसीय सीरीज का हिस्सा नहीं होंगे।

## हाथ में फ्रैक्चर के बावजूद फाइनल में खेले नीरज

ब्रसेल्स, एजेंसी

**चोपड़ा का खुलासा**

- बताया कि ट्रेनिंग के दौरान हुआ था बाएं हाथ में फ्रैक्चर

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने रविवार को खुलासा किया कि उन्होंने बाएं हाथ में फ्रैक्चर के बावजूद डायमंड लीग सत्र के फाइनल में हिस्सा लिया। वह दाएं हाथ से भाला फेंकते हैं और यह फ्रैक्चर ट्रेनिंग के दौरान हुआ था।

चोपड़ा शनिवार को डायमंड लीग का खिताब जीतने के बेहद करीब पहुंच गए थे लेकिन एक सेंटीमीटर से चूक गए और लगातार दूसरे साल 87.86 मीटर के थ्रो से दूसरे स्थान पर रहे। चोपड़ा (26 वर्ष) ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कहा, सोमवार को अभ्यास के दौरान मैं चोटिल हो गया था और एक्स-रे से पता चला कि मेरे बाएं हाथ की (चौथी मेटाकार्पल) हड्डी में फ्रैक्चर है। यह मेरे लिए एक और दर्दनाक चुनौती थी। लेकिन अपनी टीम की मदद से मैं ब्रसेल्स में भाग लेने में सफल रहा। मेटाकार्पल हथेली की वो हड्डियां होती हैं जो हाथ में उंगलियों और कलाई के बीच होती हैं। प्रत्येक हाथ में पांच मेटाकार्पल होते हैं जिनमें से प्रत्येक हड्डी एक विशिष्ट उंगली से जुड़ी होती है। चोपड़ा अपने दाहिने हाथ से भाला फेंकते हैं। वह ग्रेनेडा के दो बार के विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स से पीछे रहे जिन्होंने अपने पहले प्रयास में 87.87 मीटर दूर भाला फेंककर स्वर्ण पदक जीता। चोपड़ा ने 2022 में खिताब जीता था और इसके बाद लगातार दूसरी बार डायमंड लीग फाइनल उपविजेता रहे। वह आम तौर पर भाला छोड़ने के बाद 'फॉलो थ्रू' में अपनी बाई हथेली को जमीन पर छूते हुए गिरते हैं। शनिवार को अपने सभी छह प्रयासों में चोपड़ा नीचे गिरने और अपनी बाई हथेली को जमीन से छूने से बचते रहे। हरियाणा का यह एथलीट इस सत्र में फिटनेस से जूझता रहा है और उम्मीद है कि वह ग्रोइन चोट को ठीक करने के लिए डॉक्टर से मिलेंगे जिसने उन्हें पूरे सत्र में प्रभावित किया। अब उन्हें हाथ में चोट लग गई है और उन्होंने इसके बारे में ज़्यादा विस्तार से नहीं बताया। इस फ्रैक्चर को ठीक होने में कुछ महीने लगेंगे। तोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने के बाद पेरिस खेलों में रजत जोड़कर उन्होंने सत्र का शानदार अंत किया। लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि वह सत्र में अपनी उम्मीदों पर खरा नहीं उतर सके। उन्होंने कहा, यह साल का अंतिम टूर्नामेंट था। मैं अपनी ही उम्मीदों पर खरा नहीं उतर सका। लेकिन मुझे लगता है कि यह एक ऐसा सत्र था जिसमें मैंने बहुत कुछ सीखा। अब मैं पूरी तरह से फिट होकर वापसी कर खेलने के लिए तैयार हूं।

सत्र के बारे में उन्होंने कहा, 2024 सत्र समाप्त हो गया है तो मैं साल भर में सीखी गई सभी चीजों को देखता हूं जिसमें सुधार, असफलतायें, मानसिकता और बहुत कुछ शामिल हैं। मैं आप सभी को आपके प्रोत्साहन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। 2024 ने मुझे एक बेहतर एथलीट और इंसान बनाया है।



## भारतीय एफटू ड्राइवर हादसे में बचे

बाकू, एजेंसी

- फार्मूला वन के अजरबैजान ग्रां प्री से पहले फॉर्मूला टू रेस के शुरुआती लैप में घटी दुर्घटना



भारतीय ड्राइवर कुश मैनी रविवार को यहां फार्मूला टू रेस के दौरान एक गंभीर दुर्घटना में बाल-बाल बच गए। फार्मूला टू रेस को फार्मूला वन रेस का सहायक रेस माना जाता है। यह भीषण दुर्घटना फार्मूला वन के अजरबैजान ग्रां प्री से पहले फॉर्मूला टू रेस के शुरुआती लैप में घटी। इस 23 साल के भारतीय ड्राइवर की कार अचानक रूक गयी और पीछे से आ रहे उनके साथी ड्राइवरों जोसेप मारिया मार्टी और ओलिवर गोएथे की कारें उनकी कार से टकरा गयी। इस भीषण दुर्घटना में कुश की कार का पिछला हिस्सा पूरी तरह से नष्ट हो गया लेकिन वह सुरक्षित रूप से बाहर निकलने में सफल रहे।

कुश के पिता गौतम ने एजेंसी से पुष्टि की कि उनका बेटा ठीक है। उन्होंने कहा, वह ठीक हैं। मानक प्रोटोकॉल के तहत कुश की सभी मेडिकल जांच की गई और सभी रिपोर्ट सामान्य हैं। कुश फार्मूला टू रेस में इनविक्टा रेसिंग टीम का प्रतिनिधित्व करते हैं। वह मौजूदा सत्र की तालिका में वह 11वें स्थान पर है। पिछले दो दशकों में मोटरस्पोर्ट में सुरक्षा में काफी सुधार हुआ है लेकिन यह खेल खतरनाक बना हुआ है। फॉर्मूला टू ड्राइवर एंथोइन ह्यूबर्ट की 2019 में बेल्जियम के प्रतिष्ठित स्पा फ्रैंकोरचैम्प्स सर्किट में एक दुर्घटना के बाद चोटों के कारण मौत हो गई थी। फ्रांस का यह खिलाड़ी उस समय महज 22 साल का था।

## शुभमन को दिया जाएगा आराम

नई दिल्ली, एजेंसी

- तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले गिल टीम के शीर्ष क्रम में अहम खिलाड़ी

भारतीय उपकप्तान शुभमन गिल उन प्रमुख खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की कार्यभार प्रबंधन नीति के तहत बांग्लादेश के खिलाफ सात अक्टूबर से शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला के लिए आराम दिया जाएगा। टेस्ट मैचों में भारत के लिए तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले गिल, रोहित शर्मा, विराट कोहली और यशस्वी जायसवाल के साथ टीम के शीर्ष क्रम में अहम खिलाड़ी हैं।

न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला को ध्यान में रखते हुए गिल के अलावा कुछ और महत्वपूर्ण खिलाड़ियों को भी आराम दिया जाएगा। भारत अपने आगामी अंतर्राष्ट्रीय सत्र की शुरुआत 19 सितंबर से चेन्नई में बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के साथ करेगा जिसका दूसरा टेस्ट 27 सितंबर से कानपुर में खेला जाएगा। बीसीसीआई के एक सूत्र ने नाम गोपनीय रखने की शर्त पर पीटीआई को बताया, हां, शुभमन को बांग्लादेश के खिलाफ टी20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला के लिए आराम दिया जाएगा। तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय सात अक्टूबर (ग्वालियर), 10 अक्तूबर (दिल्ली) और 13 अक्तूबर (हैदराबाद) को खेले जाएंगे।

## रामकुमार-बालाजी की जोड़ी और सिद्धार्थ हारे, स्वीडन से हारा भारत

स्टॉकहोम, एजेंसी

**डेविस कप**

रामकुमार रामनाथन और एन श्रीराम बालाजी टुकड़ों में ही अच्छा प्रदर्शन कर पाए तथा पुरुष युगल के करो या मरो मैच में हार गए जबकि सिद्धार्थ विश्वकर्मा भी पहले उलट एकल में कोई कमाल नहीं दिखा पाए जिससे स्वीडन ने भारत के खिलाफ रविवार को यहां डेविस कप विश्व ग्रुप एक के इस मुकाबले में 4-0 की अजेय बढ़त हासिल की।

भारत शनिवार को दोनों एकल मैच हार गया था और मुकाबले में बने रहने के लिए उसे पुरुष युगल में जीत की जरूरत थी, लेकिन रामकुमार और बालाजी एक घंटे और 19 मिनट तक चले मैच में आंद्रे गोरानसन और फिलिप बर्गेवी से 3-6, 4-6 से हार गए। इस तरह से भारत का स्वीडन के खिलाफ डेविस कप में निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा। यह उसकी स्वीडन के हाथों छठी हार है। इससे उलट एकल के मैच औपचारिक बन गए थे लेकिन कप्तान रोहित राजपाल ने पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन सिद्धार्थ को आजमाने का फैसला किया। भारत की तरफ से डेविस कप में पदार्पण कर रहे सिद्धार्थ कोई कमाल नहीं दिखा पाए और इलियास यामेर से 2-6, 2-6 से हार गए। भारत के पास स्वीडन को हराने का यह सर्वश्रेष्ठ अवसर था क्योंकि मेजबान देश ने अपनी कमजोर टीम को उतारा था।

## बॉलीवुड हलचल

### करीना कपूर फिल्म फेस्टिवल का होगा आयोजन !

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर पर आधारित फिल्म फेस्टिबल का आयोजन किया जा सकता है। करीना कपूर ने बॉलीवुड में अपने करियर की शुरूआत वर्ष 2000 में प्रदर्शित फिल्म रिफ्यूजी से की थी। इसी फिल्म से अभिषेक बच्चन ने भी अपने सिने करियर की शुरूआत की थी। करीना कपूर को फिल्म इंडस्ट्री में आये हुये करीब 25 वर्ष हो गये हैं और इस दौरान करीना ने कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। कहा जा रहा है कि करीना कपूर को एक स्पेशल ट्रिब्यूट दिया जायेगा ।उनके नाम एक फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा। यह पहली बार होगा, जब बॉलीवुड की किसी अभिनेत्री के 25 साल पूरे होने पर उसके नाम फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा। इसके पहले अभिनय सम्राट दिलीप कुमार और महानायक अमिताभ बच्चन को इस तरह का ट्रिब्यूट दिया गया है। वर्ष 2022 में दिलीप कुमार की 100वीं बर्थ एनिवर्सरी पर 'हीरो ऑफ हीरोज' नाम से फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया गया था। इसके बाद अमिताभ बच्चन के 80वें जन्मदिन पर हेरिटेज फाउंडेशन ने चार दिवसीय फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया था।



### प्रियंका की मराठी फिल्म का टीजर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा निर्मित फिल्म पाणी का टीजर रिलीज हो गया है। प्रियंका चोपड़ा और उनकी मां मधु चोपड़ा ने फिल्म पाणी का निर्माण किया है। इस फिल्म को प्रियंका चोपड़ा की प्रोडक्शन कंपनी 'पर्पल पेबल पिक्चर्स' के बैनर तले प्रोड्यूस किया गया है। यह फिल्म महाराष्ट्र के नांदेड़ के सूखाग्रस्त गांव नागदेरवाड़ी पर आधारित है। मराठी फिल्म पाणी का टीजर रिलीज कर दिया गया है। टीजर में आमिर खान की भी झलक देखने को मिली है। प्रियंका चोपड़ा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पाणी के टीजर को शेयर किया है। उन्होंने कैप्शन में लिखा है कि, यह एक कहानी से कहीं अधिक है. यह अस्तित्व की लड़ाई है। फिल्म पाणी का निर्देशन आदिनाथ कोठारे ने किया हैजो इस फिल्म में मुख्य भूमिका में भी हैं। वहीं फिल्म में सुबोध भावे, किशोर कदम और रुचा वैद्य भी अहम रोल में हैं। यह फिल्म सिनेमाघरों में 18 अक्टूबर 2024 को रिलीज होगी। प्रियंका चोपड़ा ने कहा, पर्पल पेबल पिक्चर्स के माध्यम से हम ऐसी कहानियां लाना चाहते हैं, जिन्हें सुनने की जरूरत है और ऐसी कहानियां जो चिंताओं पर ध्यान केंद्रित करती हैं और हमारी फिल्म पाणी उन सभी चीजों का प्रतीक है, जिन पर हम विश्वास करते हैं। यह फिल्म खास है और आज के समय के लिए है। कहानी आपको प्रभावित करेगी, प्रेरित करेगी। मैं बेहद रोमांचित हूं और लोगों द्वारा इसे देखने का इंतजार नहीं कर सकती।



### कश्मीर में लैला के नाम से मशहूर है तृप्ति डिमरी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी कश्मीर में लैला के नाम से मशहूर है। तृप्ति डिमरी की फिल्म लैला मजनू वर्ष 2018 में प्रदर्शित हुई थी। उस वक्त यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर खास कमाल नहीं कर पाई थी। हाल ही में इस फिल्म को दोबारा रिलीज किया गया, जिसे दर्शकों ने बेहद पसंद किया। तृप्ति डिमरी ने बताया,आज भी मैं अगर कभी कश्मीर जाती हूं, तो वहां के लोग मुझे लैला ही बुलाते हैं। फिल्म लैला मजनू की शूटिंग जम्मू-कश्मीर में हुई है। मैं खुश हूं कि लोग मेरे किरदार से आज भी इतना जुड़े हैं। मेरे लिए यही सफलता है। बॉक्स ऑफिस के नंबर से ज्यादा लोगों का प्यार काम करता है। जब लैला मजनू रिलीज हुयी थी, तब मुझे लगा था कि यह तो जरूर हिट होगी। मैं बहुत नई थी, मुझे नहीं पता था कि इंडस्ट्री में काम कैसे होता है। मुझे लगा था कि मैं बड़ी स्टार बन जाऊंगी और लोग मुझे पहचानने लगेंगे, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। फिल्म के छह साल बाद भी ऐसा एक भी दिन नहीं गया, जब मुझे उस फिल्म के लिए मैसेज नहीं आता है या मैं किसी से कहीं टकरा जाऊं, तो लैला मजनू का जिक्र न हो।

## दलीप ट्रॉफी: इंडिया ए ने इंडिया डी को 186 रनों से दी मात

अनंतपुर, एजेंसी

- इंडिया ए ने इंडिया डी को दिया था 488 रनों का लक्ष्य

तनुष कोटियान (चार विकेट) और शम्स मुलानी (तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत इंडिया ए ने दलीप ट्रॉफी के तीसरे मैच के चौथे दिन रविवार को इंडिया डी को 186 रनों से हरा दिया है। रविवार को इंडिया डी ने कल के एक विकेट पर 63 से आगे खेलना शुरु किया, इसी दौरान 30 ओवर में जब टीम का स्कोर 102 रन था यश दुबे (37) दुभाग्यपूर्ण तरीके से रनआउट हो गये। इसके बाद शम्स मुलानी देवदत्त पड़िक्कल (1) को बोल्ड कर इंडिया डी को तीसरा झटका दिया।

कप्तान श्रेयस अय्यर ने रिंकू भुई के साथ मिलकर कुछ देर पारी को सभाला, लेकिन 47वें ओवर में मुलानी ने अय्यर (41) को अपना शिकार बनाकर बड़ी हो रही साझेदारी को तोड़ा। संजू सैमसन (40) भी मुलानी का शिकार बने। सारांश जैन (5) को तनुष कोटियान ने आउट किया। उसके बाद तनुष कोटियान ने रिंकू भुई (113) को आउट कर इंडिया डी की उम्मीदों को ध्वस्त कर दिया। इससे पहले प्रथम सिंह (122) और तिलक वर्मा (111 नाबाद) के बीच शतकीय भागीदारी की मदद से इंडिया ए ने दलीप ट्राफी मुकाबले के तीसरे दिन शनिवार को तीन विकेट पर 380 रन पर पारी घोषित कर इंडिया डी 488 रनों का लक्ष्य दिया था।

### इंडिया बी बनाम इंडिया सी मुकाबला रहा ड्रा

**अनंतपुर।** कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ (62) और रजत पाटीदार (42) की जुझारू पारियों के बाद रविवार को दलीप ट्रॉफी के चौथे मैच के आखिरी दिन इंडिया 'बी' बनाम इंडिया 'सी' मुकाबले को ड्रा घोषित कर दिया गया। इससे पहले इंडिया 'बी' के लिए कप्तान ईश्वरन ने 14 चौकों और एक छक्के की मदद से (नाबाद 157) रनों की पारी खेली थी। उन्होंने नारायण जगदीशन (70) के साथ 129 रन की साझीदारी की थी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

